GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-06-2024

# भाई को छत से फेंकने वाला गिरफ्तार

**खोराबार (एसएनबी)।** जमीन और रुपए को लेकर हुए विवाद के बाद छोटे भाई नन्दपाल ने अपने बड़े भाई ईश्वर चंद पासवान को शुक्रवार की रात छत से नीचे फेंक दिया जिससे उसकी मौत हो गयी थी। मृतक की पत्नी आशा देवी के तहरीर पर पुलिस नन्दपाल के खिलाफ हत्या व धमकी का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया तथा कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सोनवे ढोलवजवा निवासी ईश्वरचंद व नन्दपाल सगे भाई थे। शुक्रवार की रात खेत की जमीन व रुपए को लेकर दोनों भाइयों में कहासुनी होने लगी। मृत की पत्नी आशा का आरोप है कि नन्दपाल ने बड़े भाई ईश्वर चंद को छत से फेंक दिया जिससे वह सिर के बल गिर पड़े और तत्काल मौके पर ही उनकी मौत हो गई। महिला ने तहरीर में लिखा है कि शुक्रवार को उसके पति छत पर आराम कर रहे थे तभी देवर नन्दपाल कहीं से घुमकर आया और खेत की जमीन के लिए कहासुनी करने लगा। उसी दौरान वह अपना दिया हुआ दो लाख रुपए बड़े भाई से मांग करने लगा। उसने कहा कि आप मुझे अपनी सारी जमीन बैनामा कर दो।

# तीन के खिलाफ धोखाधड़ी जालसाजी का मुकदमा

**पिपराइच (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आराजी चौरी में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन व मकान की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में तीन लोगों पर धोखाधड़ी और जालसाजी का केस पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

**■ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन-मकान फर्जी तरीके से करा लिया रजिस्ट्री, पिपराइच पुलिस कर रही है मामले की जांच**

आराजी चौरी निवासी चंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि 22 डिस्मिल जमीन जिसमें मेरा मकान भी है, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बांसगांव निवासी हरेन्द्र कुमार ने 4 अप्रैल को मेरे जमीन व मकान की चौहद्दी दिखाकर एम्स थाना क्षेत्र के दिव्यनगर माधव झारखंडी निवासी दो सगे भाईयों रविकेश गुप्ता व रामबेलास गुप्ता के नाम रजिस्ट्री बैनामा कर दिया। जानकारी होने पर मैंने चौहद्दी सही कराने की बात कही तो फर्जी करने वालों ने मारने-पीटने तथा मकान गिराने की धमकी दी। दबंगों के डर से चंद्र प्रताप सिंह ने जालसाजी और धोखाधड़ी की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। इस प्रकरण की जांच सीओ चौरीचौरा ने किया। इसके बाद पिपराइच पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 419,420,504 एवं 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# अपहरण के अभियुक्त के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**झंगहा( एसएनबी )।** झंगहा थाना पर पंजीकृत मुकदमे में फरार चल रहे इसी थानाक्षेत्र के बरही निवासी अभियुक्त विकास मौर्या पुत्र विजय प्रकाश मौर्या के घर रविवार को झंगहा पुलिस ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए डुग्गी मुनादी कराकर धारा 82 तहत जारी कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

फरार चल रहे विकास मौर्या के खिलाफ झंगहा थाना में धारा 363, 506 के तहत मुकदमा दर्ज है। झंगहा पुलिस ने अभियुक्त को पकड़ने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन फरार चल रहा अभियुक्त विकास मौर्या न तो पुलिस के पकड़ में आया और न ही न्यायालय में प्रस्तुत हुआ। अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर परेशान झंगहा थाना के एसआई और विवेचक राजेश यादव के आवेदन पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नम्बर तीन ने फरार अभियुक्त के खिलाफ धारा 82 के तहत नोटिस जारी करते हुए उसके अनुपालन का आदेश जारी किया। जिसका पालन करते हुए झंगहा के विवेचक एसआई राजेश यादव ने रमेश चौधरी, ज्योति नारायण तिवारी, कांस्टेबल राजकुमार सिंह व विकास कुमार के साथ अभियुक्त के घर बरही में डुग्गी मुनादी कर कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

**बहला-फुसला भगा ले गया, केस :** एम्स थाना क्षेत्र अन्तर्गत भगता के रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर दिया है कि मेरे गांव के बगल के गाँव के रहने वाले एक युवक द्वारा मेरी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाया गया है। पूछताछ करने पर आरोपी जानमाल की धमकी दे रहा है। **नंदानगर प्रतिनिधि** के अनुसार युवती के पिता ने बताया है कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री एक स्थानीय स्कूल में पढ़ती है। बीते 6 जून को वह घर से सिलाई की बात कहकर निकली थी लेकिन रास्ते में बगल के रामपुर गांव का रहने वाला युवक सुधीर पुत्र भोला उसे बहला-फुसला कर भगा ले गया। एम्स पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 366 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** अपने मायका ताजपिपरा की रहने वाली तनु की तहरीर पर पिपराइच पुलिस ने पति समेत पांच के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपिपरा निवासी तनु पुत्री दिनेश की शादी कुशीनगर जनपद के हाटा नगर पंचायत वार्ड नम्बर 25 निवासी सोनू मद्धेशिया पुत्र पप्पू के साथ दिसम्बर 023 में हुई थी। पन्द्रह दिन तक सब कुछ ठीक रहा लेकिन उसके बाद एक लाख रुपए, बुलेट व एसी की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा।

9 जुन की सुबह नौ बजे ससुरालियों ने दहेज को लेकर विवाहिता को मारपीट घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति सोनू ,सास सरोजा , सुसुर पप्पू , ननद अंजना व बंदना के विरुद्ध 323, 504, 506, 498ए एवं 3/4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर रुपये हड़पने का आरोप

जासं, गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र के परसिया निवासी रमेश चंद भारती का आरोप है कि मोहिउद्दीनपुर के एक व्यक्ति ने दो वर्ष पहले फर्टिलाइजर में नौकरी दिलाने के लिए 10 लोगों से चार लाख रुपये लिए थे। एक वर्ष बीतने के बाद नौकरी नहीं मिली। उसी समय विदेश भेजने का झांसा देकर रमेश से एक लाख पैंतीस हजार रुपया और ले लिया।

एक वर्ष तक इंतजार करने के बाद भी पीड़ित विदेश नहीं जा पाया तो इसकी शिकायत अधिकारियों से की। अब आरोपित जान से मारने की धमकी देने लगा।

शनिवार को पीड़ित युवक गुलरिहा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## जालसाजी और आइटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

जासं, उनवल : खजनी थाना क्षेत्र के छताईं गांव के चंद्रशेखर के मोबाइल पर जालसाज ने फोन कर एचडीएफसी बैंक से संबंधित जानकारी लेते हुए ओटीपी पूछ लिया और उनके क्रेडिट कार्ड से 97 हजार चार सौ सोलह रुपये उड़ा दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जालसाजी और आइटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

# खराब मुर्गी दाना देकर हड़प लिए 3.35 लाख, कोर्ट के आदेश पर केस

**हरपुरबुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भलुआ निवासी एक मुर्गी फार्म संचालक से 3.35 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर हरपुर बुदहट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

ग्राम पंचायत भलुआ निवासी मुर्गी फार्म संचालक बृजेश कुमार पुत्र त्रिलोकी नाथ ने कोर्ट में 156 (3) के तहत दिए गए प्रार्थना-पत्र में लिखा है कि वह मुर्गी फार्म चलाते है। वह हरैया थाना गीड़ा स्थित रामजानकी ट्रेडर्स के यहां काम करने वाले कर्मचारी अविनाश मिश्रा से मुर्गी दाना लेते थे। बीते 1 सितम्बर और 4 सितम्बर 2023 को 172 बैग मुर्गी दाना लिया उसका पेमेंट 3, लाख 35 हजार रुपये अविनाश मिश्रा को दिया। जब घर आकर बैग खोला तो मुर्गी दाना खराब था ,तो अविनाश मिश्रा को फोन कर शिकायत किया तो उन्होंने कहा कि कंपनी में बात करके उसे बदलवा दिया जाएगा। खराब दाने का पैसा भी नही देना पड़ेगा। पर अविनाश मिश्रा ने धोखाधड़ी करते हुए ना तो खराब दाना बदलवाया ना ही पैसा वापस किया। पीड़ित का कहना है कि उसका कुछ चेक भी अविनाश मिश्रा ने रख लिया है। पीड़ित ने इसकी सूचना हरपुर बुदहट पुलिस, एसएसपी सहित मेसर्स रामजानकी ट्रेडर्स के प्रबन्धक को भी दिया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। उल्टे उसे धमकी दी जा रही है। पीड़ित न्यायालय पहुंचा तब हरपुर बुदहट पुलिस ने रामजानकी ट्रेडर्स डिपो हरैया गीडा में कार्यरत अविनाश मिश्रा सहित कुछ अज्ञात लोगों पर धारा 406,506,504 के तहत केस दर्ज किया है। इस मामले में सीओ अनुराग कुमार का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना के बाद ही सही तथ्यों की जानकारी हो सकेगी।

- रामजानकी ट्रेडर्स के कर्मचारी अविनाश मिश्रा ने कहा था कि खराब दाना है तो उसका पैसा नहीं देना होगा, पर लिया गया पैसा वापस नहीं किया
- पीड़ित का कहना है कि उसका कुछ चेक भी अविनाश मिश्रा ने रख लिया
- सिपाही पर धमकाने का आरोप

**सिपाही पर धमकाने का आरोप :** पीड़ित मुर्गी फार्म संचालक बृजेश कुमार ने आरोपी अविनाश मिश्रा से हरपुर बुदहट थाने के एक सिपाही से मिलकर धमकाने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि थाने के सीपाही सुधाकर द्वारा अपने मोबाइल नम्बर से मेरे मोबाइल नम्बर पर फोन करके अनावश्यक दबाव बनाने और अंजाम भुगतने की धमकी दी। सिपाही के खौफ से प्रार्थना- पत्र देने के बाद भी वह थाने पर नहीं गए।

# दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मुकदमा

जासं, गोला : थाना क्षेत्र के एक गांव में आम तोड़ने के विवाद में शनिवार की सुबह दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष ने मारपीट जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है तो दूसरे पक्ष ने बलवा मारपीट और छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया। एक पक्ष की महिला की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर दी गई तहरीर में छह नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# भाई के हत्यारोपित को भेजा जेल

जासं, गोरखपुर : छोटे भाई की हत्या करने के आरोपित नंदपाल को खोराबार थाना पुलिस रविवार की शाम रिमांड मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। भूमि विवाद में मारपीट होने के बाद आरोपित ने छोटे भाई को छत से नीचे धकेल दिया था। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई थी।

खोराबार के सोनवे ढोलबजवा गांव के रहने वाले ईश्वर चंद का अपने बड़े भाई नंदपाल से भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद था। इसको लेकर कई बार मारपीट हुई थी। शुक्रवार की रात में विवाद होने पर नंदपाल ने ईश्वर चंद को छत से नीचे धकेल दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। ईश्वर की पत्नी आशा देवी ने खोराबार थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बड़े भाई नंदपाल दो लाख रुपये में भूमि बैनामा करने का दबाव बना रहे थे। बात न मानने पर मारते-पीटते थे। शुक्रवार की रात में छत पर आराम कर रहे उनके पति को पीटने के बाद छत से नीचे धकेल दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि जांच में आरोप की पुष्टि होने पर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# आरोपित के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

जासं, झंगहा : थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश विकास मौर्य के घर व सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा कराया। रविवार की दोपहर मुनादी कराई गई। विकास मौर्य 18 मार्च, 2023 को क्षेत्र की एक किशोरी का अपहरण कर लिया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज है। किशोरी को बरामद कर झंगहा पुलिस ने विकास मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। छूटने के बाद नौ दिसंबर, 2023 को विकास मौर्य फिर किशोरी का अपहरण कर फरार हो गया।

# सीबीआइ इंस्पेक्टर समेत 14 लोगों पर जालसाजी का मुकदमा

- मुंबई में रहने वाले व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ा करके भूमि बैनामा कराया
- विरोध पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप, कैंट पुलिस कर रही जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मुंबई में पेंट पालिश करने वाले व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ा करके जालसाजों ने भूमि बैनामा कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित घर आया और अपनी भूमि पर गया तो आरोपित जान से मारने की धमकी देने लगे। एसएसपी के आदेश पर कैंट थाना पुलिस ने सीबीआइ के इंस्पेक्टर समेत 14 लोगों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज किया है।

झंगहा के जंगल गौरी नंबर एक गांव में रहने वाले लालचन्द निषाद ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि वह मुंबई में रहकर पेंट पालिश करता है। उसने महादेव झारखंडी में एक भूमि ली जिसकी बाउंड्री कराया था, लेकिन आरोपितों ने उसकी जगह दूसरे को खड़ा करके फर्जी तरीके से भूमि बैनामा करा लिया। तहरीर के आधार पर कैंट थाना पुलिस ने सहजनवां के नेवास में रहने वाले दिलीप कुमार त्रिपाठी, अंजना त्रिपाठी पत्नी लक्ष्मी नारायण, बड़गो में रहने वाले सीबीआइ इंस्पेक्टर महंत यादव, कैंपियरगंज के पोखरभिंडा में रहने वाली प्रियंका पाठक, सिद्धार्थनगर के बंजरहा बुजुर्ग में रहने वाले शेख जुनैद अहमद, महाराष्ट की रेखा मिश्रा, बांसगांव की शशि उपाध्याय, सीमा पांडेय, निशा, लक्ष्मी नारायण, कमलेश, प्रमोद, सिकन्दर पर मुकदमा दर्ज किया है।

## खराव मुर्गी का दाना देकर हड़प लिया 3.35 लाख रुपये

हरपुर-बुदहट : थाना क्षेत्र के भलुआ निवासी मुर्गी फार्म संचालक को एक फर्म ने खराब दाना देकर 3.35 लाख रुपये हड़प लिये। रविवार को कोर्ट के आदेश पर हरपुर बुदहट पुलिस ने रामजानकी ट्रेडर्स डिपो हरैया गीडा में कार्यरत अविनाश मिश्रा समेत कुछ अज्ञात पर केस दर्ज किया। भलुआ निवासी बृजेश कुमार ने कोर्ट को बताया कि वह मुर्गी फार्म चलाते हैं। गीडा थाना क्षेत्र के हरैया में स्थित रामजानकी ट्रेडर्स के यहां काम करने वाले कर्मचारी अविनाश मिश्रा से मुर्गी का दाना लेते थे। एक सितंबर और चार सितंबर, 2023 को उससे 172 बैग मुर्गी दाना लेकर 3.35 लाख रुपये उसे दिया। जब घर आकर बैग खोला तो मुर्गी दाना खराब निकला। इसके बाद जब अविनाश को फोन कर शिकायत किया तो उन्होंने कहा कि कंपनी में बात करके उसे बदलवा दिया जाएगा। लेकिन आरोपित ने न दाना बदलवाया और न ही रुपये वापस किये।

# पति समेत चार पर केस

जासं, गोला : थाना क्षेत्र के धूपगढ़ की साधना ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दिए तहरीर में उन्होंने लिखा है कि ससुराल के लोग छोटी-छोटी बात पर पीटते रहते हैं। दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए घर से निकालने की धमकी देते हैं। शुक्रवार को मेरी पिटाई किया। पुलिस ने पति रामकेशर, सास धानपति, देवर सिकंदर व इंदल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# थाने और पुलिस चौकी के बोर्ड से हटा एजेंसी व संस्था का नाम

## सुंदरीकरण के नाम पर लगे बोर्ड से निष्पक्षता पर उठ रहे थे सवाल

**जागरण प्रभाव**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : एडीजी का आदेश मिलते ही थाना, पुलिस चौकी के भवन व प्रवेश द्वार पर लगे बोर्ड से निजी संस्था का नाम हटाया जा रहा है। रविवार को शहर क्षेत्र के अधिकांश थानों से बोर्ड हटा दिया गया। जहां से नहीं हट पाया है वहां नाम पर टेप या पेंट लगा दिया गया है। एसएसपी ने आदेश का अनुपालन करने के लिए सभी थाना व चौकी प्रभारियों को दो दिन का समय दिया है। सुंदरीकरण के नाम पर शुरू हुई इस परंपरा पर शनिवार को दैनिक जागरण में प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुई थी।

जिले के अधिकांश थाना चौकी प्रभारियों ने अपने व्यक्तिगत व्यवहार से निजी फर्मों से सहयोग लेकर इस तरह के बोर्ड थानों व चौकियों में लगवाते थे। शहर के कैंट, एम्स, शाहपुर, खोराबार, राजघाट, कोतवाली समेत सभी थानों में मुख्यद्वार पर लगे बोर्ड में किसी न किसी फर्म का नाम सौजन्य से लिखा हुआ था। एडीजी जोन डा.केएस प्रताप कुमार ने इस पर


रसूखदारों में थानों के 'माथे' पर नाम लिखवाने की होड़, एम्स थाने के बोर्ड पर कोचिंग सेंटर संचालक का फोटो

स्कूल, अस्पताल या थाना, यहां मुश्किल है समझ पाना

नहीं है ऐसा कोई नियम या आदेश

जागरण में प्रकाशित खबर • जागरण

नाराजगी जताते हुए जोन के सभी पुलिस कप्तान को पत्र लिख बताया था कि निजी फर्मों का इस तरह से सहयोग लेना, पुलिसकर्मियों को कहीं न कहीं प्रभावित कर सकता है। साथ ही, बोर्ड लगाने के बहाने से उस फर्म का प्रचार हो रहा है। यह किसी भी दशा में उचित नहीं है। बोर्ड से संस्था या व्यक्ति का नाम हटवा दें। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि थाना व चौकी के बोर्ड पर संस्था व व्यक्ति का नाम हटवाने का आदेश सभी थानेदारों को दिया गया है। सोमवार तक सभी से अनुपालन आख्या मांगी गई है।



कैंट थाने से उतारा जा रहा बोर्ड • जागरण

# सीबीआई इंस्पेक्टर समेत 14 लोगों पर जालसाजी का केस

### मुंबई में रहने वाले व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ा करके भूमि बैनामा कराया

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 June):** मुंबई में पेंट पालिश करने वाले व्यक्ति की जगह दूसरे को खड़ा करके जालसाजों ने भूमि बैनामा कर दिया. जानकारी होने पर पीड़ित घर आया और अपनी भूमि पर गया तो आरोपित जान से मारने की धमकी देने लगे. एसएसपी के आदेश पर कैंट थाना पुलिस ने सीबीआइ के इंस्पेक्टर समेत 14 लोगों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज किया है. झंगहा के जंगल गौरी नंबर एक गांव में रहने वाले लालचन्द निषाद ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि वह मुंबई में रहकर पेंट पालिश करता है. उसने महादेव झारखंडी में एक भूमि ली जिसकी बाउंड्री कराया था, लेकिन आरोपितों ने उसकी जगह दूसरे को खड़ा करके फर्जी तरीके से भूमि बैनामा करा लिया. तहरीर के आधार पर कैंट थाना पुलिस ने सहजनवां के नेवास में रहने वाले दिलीप कुमार त्रिपाठी, अंजना त्रिपाठी पत्नी लक्ष्मी नारायण, बड़गो में रहने वाले सीबीआइ इंस्पेक्टर महंत यादव, कैंपियरगंज के पोखरभिंडा में रहने वाली प्रियंका पाठक, सिद्धार्थनगर के बंजरह बुजुर्ग में रहने वाले शेख जुनैद अहमद, महाराष्ट की रेखा मिश्रा, बांसगांव की शशि उपाध्याय, सीमा पांडेय, निशा, लक्ष्मी नारायण, कमलेश, प्रमोद, सिकन्दर पर मुकदमा दर्ज किया है.

# नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी

गुलरिहा। गुलरिहा क्षेत्र के एक युवक ने विदेश भेजने और फर्टिलाइजर में नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख 35 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। रुपये वापस मांगने पर आरोपित जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के परसिया निवासी रमेश चंद भारती का आरोप है कि क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर निवासी अजय कुमार राय दो वर्ष पहले नौकरी दिलाने के लिए 10 लोगों से रुपये लिए थे।

# मारपीट कर युवक का हाथ तोड़ा, केस दर्ज

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके में मारपीट किए जाने के बाद उसकी शिकायत लेकर जा रहे शख्स को मारपीट कर हाथ तोड़ने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी मनीष साहनी, प्रकाश साहनी, मंजू और प्रकाश की बेटी निशा पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में गोरखनाथ के शास्त्रीनगर निवासी लालचंद्र ने केस दर्ज कराया है।

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

जागरण संवाददाता, पिपराइच : थाना क्षेत्र के ताजपिपरा निवासी तनु पुत्री दिनेश की शादी कुशीनगर जिले के हाटा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 25 (इन्द्रानगर) निवासी सोनू मद्धेशिया पुत्र पप्पू के साथ 24 दिसंबर, 2023 को हुई। कुछ दिन बाद ही ससुराल के लोग एक लाख रुपये, बुलेट व एसी की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। रविवार की सुबह नौ बजे ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर लाठी-डंडा से पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति सोनू, सास सरोजा, ससुर पप्पू, ननद अंजना व वंदना के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# फर्जी केस में फंसाकर मांग रहा रंगदारी, केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। तिवारीपुर इलाके के एक मकान में किराएदार बनकर आए परिवार ने मकान मालिक पर ही शादी का दबाव बनाया। आरोप है कि इनकार करने पर महिला ने फर्जी दुष्कर्म के केस में फंसाकर जेल भेजवाने की धमकी दी और पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित पति ने घटना की जानकारी पत्नी को दी। इसके बाद सीओ फिर एसएसपी से शिकायत की गई।

एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने महराजगंज कोठीभार इलाके के गौरा दूबे निवासी सरिता गुप्ता, प्रदीप गुप्ता और आर्यन पर आपराधिक साजिश और भय दिखाकर रंगदारी मांगने की धारा में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तिवारीपुर के मकान नंबर तीन निवासी मिठ्ठू मद्धेशिया पत्नी शुभम ने केस दर्ज कराया है। पुलिस को

पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

-**कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

---

महिला ने बताया कि छह महीने पहले सरिता गुप्ता व उनके पति प्रदीप गुप्ता किराएदार बनकर आए। रहने के दौरान काफी अच्छे संबंध हो गए जिसका फायदा उठाकर सरिता ने मेरे पति के साथ अपने लड़के आर्यन की मदद से कुछ फोटो खिंचवा ली थी। वह उसे दिखाकर मेरे पति को ब्लैकमेल कर रही है। कुछ दिनों से सरिता गुप्ता व आर्यन गुप्ता साजिश के तहत मेरे पति को बार-बार फोन करके पांच लाख रुपये की मांग करती है या कोर्ट मैरिज करने के लिए दबाव बनाती है।

# सीबीआई के इंस्पेक्टर समेत 14 पर जालसाजी का केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महादेव झारखंडी में स्थित जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा कराने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मुंबई में पेंट पालिश करने वाले युवक की जगह दूसरे को खड़ा कर उसकी जमीन खरीदी गई है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने सीबीआई इंस्पेक्टर महंत यादव समेत 14 लोगों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

चौरीचौरा इलाके के जंगल गौरी नंबर एक निवासी लालचन्द निषाद ने केस दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह मुंबई में रहकर पेंट पालिश करता है। उसने महादेव झारखंडी में एक जमीन ली और उसकी बाउंड्री भी कराई थी लेकिन आरोपियों ने जालसाजी कर ली। जमीन का कूटरचित पेपर तैयार कर उसकी जगह अज्ञात व्यक्ति को खड़ा कर दिया गया। नेवास, सहजनवा के दिलीप कुमार त्रिपाठी, अंजना त्रिपाठी पत्नी लक्ष्मी नारायण, सीबीआई इंस्पेक्टर महंत यादव ने 12 जनवरी को रजिस्ट्री करा ली। इसकी जानकारी होने पर वह जमीन पर गया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नेवास निवासी दिलीप त्रिपाठी, अंजना त्रिपाठी, बड़गो निवासी सीबीआई इंस्पेक्टर महंत यादव, कैंपियरगंज के पोखरभिंडा की प्रियंका, सिद्धार्थनगर के बंजरहा बुजुर्ग के शेख जुनैद अहमद, महाराष्ट्र की रेखा, बांसगांव की शशि उपाध्याय, सीमा, निशा, लक्ष्मी नारायण, कमलेश, प्रमोद, सिकंदर पर केस दर्ज कर लिया है।

गोरखपुर जोन के 197 माफिया की फाइल तलब

# चुनाव खत्म, अब माफिया पर घूमी पुलिस की नजर

**सख्ती**

- माफिया के सभी कटेगरी की जांच कर उनकी थानेवार रिपोर्ट मंगा रहे हैं अफसर
- गोरखपुर में 35 माफिया पर भू माफिया व खनन माफिया अन्य जिलों से हैं कम

**जोन के माफिया**

| | |
|---|---|
| खनन माफिया | 27 |
| शराब माफिया | 76 |
| पशु माफिया | 39 |
| भू माफिया | 77 |
| शिक्षा माफिया | 02 |
| कुल माफिया | 197 |

**गोरखपुर के माफिया**

| | |
|---|---|
| खनन माफिया | 03 |
| शराब माफिया | 16 |
| पशु माफिया | 04 |
| भू माफिय | 05 |
| शिक्षा माफिया | 0 |
| कुल माफिया | 35 |

गोरखपुर,वरिष्ठ संवाददाता। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही अब एक बार फिर पुलिस अफसरों ने माफियाओं की तरफ निगाह घुमा दी है। यूपी के सभी जिलों के माफियाओं की फाइल खंगालने के साथ ही वह कहां और किस स्थिति में है इसकी रिपोर्ट तैयार होने लगी है।

शासन स्तर से मांगी गई रिपोर्ट में यह बताया जा रहा है कि 2022 में चिन्हित माफियाओं में से कितने पर अब तक कार्रवाई हो चुकी है और कितने के खिलाफ कार्रवाई बाकी है। गोरखपुर जोन में इस श्रेणी में शामिल माफियाओं की संख्या 197 है जबकि गोरखपुर में 35 हैं। हालांकि इसके इतर प्रदेश स्तरीय सूची में शामिल माफियाओं का नाम है। गोरखपुर जिले से प्रदेशस्तरीय सूची में चार माफियाओं का नाम शामिल था जिसमें एक एनकाउंटर में मारा जा चुका है। तीन माफियाओं में एक जेल में है जबकि दो जमानत पर बाहर हैं। गोरखपुर जिले या फिर जोन में आपराधिक गतिविधियों में शामिल माफियाओं पर ही पुलिस की निगाह सबसे ज्यादा होती है लेकिन इस बार उनके साथ ही जिले स्तर के माफियाओं पर भी कड़ी नजर रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इन माफियाओं को कैटेगरीवार सूची बनाई गई है जिसमें खनन, शराब, भूमि,पशु और शिक्षा माफियाओं को भी रखा गया है। गोरखपुर में भूमि से जुड़े मामले सबसे ज्यादा है और इसमें आधा दर्जन जालसाजों को पुलिस भू माफिया के श्रेणी में रखती है हालांकि प्रशासन की सूची में ये लोग भू माफिया नहीं बन पा रहे हैं। प्रशासन की ओर से पांच भू माफियाओं की पहचान की गई है। दो से तीन भू माफियाओं का नाम बढ़ाने के लिए पुलिस विभाग की तरफ से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। हालांकि इसे सुस्ती कहें या फिर भू माफियाओं की सेटिंग, पुलिस को इसमें कामयाबी नहीं मिल पा रही है। फिलहाल शासन से निर्देश के बाद एक बार फिर माफियाओं की फाइल को दोबारा चेक किया जा है।

# चार घंटे की मशक्कत के बाद लोगों को समझा सकी पुलिस



मौत से नाराज आक्रोशित लोगों को समझाने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। हाईवे पर जिगिना पुल के पास डंपर की चपेट में आने से भाई-बहन के मौत के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए।

आक्रोशित लोगों को मनाने में पुलिस के पसीने छूट गए। लोगों कहना था कि अवैध खनन में लिप्त डंपर व टैक्टर-ट्रॉली बेखौफ होकर रात-दिन चलते हैं। घटना के बाद पांच बार सैकड़ों लोगों ने डंपर चालक पर गिरफ्तार कर कारवाई की मांग करते हुए हाईवे जाम करने की कोशिश की। तीन थानों की पुलिस ने करीब चार घंटे बाद लोगों को समझाकर शांत कराया।

# विवादित पोस्टर मामला : समाजसेवी के परिवार ने दिए बेगुनाही के साक्ष्य, जांच शुरू

## छात्र नेता की तलाशी में पूर्व छात्र नेताओं से भी पुलिस ने की पूछताछ

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर में पिछले दिनों विवादित पोस्टर लगाने के चर्चित मामले में छात्र नेता गौतम यादव और समाज सेवी यशवर्धन मिश्रा की गिरफ्तारी पुलिस चार दिन बाद भी नहीं कर पाई है। दूसरी तरफ समाज सेवी यशवर्धन मिश्रा के परिजन उसकी बेगुनाही के साक्ष्य पेश कर उसे निर्दोष साबित करने में जुट गए हैं। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई का कहना है कि आरोपियों की तलाश चल रही है। पकड़े जाने के बाद हकीकत का पता चलेगा।

फिलहाल पुलिस साक्ष्यों की अपने स्तर पर जांच कर रही है। वहीं इस मामले की उच्च अधिकारी भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस मामले में नाम आने के बाद चर्चा में आया छात्र नेता गौतम यादव पहले खुद को एक


'घमंड' पर विवाद प्रचंड.. गोपनीय जांच शुरू

9 जून को छपी खबर।

### चर्चा में आने के बाद लगातार हो रही इस मामले की मॉनिटरिंग

पार्टी का नेता बताता था, उस पार्टी ने भी उससे पल्ला झाड़ लिया है। पार्टी के पदाधिकारियों का यहां तक कहना है कि विरोधियों से मिलकर गौतम ने पार्टी का नाम बदनाम करने के लिए ऐसा कृत्य किया है। वह तो कभी पार्टी का सदस्य भी नहीं रहा है।

**ये था पूरा मामला :** बृहस्पतिवार को शहर के यूनिपोल पर छात्र नेताओं के नाम के साथ ही बड़े-बड़े अक्षरों में ''घमंड टूटने की बधाई'' लिखा हुआ पोस्टर लगाया गया था। असुरन चौक, विश्वविद्यालय चौक और पैडलेगंज में भी बड़े-बड़े विवादित होर्डिंग लगाए गए थे।

### यशवर्धन के परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

**आरोपी** यशवर्धन मिश्रा के परिवार ने पुलिस को एक लेटर भेजकर सफाई पेश की है। आरोपी के भाई ने बताया है कि यशवर्धन कमर्शियल पायलट लाइसेंस (सीपीएल) के लिए प्रशिक्षण ले रहा है और पिछले छह महीने से गोरखपुर नहीं आया है, न ही वह किसी अवैध गतिविधि में शामिल हुआ है। आरोपी के भाई ने बताया कि गौतम यादव के ब्लैकमेलिंग दृष्टिकोण के कारण यशवर्धन को गोरखपुर न आने की सलाह दी जाती रही है।

# भू-माफिया जेल में...बाहर खंगाली जा रही संपत्ति

## चुनाव की वजह से कार्रवाई पर लग गया था विराम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जेल में बंद भू-माफिया और धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों पर एक बार फिर कार्रवाई शुरू हो गई है। चुनाव की वजह से कार्रवाई पर विराम लगा था। जेल में बंद भू-माफिया कमलेश, दीनानाथ और पंकज जायसवाल के साथ ही जालसाज विकास सिन्हा की अवैध संपत्ति पुलिस खंगाल रही है। जिसे चिह्नित कर जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

एम्स थाना क्षेत्र के बहरामपुर अहिरवती टोला निवासी कमलेश यादव और कुसम्ही बाजार निवासी दीनानाथ प्रजापति की पुलिस ने करीब 100 करोड़ की संपत्ति जब्त की। इसके बाद बाराबंकी में कमलेश का चार मंजिला मकान व भूमि जब्त किया गया। इसी बीच चुनाव की वजह से कार्रवाई रुक गई थी।

पुलिस की मानें तो बाराबंकी में कमलेश की और संपत्ति चिह्नित की जा रही है। जिसपर बहुत जल्द कार्रवाई होगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ समेत अन्य शहरों में भी इसकी संपत्ति खोजी जा रही है।

इसी तरह बिहार के मोतिहारी बलुवा निवासी विकास सिन्हा पत्नी रेखा के साथ शाहपुर के पादरी बाजार में घर लेकर जालसाजी का धंधा शुरू किया। विकास हॉस्पिटल और नौकरी के नाम पर रुपये लेकर उन्हें दुष्कर्म में फंसा देता था। हाल ही में पुलिस ने गैंगस्टर लगाकर विकास और उसकी पत्नी रेखा को जेल भेजा था।



कमलेश



दीनानाथ

### पुलिस के निशाने पर कमलेश दीनानाथ, पंकज जायसवाल और विकास सिन्हा

विकास सिन्हा की अवैध संपत्ति का ब्योरा जुटाया जा रहा है। कुछ जगहों पर अवैध संपत्ति मिली है, उसे चिह्नित कर जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

**– जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव,** एसपी उत्तरी

कमलेश और दीनानाथ की कई जांच चल रही है। इसके बाद केस भी दर्ज हो सकते हैं। राजस्व विभाग समेत अन्य विभागों से इनकी और जगहों की संपत्ति का ब्योरा एकत्रित किया जा रहा है। बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**– अंशिका वर्मा,** सीओ कैंट

राजस्व विभाग और अन्य विभागों से विकास की अवैध संपत्ति का ब्योरा मांगा गया था। इसमें गोरखपुर, देवरिया और मोतिहारी में इसकी संपत्ति मिली है। इसी तरह एम्स थाने के हिस्ट्रीशीटर भू-माफिया पंकज जायसवाल की भी कुसम्ही के आस-पास अवैध संपत्ति तलाशी गई है।

## विदेश भेजने के नाम पर रुपये हड़पने का आरोप

गुलरिहा। क्षेत्र के परसिया निवासी रमेश चंद भारती का आरोप है कि मोहिउद्दीनपुर के एक व्यक्ति ने दो वर्ष पहले फर्टिलाइजर में नौकरी दिलाने के लिए 10 लोगों से चार लाख रुपए लिया था। एक वर्ष बीतने के बाद भी किसी को नौकरी नहीं मिली। इसके बावजूद विदेश भेजने का झांसा देकर रमेश से 1.35 हजार रुपया और ले लिया। एक वर्ष तक इंतजार करने के बाद भी पीड़ित विदेश नहीं जा पाया तो इसकी शिकायत अधिकारियों से की। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। शनिवार को पीड़ित युवक ने गुलरिहा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ब्यूरो

## रास्ता रोककर युवती को पीटा, केस दर्ज

गोला (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के पांडेयपार उर्फ डड़वा की रहने वाली युवती ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर गांव के एक युवक पर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर में उसने लिखा है कि शनिवार की शाम को गांव का युवक जबरन मोबाइल नंबर दे रहा था। जब उसने इंकार किया तो उसने रास्ते में रोककर मारने-पीटने लगा। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

## अपहरण के अभियुक्त के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

चौरीचौरा। झंगहा थाना में पंजीकृत अपहरण के मुकदमे में फरार चल रहे बरही निवासी अभियुक्त विकास मौर्या के घर रविवार को झंगहा पुलिस ने न्यायालय के आदेश का पालन के क्रम में धारा 82 तहत जारी कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

# बड़े भाई के हत्यारोपी को भेजा जेल

**गोरखपुर।** बड़े भाई की हत्या करने के आरोपी नंदपाल को खोराबार थाना पुलिस ने रविवार की शाम रिमांड मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भिजवा दिया गया। भूमि विवाद में मारपीट होने के बाद आरोपी ने बड़े भाई ईश्वर चंद को छत से नीचे धकेल दिया था। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई थी।

खोराबार इलाके के सोनवे ढोलबजवा गांव के रहने वाले ईश्वर चंद का अपने छोटे भाई नंदपाल से भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद था। इसे लेकर कई बार मारपीट हुई थी। शुक्रवार की रात में विवाद होने पर नंदपाल ने ईश्वर चंद को छत से नीचे धकेल दिया। सिर में चोट लगने से मृत्यु हो गई थी। संवाद

# वेश्यावृत्ति के दलदल से बची किशोरी.. अब शुरू करेगी नई जिंदगी

## नेपाल में नौकरी के नाम पर बेच दी गई थी बिहार की लड़की, गोरखपुर में किशोरी और परिवार की हुई काउंसिलिंग

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नेपाल में छह माह तक वेश्यावृत्ति के दलदल में फंसी रही बिहार की किशोरी अब बालिग होकर नई जिंदगी की शुरूआत करने जा रही है। अतीत को भूलकर वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे कदम बढ़ा रही है।

दो साल पहले सीडब्ल्यूसी को गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास बिहार के गोपालगंज इलाके की 17 साल की किशोरी भटकती हालत में मिली थी। शेल्टर होम में रखकर

**छह माह शेल्टर होम में रहने के बाद घर वापस गई**

उसकी काउंसिलिंग की गई, तो किशोरी ने आपबीती सुनाई। सीडब्ल्यूसी और चाइल्ड लाइन ने उसका साथ दिया। छह माह शेल्टर होम में रहने के बाद वह घर वापस गई। वर्तमान में वह पढ़ाई कर रही है। बहुत जल्द उसकी शादी भी होने वाली है। उसने बुरे समय में साथ देने वाली टीम को शादी में आने का न्योता दिया है।

**नौकरी के नाम पर बेच दी गई थी :** सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष वंदना

> इतने बुरे दिन देखने के बाद भी लड़की ने हिम्मत नहीं हारी। अब वह सारी पुरानी बातें भूलकर नई जिंदगी शुरू कर चुकी है। हमारी टीम हमेशा उसके साथ है। उसके हौसले को हम लोग सलाम करते हैं। उसकी खुशी में हमलोग शामिल होने का प्रयास करेंगे।
>
> **- वंदना सिंह,** अध्यक्ष, सीडब्ल्यूसी

सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर दो साल पहले बिहार की 17 वर्ष की किशोरी मिली थी। वह बहुत डरी हुई थी। काउंसिलिंग हुई तो उसने बताया कि गांव के एक लड़के ने नौकरी दिलाने के लिए तमकुहीराज की दंपती से मिलवाया। दंपती ने नौकरी के नाम पर उसे नेपाल ले जाकर बेच दिया। वहां छह माह तक उसका शोषण हुआ। किसी तरह से भागकर वह गोरखपुर आई।

उन्होंने आगे बताया कि किशोरी के बताए अनुसार बिहार और कुशीनगर के तमकुहीराज पुलिस से मदद मांगी गई। पुलिस ने किशोरी के बयान के आधार पर केस दर्ज कर तमकुहीराज के दंपती और गांव के युवक को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। इसके बाद किशोरी के घरवाले लोकलाज के चक्कर में उसे रखने को तैयार नहीं थे।

छह माह तक किशोरी गोरखपुर में रही। इस दौरान परिवार को समझाया गया। तब जाकर परिवार ने बेटी को स्वीकार किया। जिस परिवार में उसकी शादी हो रही है, वहां भी उसे पढ़ाई जारी रखने का आश्वासन मिला है।

सीडब्ल्यूसी के सदस्य जय प्रकाश आर्या, अरूण कुमार राव, राजेंद्र कुमार मिश्रा और उषा विश्वकर्मा ने किशोरी की हर संभव मदद की है।

# रोडवेज : सड़क पर नहीं खड़ी हो रहीं बसें, नहीं लग रहा जाम

## एसएसपी की कार्रवाई के बाद रोडवेज का बदला नजारा, परिवहन विभाग ने गठित की दो निगरानी टीमें

अमर उजाला लाइव

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। रेलवे बस स्टेशन के सामने सड़क पर बसों के खड़ा होने से लगने वाले जाम से फिलहाल राहगीरों को राहत मिल गई है।

शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर की कार्रवाई के बाद 6 बसों को सीज कर दिया गया था। जिससे परिवहन विभाग भी हरकत में आ गया है। परिवहन विभाग ने जाम पर लगाम लगाने के लिए दो टीमें गठित की हैं प्रत्येक टीम



रेलवे बस स्टेशन के सामने सड़क पर नहीं खड़ी हुई बसें। अमर उजाला

में तीन सदस्य हैं जो शिफ्ट में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने रविवार को सड़कों पर बसों का जाम नहीं लगने दिया। जिससे रेलवे बस स्टेशन की सड़क जाम से मुक्त रही। यात्रियों को भी इससे सुविधा हुई।

दोपहर लगभग 01:30 बजे रेलवे बस स्टेशन की सड़क पर लोगों का आवागमन सुगम रहा। मुरादाबाद से गोरखपुर बस स्टेशन पहुंचे यात्री हरीश ने बताया कि वह गोरखपुर के ही रहने वाले हैं यहां का जाम उन्होंने

> *बसें अब सड़क पर नहीं खड़ी हो रही हैं। जाम नहीं लग रहा है। दो टीमों का गठन कर दिया गया है जो कार्य भी कर रहीं हैं। हमारी पूरी कोशिश रहती है कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।*
>
> **- क्षेत्रीय प्रबंधक,** परिवहन विभाग गोरखपुर, लव कुमार सिंह

हर समय देखा है। आज लग रहा है कि लोग जाम से परेशान नहीं हैं। हमको भी आज यहां जाम नहीं मिला जिससे बस से उतरते ही ऑटो आसानी से मिल गया। गोरखपुर से लखनऊ की यात्रा करने बस स्टेशन पहुंचे केडी पाण्डेय ने बताया कि यहां जाम की स्थिति हमेशा रहती है।

# कोर्ट ने हत्या का केस दर्ज करने का दिया आदेश

गोरखपुर। बेलीपार क्षेत्र के सेवई निवासी सूरजमन चौरसिया ने अधिवक्ता रीतेश कुमार श्रीवास्तव के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था।

उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि उनकी बहन पार्वती देवी का विवाह बांसगांव निवासी दूधनाथ से हुआ था। दस वर्ष पहले बहन के पति की मौत हो गई। पार्वती को बेटा उपेन्द्र चौरसिया जो कि दुबई में रहता है, षड्यंत्र करके अपने पत्नी व बच्चों से बहन को जहर दिलवा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कोर्ट ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए बांसगांव थाने की पुलिस को हत्या का केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। ब्यूरो

# चोरी के सोने की तलाश में पहुंची लखनऊ पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

## हिंदी बाजार में पूछताछ के बाद पुलिस टीम देवरिया रवाना

गोरखपुर। हिंदी बाजार में अब दूसरे जिलों की पुलिस चोरी के सोने की तलाश में पहुंच रही है। हिंदी बाजार के साथ आस-पास के कस्बों और जिलों में अवैध तरीके से चोरी के सोने-चांदी के सामान को खपाया जा रहा है।

शनिवार को सूबे की राजधानी की पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपियों के साथ हिंदी बाजार में आई थी। बाजार में एक सराफा व्यापारी के दुकान की तलाश कर रही थी। टीम ने बाजार के कुछ व्यापारियों से भी दुकान और उसके स्वामी को लेकर पूछताछ की। जानकारी नहीं होने पर टीम देवरिया चली गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि लखनऊ में सोने-चांदी की चोरी करने वाले एक रैकेट को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसके द्वारा गोरखपुर के हिंदी बाजार में सोने को बेचे जाने की जानकारी पुलिस को दी गई। इसे लेकर शनिवार को लखनऊ की पुलिस राजघाट थाने पर पहुंची। वहां से हिंदी बाजार पुलिस चौकी पहुंची। चौकी इंचार्ज समेत अन्य पुलिस कर्मियों से उक्त सराफा कारोबारी की दुकान और उसके बारे में जानकारी मांगी। चौकी इंचार्ज ने अपने स्तर से बाजार के कुछ व्यापारियों से उस फर्म के बारे में जानकारी ली, लेकिन तकरीबन दो घंटे से अधिक समय बीतने और दुकान का पता नहीं लगने पर टीम देवरिया चली गई।

सूत्रों ने बताया कि बाजार में उस नाम से एक दुकान संचालित है, लेकिन लखनऊ से आई टीम को जानकारी नहीं मिल सकी। अभी पिछले सप्ताह कानपुर के यूपी 78 की इनोवा गाड़ी से पुलिस की टीम हिंदी बाजार आई थी। सूत्रों ने बताया कि टीम के साथ एजेंसी के भी अधिकारी थे।

### बाजार से थोक में फुटकर व्यापारी ले जाते हैं सोना

बाजार में बिहार, देवरिया, नौतनवा, महराजगंज समेत आस-पास के जिलों के बड़े धंधेबाज भी अपना व्यापार बढ़ा रहे हैं। बीते दिनों चार महीने में लगातार दो बार एक ही फर्म पर एजेंसियों ने कार्रवाई की है। ये धंधेबाज बाजार से कच्चे पर्चों पर खरीद में लाखों-करोड़ों रुपये का सोना रोजाना फुटकर व्यापारियों को खपाते हैं। छोटे दुकानदार ग्रामीण और कस्बों में बिना पक्की पर्ची (फर्म का पंजीकरण) के कच्चे पर्चों पर सामान बेचकर ऐसे सोने को खपाते हैं।

# फर्जी ढंग से जमीन खरीद-बिक्री में सीबीआई इंस्पेक्टर समेत 14 पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। जालसाजी कर जमीन खरीदने-बेचने के मामले में पुलिस ने सीबीआई इंस्पेक्टर समेत 14 लोगों पर केस दर्ज किया है। जमीन मालिक की शिकायत पर एसपी सिटी ने मामले की जांच सीओ कैंट को सौंपी थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

झंगहा के जंगल गौरी नंबर एक निवासी लालचंद निषाद की झारखंडी टुकड़ा नंबर दो में जमीन है। वह काम के सिलसिले में मुंबई रहते हैं। लालचंद कुछ दिन पहले जब गोरखपुर लौटे तो पता चला कि उनकी जमीन 12 जनवरी 2024 को नौ लोगों को बेची जा चुकी है। जमीन खरीदने वालों में बड़गो के रहने वाले सीबीआई इंस्पेक्टर महंत यादव, सहजनवां के नेवास निवासी दिलीप त्रिपाठी, गोरखपुर के शुभम

## कैंट इलाके का मामला, मालिक की जगह दूसरे को खड़ा करके जमीन बेच दी जालसाजों ने

कंपाउंड की अंजना त्रिपाठी, कैंपियरगंज के विशनुपुर द्वितीय पोखरभिंडा निवासी प्रियंका पाठक, महाराष्ट्र के लोहगांव निवासी रेखा मिश्रा, बांसगांव के अतरौली निवासी शशि उपाध्याय, सिद्धार्थनगर जिले के खेसरहा, देउरी निवासी सीमा पांडेय, विशुनपुरवा, कोहड़ी निवासी निशा और बंजरह बुजुर्ग निवासी शेख जुनैद के नाम हैं। बैनामे में लक्ष्मी नारायण पांडेय, कमलेश, प्रमोद कुमार पाठक, शेख जुनैद अहमद व सिकंदर ने गवाही की है।

लालचंद की तहरीर पर पुलिस ने सभी बैनामा लेने वालों और बैनामा करने वाले समेत गवाही देनेवालों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# पिता-पुत्र सहित चार के विरूद्ध मारपीट का केस

**देवरिया(एसएनबी)।** रामपुर कारखाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ निवासी एक ही परिवार के चार लोगों के विरूद्ध पुलिस ने मारपीट व धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी जबरदस्ती छत पर निर्माण करा रहे थे। विरोध करने पर पड़ोसी की पांच जून को पिटाई कर दिए थे और धमकी भी दी थी।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ निवासी ईश्वर जायसवाल पुत्र स्व. छेदी जायसवाल का आरोप है कि पंचायत द्वारा मना करने के बावजूद उनके पड़ोसी पांच जून को जबरदस्ती अपने छत पर निर्माण कर दीवार को उनके छत में चिपकानें लगे, जिसका विरोध ईश्वर के बेटे ने किया तो उसे गाली देते हुए उसके ऊपर ईट पत्थर चलाने लगे। बचने के लिए वह अपने घर में चला गया। कुछ देर बाद जब ईश्वर अपने घर आए और अपने दुकान में बैठे थे कि उसी दौरान पड़ोसी आए और गाली देते हुए दुकान का काउंटर तोड दिए। ईश्वर को दुकान से बाहर खींचकर उनकी लाठी डंडे से पिटाई करने लगे। उनकी पत्नी व आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया।

मामले में ईश्वर जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने रामध्यान सिंह, उनके बेटे विवेक सिंह, रवि सिंह व उनकी पत्नी रीता देवी के विरूद्ध भादवि की धारा 323, 504, 506, 336, 427, 452, 324 के तहत केस दर्ज किया है।

## 11 पर लगा गैंगस्टर

**सलेमपुर (एसएनबी)।** जिले की सलेमपुर पुलिस ने अपराध की रोकथाम के लिए बड़ा कदम

### पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

उठाया है। पुलिस ने 11 लोगों के विरूद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है। सलेमपुर के कोतवाल उमेश बाजपेई ने अभियोग पंजीकृत कराया।

पुलिस केस में गैंग के लीडर के रूप में नितेश यादव उर्फ रफ्तार यादव पुत्र नागेन्द्र यादव निवासी ग्राम अजरी भरौली थाना सुरौली जनपद देवरिया को नामित किया गया है। उसके सहयोगियों के रूप में कृष्णा यादव उर्फ रामराज यादव निवासी एनौता कोठी थाना मदनपुर, धीरज यादव निवासी अजयपुरा मरमट थाना मदनपुर, सन्नी यादव उर्फ सन्नी देओल निवासी एनौता कोठी थाना मदनपुर, सूर्यप्रताप उर्फ गोलू सिंह ग्राम भरौली थाना आयुष यादव उर्फ पीयूष यादव, निवासी एनौता कोठी थाना मदनपुर, सुमित यादव निवासी एनौता कोठी थाना मदनपुर, राज कन्नौजिया उर्फ शिवम निवासी भरौली थाना सुरौली जनपद देवरिया, संजय यादव निवासी हरनही थाना मदनपुर, जैसराज यादव उर्फ जसराज यादव पुत्र निवासी बैदा टोला शीतलपुरी थाना सुरौली, रवि कुमार पासवान निवासी बैंदा कुंवर थाना सुरौली जनपद देवरिया को नामित किया गया है।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद की गई। आरोप है कि संगठित आपराधिक गिरोह कायम किया गया है, जो जनपद स्तर पर सक्रिय है। यह गिरोह अपने आर्थिक, भौतिक एवं अनुचित दुनियावी लाभ हेतु सामूहिक रूप से वाहनों की चोरी, मादक पदार्थ की तस्करी लूट, एवं मारपीट का कार्य करता है। गिरोह द्वारा कारित आपराधिक कृत्य थानों में दर्ज है। यह कृत्य प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 2 के खण्ड (ख) के उपखण्ड (एक) व (दो) में परिभाषित अपराध की परिधि में आता है, जो धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत दण्डनीय अपराध है।

## विकास कार्य के शिलापट को मनबढ़ों ने तोड़ा

**बरहज (एसएनबी)।** तहसील क्षेत्र के कपरवार संगम तट से लेकर कटईलवा तक करीब 59 करोड़ की लागत से कृषि भूमि और गांवों को बचाने के लिए बाढ़ खण्ड विभाग द्वारा विगत दो वर्ष पूर्व बंधा का निर्माण कराया गया। शिलान्यास/लोकार्पण का शिला पट जिस पर सांसद कमलेश पासवान व विधायक दीपक मिश्रा शाका का नाम अंकित है। वह शिलापट नौका टोला से पूर्व परसिया मार्ग से बने बन्धे पर सटा हुआ है। उक्त शिलापट को लोकसभा चुनाव की मतगणना समाप्त होने के बाद किसी अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा तोड़कर फेंक दिया गया है।



बंधा तट पर लगाया गया शिला पट टूटा। फोटो : एसएनबी

कपरवार संगम तट से कटईलवा तक गांव और कृषि भूमि को सरयू नदी के कटान से बचाने के लिए बन्धा निर्माण कार्य हुआ है। सांसद कमलेश पासवान व विधायक दीपक मिश्र शाका ने बन्धा निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर लोकार्पण किया। एक सप्ताह पूर्व उक्त शिलापट को किसी शरारती तत्वों द्वारा तोड़कर फेंक दिया गया है।

इसकी जानकारी होने पर ठाकुर तिवारी, अवनीश मिश्रा, रानू तिवारी, अश्वनी कुमार, रतनेश तिवारी तथा रिंकू तिवारी ने तोड़े गए शिलालेख का फोटो खींचकर पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# पांच पर बलवा व मारपीट का केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव में चार दिन पूर्व एक महिला से मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट व जानमाल की धमकी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव की रहने वाली राबिया खातून पत्नी निजामुद्दीन ने थाने में दी है। कहा है कि बीते पांच जून सुबह 10 बजे के करीब उनके पड़ोस के कुछ गोलबंद लोग लाठी-डंडे से लैश होकर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए पहुंचे और मारपीट कर उनको घायल कर दिए। आरोप है कि उक्त लोगों ने जाते समय जानमाल की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दीनानाथ, कृष्णा, जखन, विशाल व नीता के खिलाफ धारा 147, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बेटे ने की पिता के साथ मारपीट, केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुण्डेरा बाबू गांव में एक पिता ने बेटे पर मारपीट करने तथा दरवाजा, आलमारी व चार पहिया वाहन में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस आरोपी बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। तरकुलवा थाना क्षेत्र मुण्डेरा गांव के रहने वाले जिउत वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 16 मई 2024 को 11 बजे के करीब बेटे ने उनको मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसने कमरे का दरवाजा, आलमारी तोड़ दिया व चार पहिया वाहन यूपी 52 एबी-7010 को तोड़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। आरोप है कि बेटा अक्सर उनको मारता-पीटता है और जानमाल की धमकी देता है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे राघवेंद्र वर्मा के खिलाफ धारा 323, 427 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नीलगाय के टकराने से युवक घायल

**खोरीबारी (एसएनबी)।** भटनी-भिंगारी मार्ग पर स्थित एसएनटी स्कूल गोपालपुर के पास नीलगाय के टकराने से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो जाने का समाचार मिला है। घाटी बाजार निवासी ओमप्रकाश कुशवाहा का 28 वर्षीय पुत्र अपने पल्सर मोटरसाइकिल से भटनी के तरफ जा रहा था कि अचानक सड़क पर नीलगाय आ जाने से वह टकराने के बाद दूर जा गिरा जिससे उसके सिर और बदन में गम्भीर चोट लगी। घटना की सुचना पर परिजनों ने उसे सदर अस्पताल देवरिया लेकर चले गये। बताते चलें कि उस मोड़ पर तमाम घटनाएं घट चुकी है।

# गंभीर धाराओं में आठ के विरुद्ध केस

**सलेमपुर (एसएनबी)।** कोतवाली पुलिस ने वार्ड नंबर नौ इचौना निवासी रमेश कुमार की तहरीर पर मारपीट कर घायल करने तथा दरवाजे पर खड़ी बोलेरो को क्षतिग्रस्त करने के मामले में आठ लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में रमेश कुमार ने बताया कि वह पेंटिंग का कार्य करता है। बलिया जिला में कस्तुरबा बालिका आवासीय भवन का पेंटिंग के लिए ठेका लिया है। अधिकांश कार्य हो जाने के बाद कुछ लोग वहां मजदूर लेकर कार्य कराने पहुंच गए। इसी बात से खार खाए अरूण यादव व उनके साथ में आए आठ लोगों ने उन्हें तथा उनके भाई चंदन कुमार को भी मार पीट कर लहुलुहान कर दिया। इस मामले में पुलिस ने अरूण भोलू अमित अंकित शुभमनाटे प्रतीक व सम्राट के विरूद्ध मुकदमा दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार बाजपेयी ने बताया कि मुकदमा दर्ज है। जांच की जा रही है।

# महिला की मौत

**बरहज (एसएनबी)।** नगर के पुराना बरहज निवासी कुन्ती देवी (65 वर्ष) पत्नी अर्जुन यादव की रविवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन आनन-फानन में इलाज हेतु नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में चित्कार मच गई। बच्चें रोने चिल्लाने लगे। आस पास के लोगों ने पहुंचकर परिजनों को ढांढ़स बधाया।

# मारपीट, केस दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महदहा निवासी खुशबुन निशा पत्नी शाबीर ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि 3 जून की शाम 7 बजे पुरानी रंजिश को लेकर मेरे पुत्र अफजल व मेरे बहन के पुत्र आलीम जो मदनपुर में कपड़े की दुकान से घर आ रहा था कि रास्ते में ग्राम महदहा के समीप उक्त लोगों ने रोककर गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने खुशबुननिशा के तहरीर पर बकरीदन, मुर्हमी पुत्र गण मुर्तुजा, अमीना खातुन पत्नी मुर्तुजा एवं मुर्तुजा निवासी महदहा के खिलाफ मारपीट की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# चार पर मारपीट का केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय उपनगर के बरई टोला वार्ड निवासी नीलू साहनी पुत्र सोनू ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि 17 मई की दोपहर 2 बजे मेरे घर नीतू शर्मा पत्नी हरेन्द्र शर्मा निवासी घोड़सरी थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर तथा अन्य लोग उनके साथ आये तथा एक राय होकर मेरे दरवाजे पर पुरानी रंजिश को लेकर मां, बहन की गाली देते हुए मारे पीटे तथा घर में घुसकर रखे गये सामानों को तोड़ फोड़ दिया तथा फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रार्थनी नीलू साहनी के तहरीर पर आरोपी नीतू शर्मा पत्नी हरेन्द्र, जितेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र, सुरेन्द्र पुत्र अज्ञात, प्रेम चन्द के खिलाफ धारा 323, 504, 452, 427, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग, बकरी जली

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम श्रीनगर कोल्हुआ में रविवार की दोपहर अचानक अज्ञात कारणों से दो रिहायशी झोपड़ी में आग पकड़ ली, जिसमें रखा गया सामान जलकर राख हो गया। उक्त आग में एक बकरी जल कर मर गयी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। बता दें कि ग्राम श्रीनगर कोल्हुआ के ही विदेशी पासवान व रामहजूर पासवान की रिहायशी झोपड़ी है। अचानक किसी अज्ञात कारणों से उसमें आग लग गयी और झोपड़ी धू-धू कर जलने लगी। जिसमें लगभग अनाज व अन्य सामानों के साथ हजारों रुपये का नुकसान बताया जाता है और एक बकरी की भी जलकर मौत हो गयी। अग्निशमन के पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका।

# राजनीति से प्रेरित होकर पूर्व विधायक के खिलाफ भेजा गया नोटिस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व सपा विधायक अनुग्रह नारायण ऊर्फ खोखा सिंह के खिलाफ राजनीति से प्रेरित होकर उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिला के थाना राधानगर पुलिस ने बयान दर्ज कराने का नोटिस भेजा था। इस बात को लेकर पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण ऊर्फ खोखा सिंह के प्रतिनिधि व सपा नेता हरेन्द्र सिंह त्यागी ने अपने समर्थकों के साथ कहा कि पुलिस द्वारा भेजी गयी नोटिस की निंदा की जाती है, जो राजनीति से प्रेरित है।

हार से बौखलायी भारतीय जनता पार्टी व उनके लोग राजनीति से प्रेरित होकर अनाप सनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय आने पर समाजवादी पार्टी के लोग व कार्यकर्ता इसका मुंहतोड़ जबाब देंगें।

निन्दा करने वालों में हरेन्द्र सिंह त्यागी, अनिल सिंह, अवनीश शुक्ला, महंथ यादव, एकेश मिश्रा, विजय यादव, संजय चौरसिया, ओमप्रकाश यादव, जितेश यादव, सिकन्दर यादव, शब्बीर अहमद, रामनिवास यादव, विश्वकर्मा यादव, मुनीर अहमद, महंथ गुप्ता, विशाल सिंह आदि लोग शामिल हैं।

# बकरी चराने की विवाद में मारपीट, केस दर्ज

खुखुन्दू। बकरी चराने की विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने महिला समेत चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रार बड़ी गांव में सुबह बसंत कनौजिया की बकरी राम बचन गौड़ के खेत में चली गई। इसको लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने वसंत कन्नौजिया की तहरीर पर दूसरे पक्ष के रामबचन गौड़, शिवबचन गौड़,मंजू देवी एवं राम बचन की पत्नी पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

# दो पट्टीदारों में मारपीट, तीन के खिलाफ केस

महुआडीह। गोठा रसूलपुर गांव में हुए दो पट्टीदारों के बीच मारपीट मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गोठा रसूलपुर निवासी आशा देवी पत्नी प्रेमनाथ यादव महुआडीह पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया हैं कि उनके पट्टीदार बिना किसी वजह 5 जून की शाम 6 बजे घर के दरवाजे पर चढ़कर उनको खींचकर लाठी व डंडा से मारने पीटने लगे। जिससे उनके कान और शरीर पर काफी चोटें आई। मामले में पुलिस ने जांच के बाद तहरीर के आधार पर उनके पट्टीदार रामजनम यादव पुत्र रामनयन यादव , बबिता कुमारी व विद्यावती देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पांच के खिलाफ बलवा व मारपीट का केस दर्ज

तरकुलवा। बंजरिया गांव की रहने वाली राबिया खातून पत्नी निजामुद्दीन ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते पांच जून सुबह 10 बजे के करीब उनके पड़ोस के कुछ गोलबंद लोग लाठी-डंडे से लैश होकर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए पहुंचें और मारपीट कर उनको घायल कर दिए। आरोप है कि उक्त लोगों ने जाते समय जानमाल की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दीनानाथ, कृष्णा, जखन, विशाल व नीता के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आठ लोगों पर मारपीट का केस दर्ज

सलेमपुर। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने वार्ड नंबर नौ इचौना निवासी रमेश कुमार पुत्र स्व दरोगा यादव पेंटिंग का कार्य करता है। बलिया जिला में कस्तुरबा बालिका आवासीय भवन का पेंटिंग के लिए ठेका लिया है। अधिकांश कार्य हो जाने के बाद कुछ लोग वहां मजदूर लेकर कार्य कराने पहुंच गए। जिसे लेकर विवाद हुआ था। उसके बाद उन लोगों ने इचौना वार्ड में पहुंच कर रमेश यादव को मारापीटा। इस मामले में पुलिस ने हरैया वार्ड निवासी अरूण भोलू अमित अंकित शुभमनाटे प्रतिक व सम्राट के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# आधा दर्जन ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा

खुखुन्दू। ससुराल में महिला को प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सोन्हुला गांव निवासिनी गुलायची देवी पत्नी स्व. कन्हैया चौहान ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी को ससुराल वालों के द्वारा प्रताड़ित करना, गाली गलौज देते हुए बुरी तरह से मारते पीटते थे। पुलिस ने इस मामले में जुआफर गांव निवासी दीनदयाल, कुमारी देवी, विकास यादव एवं तीन व्यक्तियों नाम पता अज्ञात व्यक्ति पर तहत केस दर्ज किया है।

# निजी भूमि पर अवैध कब्जे का लगाया आरोप

रामपुर कारखाना। स्थानीय थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा गांव निवासी श्याम बिहारी ने रविवार को थाने पर तहरीर दिया। दिए तहरीर के मुताबिक पीड़ित का आरोप है कि उसके घर के पीछे की भूमि तीन बार लेखपाल से पैमाइश हो चुकी है। बावजूद इसके गांव के ही तीन दबंग लोग उनकी निजी भूमि पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

# करंट से लाइनमैन झुलसा, अस्पताल में भर्ती

देवरिया। करंट की चपेट में आने से एक लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया। बरहज थाना क्षेत्रके महुआबारी गांव के रहने वाले अजीत कुमार(36) बिजली विभाग के सतरांव सब स्टेशन पर संविदा पर लाइनमैन था। वह प्रतिदिन की भांति रविवार को सतराव सब स्टेशन के परसियाभगौतीपुर में टूटे हुए जम्फर को ठीक कर रहा था। उसी बीच बिजली आ गई , जिससे लाइनमैन गंभीर रुप से झुलस गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# तहसीलदार ने अवैध निर्माण को हटवाया

मेहरौनाघाट। लार थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर स्थित मेहरौना बाज़ार में पीडब्ल्यूडी की भूमि पर बनी सीढ़ी रविवार को तहसीलदार ने तोड़वा दिया।

मेहरौना निवासी फाहिमा खातुन पत्नी अब्दुल गफार की शिकायत पर रविवार की दोपहर लगभग एक बजे पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता के आदेश पर तहसीलदार सलेमपुर अलका सिंह व इंस्पेक्टर लार कपिलदेव चौधरी, मेहरौना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार व लेखपाल अभिनन्दन की मौजूदगी में जेसीबी से पीडब्लूडी की भूमि पर बने सीढ़ी को तोड़वा कर खाली करा दिया। हालांकि दूसरे पक्ष के मो. इरफान पुत्र अब्दुल लतीफ ने तहसील प्रशासन पर आरोप लगाते हुए बताया कि सीढ़ी का निर्माण दिवानी न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन एसडीएम के आदेश के बाद कराया गया था।

# परिजनों ने प्रेमी जोड़े की कराई शादी

रामपुर कारखाना। घर से भाग रहे प्रेमी जोड़े को परिजनों ने पकड़ लिया। अलग-अलग जाति का होने के बावजूद परिजनों ने दोनों का मंदिर में विवाह करा दिया। विवाह कराने के बाद दोनों के परिजन मंदिर में छोड़ घर लौट गए। इस बात की चर्चा चौक चौराहे पर दिनभर चलती रही।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का प्रेम संबंध बगल के एक युवक से चल रहा था। बाहर जाने की योजना बनाकर रविवार को दोनों एक साथ घर से निकल लिए। इस बात की जानकारी मिलते ही दोनों के परिजन सकते में आ गए और दोनों की खोजबीन शुरू कर दी। प्रेमी जोड़े को परिजनों ने देवरिया कसू मार्ग स्थित पटनवा पुल के पास पकड़ लिया। परिजन उन्हें लेकर रामपुर कारखाना दुर्गा मंदिर पहुंचे। मंदिर में ही दोनों का विवाह करा दिया।

# 11 बदमाशों के खिलाफ हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। डीएम के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने 11 बदमाशों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्रवाई किया है। ये सभी अभियुक्त गिरोह बनाकर अपने आर्थिक, भौतिक एवं अनुचित दुनियाबी लाभ के लिए सामूहिक रूप से गांजा, शराब, पशु तश्करी, क्षेत्रों में चोरी, लूट, बाइक चोरी समेत घटनाओं में शामिल रहे हैं। इन सभी को 23 जून 2023 को गांजा, लूट समेत चोरी की नौ बाइक के साथ कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

जिन अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई हुई है उसमें सुरौली थाना क्षेत्र के उजरी भरौली गांव निवासी नितेश यादव उर्फ रफ्तार पुत्र नागेन्द्र यादव, मदनपुर थाना क्षेत्र के एनौता कोठी गांव निवासी कृष्णा यादव उर्फ रामराज पुत्र राजदेव यादव, सन्नी यादव उर्फ सन्नी देओल पुत्र अजय यादव, आयुष यादव उर्फ पीयूष पुत्र रमाशंकर यादव, सुमित यादव पुत्र रामसजन यादव, मदनपुर थाना क्षेत्र के अजयपुरा.मरमट गांव निवासी धीरज यादव पुत्र गुलाब यादव, भलुअनी थाना क्षेत्र के बरौली गांव निवासी सूर्यपताप सिंह उर्फ गोलू पुत्र इंद्रजीत मल्ल, सुरौली थाना क्षेत्र के भरौली गांव निवासी राम कन्नौजिया उर्फ शिवम पुत्र राम अभ्यास कन्नौजिया, मदनपुर थाना क्षेत्र के हरनही गांव निवासी संजय यादव पुत्र गोबरी उर्फ युगुल किशोर यादव, सुरौली थाना क्षेत्र के बैदा टोला शीतलपुरी गांव निवासी जैसराज यादव उर्फ जसराज पुत्र सूर्यभान यादव, बैदा कुंअर गांव निवासी रवि कुमार पासवान पुत्र रामस्वरूप उर्फ भूवर शामिल है। इन सभी के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्रवाई कोतवाल उमेश कुमार बाजपेयी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने किया है।

# कर्मचारियों पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी के लिए दबिश

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के बभनी के समीप फाल्ट ठीक करने गए बिजली कर्मचारियों पर हुए हमले के मामले में मुकदमा दर्ज कर अब आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। हालांकि देर शाम तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

छह जून को तेज हवा के बीच वर्षा हुई। शहर के बभनी के समीप हाईटेंशन तार टूट कर गिर गया और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अवर अभियंता संदीप कुमार के निर्देश पर बिजली कर्मचारी हरिकेश पटेल, अमरनाथ चौरसिया, हरेराम यादव, संजय पासवान मौके पर पहुंचे और तार को जोड़ने लगे। इस बीच कुछ लोग पहुंचे और तार जोड़ने से मना करते हुए कर्मचारियों की पिटाई की। अवर अभियंता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने शहर के गायत्री पूरम के रहने वाले बबलू वर्मा, अर्जुन वर्मा, जयप्रकाश गुप्ता व पांच अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, सरकारी कार्य में व्यवधान समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

# रफ्तार गैंग के सरगना समेत 11 पर लगा गैंगस्टर

जागरण संवाददाता, देवरिया: रफ्तार गैंग के 11 सदस्यों के विरुद्ध सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। कुछ माह पहले चोरी की बाइक व अन्य सामान के साथ सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मदनपुर, सुरौली व एकौना थाना क्षेत्र में रफ्तार गैंग के नाम से दहशत पैदा करने वाले गिरोह के सरगना समेत 11 पर सलेमपुर कोतवाली के प्रभारी उमेश कुमार वाजपेयी ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है, जिसमें गैंग का सरगना नीतेश यादव उर्फ रफ्तार निवासी उजरी भरौली थाना सुरौली, कृष्णा यादव निवासी एनौता कोठी थाना मदनपुर, धीरज यादव निवासी अजयपुरा थाना मदनपुर, सन्नी यादव निवासी एनौता कोठी थाना मदनपुर, सूर्यप्रताप सिंह बरौली थाना भलुअनी, आयुष यादव, सुमित यादव, निवासी एनौता कोठी थाना मदनपुर, राज कनौजिया भरौली,थाना सुरौली, संजय यादव निवासी हरनही थाना मदनपुर, जैसराज यादव निवासी बैदा टोला शीतलपुरी थाना सुरौली, रवि कुमार पासवान बैदा कुंवर थाना सुरौली शामिल है।

# पति समेत तीन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं,गौरीबाजार: विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने पति समेत तीन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। गौरीबाजार के असनहर की रहने वाली राजमती देवी ने अपनी बेटी पिंकी की शादी 24 फरवरी 2018 को कुशीनगर जनपद के कप्तानगंज के मठिया उर्फ अकटहां के रहने वाले शंभू चौहान के साथ की थी। पति विदेश में रहता है। जब से पिंकी अपने ससुराल गई, तभी से ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे और अब मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति शंभू चौहान, देवर पंकज व पदमावती देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने बताया कि तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: कोतवाली के मालीपुर के रहने वाली महिला ने पति समेत छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कया है।

गांव की दुर्गा देवी का आरोप है कि शादी आठ मई 2023 को नीतेश के साथ हुई थी। जब से वह ससुराल गई, तभी से ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और अब मारपीट कर घर से निकाल दिया है।

पुलिस ने पति नीतेश, ससुर हरिकेवल, सास सुभावती देवी, ननद अमृता, देवर मुकेश, विकास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा

जासं,रुद्रपुर: उपनगर के बरई टोला वार्ड में दरवाजे पर चढ़कर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उपनगर के बरई टोला वार्ड की रहने वाली नीरू साहनी पत्नी सोनू साहनी ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर मेरे दरवाजे पर आए और लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने गोरखपुर जनपद के बांसगांव थाना क्षेत्र के घोरसरी के रहने वाली नीतू शर्मा, जितेन्द्र, सुरेन्द्र और प्रेमनाथ के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। उधर महदहां में हुए मारपीट के मामले में भी पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव की खुशबुननिशा की तहरीर पर पुलिस ने गांव के बकरीदन, मुर्तजा, अमीना खातून व मोहरमी के विरुद्ध कार्रवाई की है।

# चोरी की तीन बाइक के साथ गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजंसी

**देवरिया।** दीवानी न्यायालय परिसर से पुलिस के हत्थे चढ़े बाइक चोर का काफी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह बाइक चोरी से पहले आभूषण की दुकानों व घरों को निशाना बनाया करता था। वह कुशीनगर के हाटा थाना क्षेत्र में एक स्वर्ण आभूषण दुकान में हुई गहने की चोरी मामले में जेल जा चुका है।

इसके बाद उसने अपना कार्यक्षेत्र बदला व आसानी से बाइक चोरी कर उसे बेचा करता था। इसी बीच उसे लोगों ने दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिसिया पूछताछ में उसने अहम जानकारियां दी हैं। उसने अधिवक्ता व कलक्ट्रेट परिसर से चोरी की गई बाइक को बिहार प्रांत में गिरोह के सदस्यों के हाथों बेच दी है। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## पहले स्वर्ण आभूषण और दुकानों में चोरी करता था

कचहरी रोड के पास से लोगों की मदद से शुक्रवार को एक शातिर बाइक चोर को पकड़ा गया। उसकी पहचान कुशीनगर के हाटा के रामपुर सोहरौना गांव निवासी विनोद पासवान के रूप में हुई थी।

उसका काफी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले आभूषण दुकान व बंद घरों को निशाना बनाता था। चोरी करने के आरोप में कई बार जेल भी जा चुका है। इसके बाद उसने ट्रेंड बदला व बाइक चोरी के धंधे में जुट गया।

# 11 लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

सलेमपुर। कोतवाल उमेश कुमार वाजपेयी ने 11 लोगों पर गैंगस्टर के तहत केस दर्ज कराया है। इसमें उजरा भरौली थाना सुरौली के नितेश उर्फ रफ्तार यादव, मदनपुर थाना के एनौता कोठी गांव निवासी कृष्णा यादव उर्फ रामराज, मदनपुर थाने के अजयपुरा मरमट गांव निवासी धीरज यादव, इसी थाने के एनौता कोठी गांव निवासी सन्नी यादव उर्फ सन्नी देवल, भलुअनी थाना के बरौली गांव निवासी सूर्य प्रताप सिंह उर्फ गोलू शामिल हैं।

इसी तरह मदनपुर थाना के एनौता कोठी गांव निवासी आयुष यादव उर्फ पीयूष यादव, इसी गांव के सुमित यादव, थाना सुरौली के भरौली गांव निवासी राज कन्नौजिया उर्फ शिवम, मदनपुर थाना के हरनहीं गांव निवासी संजय यादव, थाना सुरौली के बैदा टोला शीतलपुरी गांव निवासी जैसराज यादव उर्फ जसराज यादव, सुरौली थाना के बैदा कुंवर गांव निवासी रवि कुमार पासवान के लिए गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि कोतवाल उमेश कुमार वाजपेयी की तहरीर पर 11 लोगों गुंडा एक्ट का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# डेढ़ साल बाद भी नहीं हुआ मूर्ति चोरी का खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

देसही देवरिया। महुआडीह थानाक्षेत्र के डुमरी एखलाश गांव स्थित प्राचीन मंदिर से राम, सीता की अष्टधातु की मूर्ति चोरी की बड़ी वारदात को डेढ़ साल से अधिक का समय बीत गया, लेकिन पुलिस अभी तक मामले का खुलासा करना तो दूर सुराग तक नहीं लगा पाई है। मूर्ति बरामदगी की लोगों की आस

## पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल, लोगों की आस हुई धूमिल

अब धूमिल हो गई है। इससे लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने लगे हैं।

महुआडीह थानाक्षेत्र के डुमरी एखलाश गांव स्थित प्राचीन मंदिर से 25 नवंबर, 2022 की रात को मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़कर कर चोर राम, सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की कीमती मूर्तियां चुरा ले गए। मौके पर जुटे कई गांव के लोगों के विरोध और मूर्ति बरामदगी की उठ रही मांग को देखते हुए महुआडीह पुलिस ने फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीमों को भी मौके पर बुला लिया था।

घटना के खुलासे के लिए तत्कालीन एसपी ने एसओजी सहित तीन टीम गठित कर लगाई।

# घर से भाग रहे प्रेमी-प्रमिका की परिजनों ने कराई शादी

**रामपुर कारखाना।** घर से भाग रहे प्रेमी-प्रमिका को परिजनों ने पकड़ लिया। अलग-अलग जाति का होने के बावजूद परिजनों ने दोनों का मंदिर में विवाह करा दिया। इसके बाद दोनों के परिजन मंदिर में छोड़ घर लौट गए। इस बात की चर्चा चौक चौराहे पर दिनभर चलती रही। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का प्रेम संबंध बगल के एक युवक से चल रहा था। रविवार को दोनों एक साथ घर से निकल लिए। इसकी जानकारी मिलते ही दोनों के परिजन सकते में आ गए और खोजबीन शुरू कर दी। परिजनों ने देवरिया-कसया मार्ग स्थित पटनवा पुल के पास उन्हें पकड़ लिया। दोनों के एक साथ रहने की जिद को देखकर परिजन उन्हें लेकर देवरिया-कसया मार्ग स्थित रामपुर कारखाना दुर्गा मंदिर पहुंचे। मंदिर में ही दोनों का विवाह कराकर परिजन वहीं छोड़कर घर चल दिए। संवाद

# दो परिवारों के विवाद में 53 कट्ठा गेहूं की फसल नहीं कटी

## बेहराडाबर गांव का मामला, न्यायालय में बंटवारे का चल है मुकदमा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**भटनी।** बेहराडाबर गांव में जमीन विवाद के चलते 53 कट्ठा गेहूं की फसल अभी तक कट नहीं पाई है। इसको लेकर दोनों पक्ष प्रतिदिन थाने और तहसील का चक्कर लगा रहे हैं। डीएम के निर्देश पर पुलिस की मौजूदगी में गांव और थाने पर कई बार पंचायत भी हो चुकी है, लेकिन दोनों पक्षों के आपसी सहमति नही होने से गेहूं की कटाई नहीं हो पा रही है।

भटनी के बेहराडाबर गांव में मोतीलाल शर्मा और रमाकांत शर्मा के बीच जमीन को लेकर विवाद है। दोनों पक्ष जमीन को लेकर देवरिया न्यायालय में बंटवारा का केस लड़ रहे हैं। इसी बीच रबी की बुआई के समय नवंबर में मोतीलाल शर्मा के परिजनों ने 53 कट्ठे जमीन में गेहूं की बुआई की। अप्रैल में फसल पक कर तैयार हो गई।



जमीन विवादित होने से खेत में पड़ी गेहूं की फसल। संवाद

मोतीलाल पक्ष के लोगों ने फसल की कटाई करनी चाही तो रमाकांत पक्ष के लोगों ने विवादित जमीन बताकर कटाई रोक दी। तभी से दोनों पक्ष थाना, तहसील और डीएम कार्यालय का चक्कर लगा रहे है, लेकिन अभी तक फसल कट नहीं पाई है। अब लोग खरीफ की खेती करने को तैयारी में लगे है ऐसे में गेहूं की फसल नही कटने से गांव जवार के लोग हैरान है। वहीं खेत में पड़े फसल को जानवर नुकसान कर रहे है, लेकिन दोनों परिवार झुकने को तैयार नही है। प्रशासन भी कौन सही है कौन गलत है, इसके बारे में जांच करने की जहमत नहीं उठा रहा है।

जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व निरीक्षक थाने और गांव पहुंच सिर्फ खानापूर्ति कर चले जाते हैं। क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों परिवारों में जमीन को लेकर विवाद है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के चलते प्रशासन कोई निर्णय नही ले पा रहा है। ऐसे में दोनों पक्षों में सहमति बनाने के प्रयास किये जा रहे है।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# पंद्रह हजार का इनामिया तस्कर गिरफ्तार

कसया। स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार को पंद्रह हजार रुपये के इनामिया शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिस पर कई मुकदमे पंजीकृत थे।

इनामिया अभियुक्त संजय राय पुत्र जंगली को गिरफ्तार किया है, अभियुक्त कसया थाना क्षेत्र के भैसहा सदर टोला का निवासी है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष कसया गिरिजेश उपाध्याय, एसआई सभाजीत सिंह, का. अभिषेक मौर्य, का.महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# महिला प्रधान के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार के मामले में मुकदमा

जागरण संवाददाता, पटहेरवा : क्षेत्र के बगही की महिला ग्राम प्रधान के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर एक व्यक्ति के विरुद्ध मारपीट, दुर्व्यवहार व एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। घटना बीते 25 मई की बताई जा रही है।

महिला प्रधान सुनीता देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह घटना के समय गांव के बाहर तालाब पर मिट्टी का कार्य करा रहीं थीं। इसी दौरान गांव के सत्यनारायण यादव आए तथा पुरानी रंजिश के चलते हाथ पकड़कर जमीन पर गिरा दिए, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जानमाल की धमकी दिए। गांव के लोग बीच बचाव किए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सत्यनारायण यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस लाइन में मोहर्रिर व हेड मोहर्रिर हुए प्रशिक्षित

**पडरौना।** जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन सभागार में रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 22 थानों में आधा 11 थानों के प्रधान लेखक व लेखक को प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षक जीपी यादव डीजीसी क्रिमिनल, विजय यादव एसपीओ तथा अभियोजन अधिकारी नवनीत त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से प्रधान लेखक व लेखक को आगामी 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाला न्यू आपराधिक कानून के सफल क्रियान्वन के लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने नये कानूनों के बारे में विस्तार से बताते हुये उसे कैसे धरातल पर पालन किया जायेगा। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान तमाम पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# एमपी से आया युवक का शव, हड़कंप

**मल्लूडीह।** कसया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा कुड़वा उर्फ़ दिलीपनगर टोला धन्नीपट्टी में रविवार को सुबह शव आने के बाद चीख पुकार मच गया। उक्त गांव के अमित कुमार उर्फ भोला पुत्र मोहन प्रसाद उम्र 21 वर्ष अपनी बहन को पहुंचाने अपने बहनोई के पास ग्वालियर मध्य प्रदेश गया था। सकुशल पहुचाने के बाद ट्रेन से वापस आते समय ग्वालियर से कुछ ही दूर आगे आया था कि चलती ट्रेन से पैर फिसल गया और नीचे गिर पड़ा, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई । अमित दो भाइयों में छोटा था। अमित का अभी विवाह भी नहीं हुआ था। ग्वालियर की स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत

**मथौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मठिया उर्फ अकटहां में ब्रह्मस्थान की खाली पड़ी जमीन पर ग्रामीणों ने अवैध खनन का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर इसमें लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत मटिया उर्फ अकटहां में ब्रह्मस्थान के लिए जमीन आवंटित है। इससे नाराज गांव के महेंद्र साहनी, गोविंद साहनी, दुर्गा वर्मा, रामनवल साहनी, रामप्रवेश निषाद, पवन कुमार आदि ने थाना समधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों की शिकायत पर हाटा के नायब तहसीलदार सुनील सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच किया। इस संबंध में नायब तहसीलदार ने बताया कि खनन की गई भूमि की लंबाई-चौड़ाई की नाप कराई जाएगी।

# खनन अधिकारी ने की छापेमारी

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र के छितौनी बांध के समीप अवैध बालू खनन होने की सूचना पर खनन अधिकारी ने छापेमारी की। जहां अवैध बालू खनन की गाडियां नहीं मिली, लेकिन एक शिल्ट लदी टैक्टर ट्राली के साथ एक जेसीबी मिला, जिसे कब्जे में लेते हुए थाने लाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई की जानकारी होने पर जेसीबी को छुड़वाने के लिए ग्रामीणों ने खनन अधिकारी को रास्ते में रोक लिया।

रविवार को खड्डा क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर पडरहवा निवासी किसी व्यक्ति ने खनन अधिकारी को सूचना दिया कि छितौनी बांध के समीप स्थित नदी से अवैध बालू खनन कराया जा रहा। रोज दर्जनों गाडियां बालू लेकर जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही खनन अधिकारी अभिषेक सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। लेकिन अवैध बालू खनन होता नहीं पाया। हालांकि शिल्ट लदी एक टैक्टर-ट्राली व जेसीबी तथा बांध पर मिट्टी गिराने वाली एक दर्जन खाली गाडियां मिली। खनन अधिकारी ने शिल्ट लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली व जेसीबी को कब्जे में लेकर पुलिस को सुपुर्द कर दिया।



खड्डा क्षेत्र के वीरभार ठोकर के पास बालू खनन करने की सूचना पर छापेमारी करने पहुंचे खनन अधिकारी अभिषेक सिंह को रोके ग्रामीण।

# अज्ञात के विरुद्ध दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

**सेवरही।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम परसा उर्फ सिरसिया निवासी एक व्यक्ति की ग्राम भावपुर के टोला डुमरिया में गत दिनों एक गन्ने के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने का मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत परिजनों की तहरीर पर सेवरही पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। बीते दिनों सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम परसा उर्फ सिरसिया निवासी श्रीकांत सिंह पुत्र स्वर्गीय सूरत सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष कि घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर ग्राम भावपुर में एक गन्ने के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने के मामले में परिजनों से मिली तहरीर के आधार व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# प्रतिबंधित स्थानों पर नहीं होगी कुर्बानी

- सड़क पर नहीं पढ़ सकेंगे नमाज, दिन-रात भ्रमण करेगी पुलिस
- आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दर्ज किया जाएगा मुकदमा

जागरण संवाददाता, पडरौना: एसपी धवल जायसवाल ने आगामी त्योहारों को देखते हुए थानेदारों के साथ आनलाइन बैठक की। स्पष्ट निर्देश दिए कि बकरीद पर किसी भी प्रतिबंधित स्थान पर कुर्बानी नहीं दी जाएगी। न ही सड़क पर किसी को नमाज पढ़ने की इजात होगी। थानेदार व चौकी प्रभारी कड़ाई से इसका अनुपालन कराएं। इसमें तनिक भी लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान एसपी ने कहा कि त्योहारों को लेकर सभी थानों पर त्योहार रजिस्टर अपडेट कर लिए जाएं। जिन जगहों पर पिछले त्योहार पर विवाद हुए थे, वहां शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए ठोस कदम उठाएं।

इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए कि किसी भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न होने पाए। अपने-अपने क्षेत्र में मुस्लिम धर्म गुरुओं संग बैठक कर इस संबंध में लोगों को समय से जागरूक करें। बता दें कि पारंपरिक स्थानों पर ही कुर्बानी की रस्म पूरी की जाएगी। कुर्बानी करते समय इस बात का ध्यान रखेंगे कि इससे फैलने वाली गंदगी को तत्काल साफ कर दिया जाए।

ऐसे स्थानों पर खून या मांस बिखरे होने पर वहां के जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी। आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित के विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी। त्योहार वाले दिन थाने का मोबाइल दस्ता दिन-रात भ्रमण पर रहेगा। बैठक को एएसपी रितेश कुमार सिंह, अभिनव त्यागी ने भी संबोधित किया।

आनलाइन बैठक में सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, कसया कुंदन कुमार सिंह, खड्डा उमेश चंद्र भट्ट, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा, पीआरओ राघवेंद्र सिंह आदि शामिल हुए।



पुलिस लाइन सभागार में बैठक को संबोधित करते एसपी धवल जायसवाल दाएं से चौथे। • सौ. पुलिस मीडिया सेल

# 15 हजार का इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

जासं, कसया : क्षेत्र के पकवाइनार गांव के पास से कसया पुलिस ने रविवार सुबह शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान संजय राय निवासी भैंसहा सदर टोला थाना कसया के रूप में हुई। वह बीते डेढ़ साल से फरार था। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने उसके ऊपर 15 हजार रुपये इनाम घोषित किया है।

प्रभारी निरीक्षक गिरीजेश उपाध्याय को सूचना मिली कि शराब तस्करी के मुकदमे में वांछित तस्कर पकवाइनार के पास मौजूद है। मौके पर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। इस बीच चाय दुकान में दिखे संदिग्ध को पुलिस ने बुलाया तो वह खेत के रास्ते भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा। बाद में उसे न्यायालय ले जाया गया, वहां से जेल भेज दिया गया।

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

कप्तानगंज पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित जयप्रकाश निवासी लक्ष्मीपुर थाना कप्तानगंज को रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**कप्तानगंज में इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार :** कप्तानगंज: क्षेत्र के बाघनाथ तिराहा के पास से कप्तानगंज पुलिस ने एक वर्ष से फरार गैंगस्टर को रविवार को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान देवरिया जिले के महुआडीह थाने के सहोदरपट्टी के कन्हैया प्रसाद के रूप में हुई।

जनपद पुलिस ने उसके ऊपर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि तिराहा के पास संदिग्ध हाल में दिखा युवक पुलिस का वाहन देख भागने लगा। उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान गैंगस्टर के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए गैंगस्टर के विरुद्ध थाने के अलावा कोतवाली हाटा, कसया व पटहेरवा में गो-तस्करी के मुकदमे पंजीकृत हैं। उसके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

# थाने के लेखकों को दी नए कानून की जानकारी

- एक जुलाई से नए कानून के अनुसार दर्ज की जाएगी प्राथमिकी
- जिला शासकीय अधिवक्ता ने थाने के लेखकों को कराया अवगत

जागरण संवाददाता, पडरौना : एक जुलाई से लागू होने वाले नए कानून को लेकर रविवार को पुलिस लाइन सभागार में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें थानों के प्रधान व सहायक लेखकों को विधि विशेषज्ञों ने प्रशिक्षित किया। अगली कार्यशाला का आयोजन 16 जुलाई को होगा।

कार्यशाला में जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी जीपी यादव ने बताया कि एक जुलाई से नए कानून लागू होंगे। इसमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत थाने व न्यायालय में कार्य होंगे। नए कानून व निर्धारित प्रविधान के तहत ही प्राथमिकी दर्ज होगी। इसलिए यह आवश्यक है कि प्राथमिकी पंजीकृत करने वाले प्रधान तथा सहायक लेखकों को नए कानून की जानकारी हो। अभियोजन अधिकारी नवनीत त्रिपाठी ने कहा कि नए कानून में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलेगा। अंग्रेजों के समय के कानून में जो विसंगतियां थीं, नए कानून में उसे दूर किया गया है। शुरूआती दिनों में व्यवहारिक रूप से तनिक दिक्कतें आ सकतीं हैं लेकिन समय के साथ सबकुछ पहले जैसे ही सुगम हो जाएगा। कार्यशाला को विजय यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में जिले के सभी थानों के प्रधान व सहायक लेखक शामिल हुए।



पुलिस लाइन सभागार में थानों के लेखकों की बैठक में शामिल विधि विशेषज्ञ। • सौ. पुलिस मीडिया सेल

# घर में घुस कर महिला से दुष्कर्म का आरोप

जासं, पडरौनाः क्षेत्र में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म की घटना सामने आई है। रविवार को पीड़िता ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। घटना बीते गुरुवार की है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में महिला ने कहा है कि आरोपित युवक गांव का ही है और वह ब्याज पर रुपये देता है। उसके पति ने भी उससे ब्याज पर रुपये लिए और समय पर वापस भी कर दिए। पति ने घटना वाले दिन युवक से ब्याज पर पैसे की मांग की तो वह छावनी आने को कहा। पति संग वह भी छावनी गई थी। वहां पहले से आरोपित के दो भाई मौजूद थे। पैसा देने से पहले तीनों भाई सादे कागज पर हस्ताक्षर बनाने के लिए पति पर दबाव बनाने लगे। इन्कार करने पर आरोपितों ने पति को मारा-पीटा और उसे वहां से भगा दिया। डर के चलते वह घर आ गई। रात 10 बजे आरोपित युवक घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने कहा है कि उसी दिन से उसके पति लापता हैं। महिला ने आरोपित पर पति को गायब करने का आरोप लगाते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाली प्रभारी सुशील कुमार शुक्ल ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद

जासं, पटहेरवाः नगर पंचायत फाजिलनगर में एक हार्डवेयर की दुकान से पेंट सहित अन्य सामान की चोरी की घटना हुई। दुकान के सीसी कैमरे में घटना का फुटेज है। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना शनिवार रात की है।

पीड़ित दुकानदार मैनेजर सिंह ने दिए तहरीर में लिखा है कि उनकी दुकान फाजिलनगर ओवरब्रिज के पूरब है। घटना के समय वह दुकान से बाहर गए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में घुसकर पेंट, फेविकोल, हार्डवेयर का सामान आदि चुरा लिया। वापस लौटे तो सीसी कैमरे की जांच की, तब चोरी का पता चला।

## गर्भस्थ शिशु को नुकसान पहुंचाने का आरोप, तहरीर

जासं, पटहेरवा : क्षेत्र के जवार भैसहा गांव की एक महिला ने अपने पड़ोसी पर मारपीट कर गर्भ में पल रहे शिशु को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता नीलम देवी ने तहरीर में लिखा है कि शनिवार की रात 11 बजे वह गर्मी के चलते छत को पानी से धो रहीं थीं। पानी का कुछ अंश पड़ोसी के घर के आगे सड़क पर चला गया। इसी से नाराज दो पड़ोसी बाल पकड़ कर घसीटते हुए घर से बाहर ले गए। इस दौरान पेट में पल रहे आठ माह के गर्भ को नुकसान पहुंचने का खतरा है।

# अवैध खनन करते पकड़ा गया बुलडोजर व ट्रैक्टर-ट्राली



खनन करते पकड़े गए बुलडोजर के साथ खनन अधिकारी अभिषेक सिंह दाएं • जागरण

जासं, पनियहवाः खड्डा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पडरहवा गांव के समीप अवैध से खनन होने की सूचना पर पहुंचे जिला खनन अधिकारी ने एक बुलडोजर व ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर खड्डा थाना पुलिस को सौंप दिया।

रविवार की शाम ग्रामीणों की सूचना पर जिला खनन अधिकारी अभिषेक सिंह पुलिस बल के साथ नारायणी किनारे के गांव लक्ष्मीपुर पडरहवा पहुंचे जहां एक बुलडोजर से ट्रैक्टर ट्राली पर बालू की सिल्ट लादी जा रही थी। अधिकारियों को देखते ही बुलडोजर व ट्रैक्टर के चालक भाग गए। खनन अधिकारी ने बताया कि गांव से लगातार खनन की सूचना मिल रही थी, मौके पर पहुंच कर कार्रवाई की गई।

# स्कार्पियो चुराने का प्रयास

जासं, कप्तानगंज: कस्बा के वार्ड नंबर आठ सिंधी कालोनी में शनिवार की रात चोरों के गैंग ने दुकान के बाहर खड़ी स्कार्पियो चुराने का प्रयास किया। हालांकि गाड़ी स्टार्ट न होने के कारण वह सफल नहीं हो पाए। पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसी कैमरे में कैद है। पुलिस फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

कप्तानगंज कस्बा के सिन्धी कालोनी में रहने वाले विकास सिंह की इलेक्ट्रिक सामान की दुकान है। उनकी स्कार्पियो रात में दुकान के सामने खड़ी थी। सुबह विकास दुकान खोलने आए तो नहीं थी। खोजबीन शुरू किए तो कालोनी के बाहर सुनसान जगह पर मिली।

# सुकरौली में फुटपाथ पर अतिक्रमण से लग रहा जाम



सुकरौली स्थित फोरलेन के सर्विस रोड पर लगा जाम● जागरण

जासं, सुकरौली बाजार: कस्बा में फोरलेन की सर्विस रोड व किनारे बनी नालियों पर दुकानदारों, ठेला-खोमचा वालों ने अतिक्रमण कर लिया है। इस वजह से फुटपाथ गायब हो गया है। दुकानों के सामने बाइक व अन्य वाहनों के खड़ा किए जाने से हर दिन जाम लगता है। रविवार, मंगलवार व शुक्रवार को लगने वाली बाजार के समय परेशानी बढ़ जाती है। पैदल चलने वालों के लिए सर्विस रोड पर जगह ही नहीं बचती है।

फोरलेन के दोनों तरफ बसा सुकरौली कस्बा क्षेत्र का मुख्य बाजार है। आसपास के गांवों के लोग यहां जरूरत का सामान खरीदने आते हैं। बाइक व गाड़ी खड़ा करने के लिए कोई निश्चित जगह न होने से सर्विस रोड पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे जाम लगता है। इस समस्या से निजात दिलाने की सुध न तो नगर पंचायत ले रहा और न ही प्रशासन। बढ़या चौक, पेट्रोल पंप व इंटर कालेज तक फोरलेन के दोनों तरफ अतिक्रमण है। कोई बड़ा वाहन सर्विस रोड पर आ जाता है तो घंटों लोग जाम से परेशान रहते हैं। यही हाल कस्बा से गांवों को जोड़ने वाली गनेशपुर व बंचरा सड़क की है। किनारे लोगों का अतिक्रमण है, दुकानों के सामने लोग गाड़ियां खड़ी कर जाम की समस्या खड़ी करते हैं। कस्बावासियों ने अतिक्रमण हटवाकर जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

# महाकाल गिरोह की सक्रियता से दियारा क्षेत्र में अशांति का माहौल

जागरण संवाददाता, तरयासुजान : एक बार फिर दियारा क्षेत्र महाकाल गिरोह की सक्रियता के कारण अशांति की स्थिति में है। पुलिस प्रशासन को गैंग के बाकी सदस्यों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए अभियान चलाना होगा। इस गिरोह में कुछ युवक

### वर्चस्व की जंग में भावपुर में गोली मारकर हुई थी संदीप की हत्या

शामिल हैं। जो जींस पहनते हैं, हनी कट बाल रखते हैं और गले में रुमाल बांधते हैं। बाइक से चलते हैं। गिरोह के संरक्षणदाता भी इसी क्षेत्र के हैं।

बताया जाता है कि अहिरौलीदान से लेकर विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बीच इस गिरोह के सदस्य शराब की अवैध तस्करी से लेकर, छिनैती, दुष्कर्म आदि घटनाओं को अंजाम देते हैं। गिरोह के संदीप आर्य की हुई हत्या के बाद यह बात सामने आई कि उसके विरुद्ध तरयासुजान, सेवरही, विशुनपुरा सहित बिहार के गोपालगंज के थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बीते 26 मई को तरयासुजान के भावपुर गांव में शाम साढ़े सात बजे जश्न के दौरान गोली मारकर की गई संदीप की हत्या भी इस गिरोह में बढ़ते गैंगवार का ही कारण रहा। पुलिस का दावा है कि वर्चस्व के लिए गिरोह के पांच सदस्यों ने सुनियोजित रूप से संदीप की गोली मारकर हत्या की थी। सीओ जितेंद्र कालरा ने कहा कि महाकाल गिरोह के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत आपूर्ति बहाल करने को लेकर जाम किया हाईवे

- खड्डा तहसील क्षेत्र में चक्रवात के 10 दिन बाद भी शुरू नहीं हुई आपूर्ति
- दो घंटे तक ठप रहा आवागमन, लग गई वाहनों की लंबी कतार

जागरण संवाददाता, पनियहवा: चक्रवात के बाद 10 दिनों से खड्डा तहसील क्षेत्र के कई गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित चल रही है। इससे आक्रोशित उपभोक्ताओं ने रविवार को बेलवनिया गांव में एनएच 28 बी को जाम कर दिया। इससे आवागमन बाधित हो गया, दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। लगभग दो घंटे तक वाहनों के चालक परेशान रहे। अवर अभियंता प्रभात दूबे व एसएचओ अजय पटेल ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। कहा कि तेजी से मरम्मत कार्य चल रहा है, शीघ्र आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

आपूर्ति बहाल किए जाने की मांग को लेकर शनिवार की रात में भी बेलवनिया के समीप लोगों ने सड़क जाम किया था। मौके पर पहुंचे अवर अभियंता व एसएचओ ने रविवार को आपूर्ति बहाल किए जाने की बात कही थी। दोपहर तक बिजली नहीं मिली तो पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं सड़क पर उतर गईं। उनका कहना था कि 10 दिनों से छितौनी कस्बा, बेलवनिया, जिंदाछपरा, करदह, बसडीला, जखिनिया, नौतार, केशवपट्टी, बोधीछापर, पड़रहवा, भगवानपुर समेत अन्य गांवों के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। अवर अभियंता ने बताया कि अधिक संख्या में पोल व तार टूटने के कारण समस्या आ रही है। कई टीमों को लगाकर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। रात में आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।



बेलवनिया में सड़क जाम की महिलाएं ● जागरण

## तकनीकी गड़बड़ी से तीन उपकेंद्रों की आपूर्ति बाधित

पडरौना : कसया कस्बा स्थित वितरण खंड में तकनीकी गड़बड़ी के कारण शाम साढ़े सात बजे से रवींद्रनगर, पडरौना और रामधाम विशुनपुरा उपकेंद्रों से जुड़े सौ से अधिक गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। अवर अभियंता सर्वेश दूबे ने बताया कि शीघ्र ही आपूर्ति बहाल की जाएगी। विशुनपुरा ब्लाक के मनिकौरा उपकेंद्र का पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब होने से शनिवार की सुबह पांच बजे से 20 गांवों की आपूर्ति बाधित थी। रविवार की दोपहर दो बजे 36 घंटे बाद आपूर्ति बहाल हुई तो लोगों को राहत मिली। अवर अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति बहाल करा दी गई है।



सीएचसी की चहारदीवारी तोड़कर बनाया गया रास्ता● जागरण

# सीएचसी की चहारदीवारी तोड़कर परिसर में बना लिया रास्ता

जागरण संवाददाता, मंसाछापरः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुरा परिसर में अतिक्रमण हो रहा है। कई लोग अस्पताल की चहारदीवारी के ऊपर अपने घर की खिड़की खोल दिए हैं। कई घरों का दरवाजा खोलकर सीएचसी परिसर में रास्ता बना लिया गया है। कई जगहों पर चहारदीवारी को तोड़कर रास्ता बना लिया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही। इससे अतिक्रमण करने वालों का हौसला बढ़ता जा रहा है। परिसर में ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी की जाती है, टेंट के सामान रखे जाते हैं। अस्पताल का गेट भी टूट गया है, बगल में गंदगी का अंबार लगा रहता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. जीशान अलीम ने बताया कि मेरी तैनाती के पहले से लोग अस्पताल की चहारदीवारी के ऊपर दरवाजा खोले हुए हैं। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है। पुलिस से भी शिकायत की गई थी, लेकिन अतिक्रमणकारी दरवाजा बंद करने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

# दहेज हत्या में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** सेवरही थाने की पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित अंकित गोंड निवासी बंगरा रामबक्स राय (दुमही) थाना सेवरही व एक अन्य महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन दोनों की पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई राजेन्द्र सिंह, एसआई अजय कुमार यादव, हेड कांस्टेबल मुलायम यादव, कांस्टेबल वकील कुमार, महिला कांस्टेबल माया पाल शामिल रहे। संवाद

# 15 हजार के दो इनामी पुलिस के हत्थे चढ़े

**पडरौना।** कसया व कप्तानगंज पुलिस ने 15 हजार के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसमें कसया पुलिस ने इनामी शराब तस्कर संजय राय निवासी भैंसहा सदर टोला थाना कसया को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर गिरिजेश उपाध्याय, एसआई सभाजीत सिंह, कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, अभिषेक मौर्य शामिल रहे। वहीं, कप्तानगंज थाने की पुलिस ने 15 हजार के इनामी देवरिया जिले के थाना महुआडीह के ग्राम सभा सहोदरपट्टी निवासी कन्हैया को गिरफ्तार किया। आरोपी पर कप्तानगंज थाने में गैंगस्ट एक्ट के तहत केस दर्ज था। काफी दिनों से तलाश की जा रही थी। इस पर 15 हजार का इनाम घोषित था। संवाद

## पांच प्रतिबंधित पशु बरामद

**फाजिलनगर।** पटहेरवा पुलिस ने पांच प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। एसओ उमेश यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर बड़हरा तिराहे के पास से वध के लिए जा रहे पांच प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया गया है। इस दौरान पशुओं को लेकर जा रहे तस्कर मौके से वाहन छोड़ भाग निकले। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

## पुराने विवाद में मारपीट, सात पर केस

**पडरौना/रामकोला।** थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ियार नौगांवा निवासी निर्मला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनके हिस्से की एक जमीन पर छह माह से विवाद चल रहा है। उस विवादित जमीन को लेकर कई बार सुलह समझौता भी हुआ है, लेकिन दूसरे पक्ष के लोग मानने को तैयार नहीं है। बीते चार जून की सुबह आरोपी रामप्रीत, नरसिंह, राजनाथ, शीला, छोटे, रीता देवी और चन्द्रावती ने गोलबंद होकर उनके साथ मारपीट की। आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

**जमीन विवाद को लेकर मारपीट :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बांसी टोला सिंगापट्टी निवासी दुलारी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि पांच जून की शाम वे अपने दरवाजे पर खड़ी थी। इसी बीच गांव के रजली देवी और मंदीप पुराने जमीनी विवाद को लेकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध जताने पर उन लोगों ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# मारपीट के मामले में दो पर केस

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि पड़ोस के एक गांव में उनकी लड़की की शादी तय है। उनके ही पट्टीदारी का लड़का वहां फोन कर लड़की को बदनाम कर रहा है। यह बात पता चलने पर पीड़िता की मां उलाहना देने गई तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। तहरीर मिलने पर पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में दो पर केस दर्ज

**पडरौना।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम अन्हारीबारी निवासी शांति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि पांच मई की रात उनके गांव के उपेंद्र और रोशन दरवाजे पर आकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध जताने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। मामले में पुलिस आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# चोरी की वारदात सीसी कैमरे में कैद

समउर बाजार/फाजिलनगर। पटहेरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत फाजिलनगर में एक हार्डवेयर की दुकान से पेंट सहित अन्य सामान की हुई चोरी की घटना दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद है।

पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। पीड़ित दुकानदार मैनेजर सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उनकी दुकान फाजिलनगर छोटी ओवरब्रिज के पूरब दिशा में है। संवाद

# मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी थाने भेजा

संवाद न्यूज एजेंसी

खड्डा। मिट्टी खनन की सूचना पर लक्ष्मीपुर पडरहवा गांव पहुंचे खनन अधिकारी ने मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। वहां पास खड़े खाली ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेने का प्रयास करने पर गांव के लोग भड़क गए। पुलिस ने हस्तक्षेप कर लोगों को शांत कराया।

खनन अधिकारी आशुतोष सिंह रविवार को खड्डा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पडरहवा गांव के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली पर मिट्टी लदी मिली। पास में जेसीबी भी मिला। उन्होंने मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी को थाने भेज दिया। इसके कुछ दूरी पर गंडक नदी के किनारे करीब आठ की संख्या में खड़े खाली ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी को खनन अधिकारी ने उन खनन में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए थाने ले जाने लगे। गांव के लोग आक्रोशित हो गए।

## तहसीलदार के आने से पहले ही भाग गए खनन माफिया

मथौली। कस्बा के रानी लक्ष्मीबाई नगर के मुड़िला हरपुर सिवान के पास कृषि योग्य भूमि में रविवार की दोपहर करीब तीन बजे मिट्टी खनन की शिकायत हाटा तहसीलदार को मिली। तहसीलदार मौके पर पहुंचे, लेकिन उनके आने की भनक लगते ही खनन माफिया वहां से भाग निकले। मौके से एक ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी पकड़ी गई। संवाद

# दो पर मारपीट व एससी-एसटी का केस

पिपरा बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बरगहा गांव निवासी दीपक की पत्नी गुड़िया देवी पुलिस को तहरीर दी है कि 24 मई को दोपहर दरवाजे पर खेल रहे उनके बेटे को गांव के दो युवकों ने बाइक से टक्कर मार दी।

जब वह पूछने युवकों के घर गई तो युवकों व उनके परिजनों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी का केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पीड़िता के तहरीर पर अफजल अंसारी और इस्लाम के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

## एक पर एससी-एसटी का केस

फाजिलनगर। पटहेरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बगही निवासी सुनीता देवी की तहरीर पर पटहेरवा पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि 25 मई की शाम वे अपने गांव के बगल में एक तालाब खुदाई का काम कर रही थी। सत्यनारायण यादव पहुंच गए और पुराने विवाद को लेकर अमर्यादित व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगा। संवाद

# परीक्षा के बाद लगा जाम, क्रॉसिंग बंद होने से बढ़ी परेशानी

## यूएनपीजी और यूएनआईसी से बाहर निकले अभ्यर्थी, जलकल तिराहे पर थम गया वाहनों का पहिया, सुभाष चौक तक दिखी भीड़

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शहर के यूएनपीजी और यूएनआईसी कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा के केंद्र बनाए गए थे। दूसरी पाली में प्रवेश परीक्षा देकर जब अभ्यर्थी बाहर निकले तो जाम में फंस गए। किसी तरह कॉलेज गेट से होकर जलकल तिराहे पर पहुंचे तो यहां रेलवे क्रासिंग बंद होने से परेशानी और बढ़ गई। जलकल तिराहे पर वाहनों का पहिया थम गया। सुभाष चौक तक सड़कों पर अभ्यर्थियों की भीड़ नजर आई। कोई साधन के इंतजाम में खड़ा रहा तो किसी ने परिचित के आने का इंतजार किया।

दोनों पालियों में संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए दूर-दूर से अभ्यर्थी शहर में आये थे। शाम की पाली से प्रवेश परीक्षा देकर जब अभ्यर्थी गेट से बाहर निकले तो उन्हें जाम में फंसना पड़ा। दो पहिया व चार पहिया वाहनों से परीक्षा देने आये अभ्यर्थियों के लौटने के दौरान कॉलेज गेट से लेकर जलकल तिराहे तक जाम लग गया। इससे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई तो पैदल चलना भी कठिन हो गया। किसी तरह वहां से अभ्यर्थी जलकल तिराहे तक पहुंचे।

यहां ट्रेन आने के दौरान बंद किए गए क्रासिंग के कारण लगे जाम में उन्हें तकरीबन 20 मिनट तक रुकना पड़ा। क्रासिंग खुलने के बाद वह सुभाष चौक के लिए निकले। शहर की हृदयस्थली कहे जाने वाले सुभाष चौक की सड़कों पर भी अभ्यर्थियों की भारी भीड़ नजर आई।

बस के इंतजार में कुछ खड़े रहे तो कुछ परिचित लोगों के आने का इंतजार करने लगे। हालांकि परीक्षा छूटने के बाद यातायात पुलिस भी सक्रिय नजर आए। जाम लगने के बाद पहुंचे यातायात पुलिसकर्मी पहुंचे और जाम खत्म कराया। रामकोला रोड और कठकुइयां मोड़ पर लोगों को जाम से जूझना पड़ा। शहर की कई प्रमुख सड़कों पर भी परीक्षा छूटने के बाद जाम लगा रहा।





पडरौना शहर के डिग्री कॉलेज व कोतवाली मोड़ पर बीएड प्रवेश परीक्षा के बाद लगा जाम। पडरौना शहर के सुभाष चौक जाने वाली सड़क पर लगा जाम। संवाद

### बिहार के परीक्षार्थियों को नहीं मिलीं रोडवेज की बसें

बीएड प्रवेश परीक्षा में बिहार प्रांत के बेगूसराय और गोपालगंज से भी परीक्षार्थी शामिल होने आए थे। द्वितीय पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद परीक्षार्थी बस स्टैंड पर पहुंचे, लेकिन बिहार जाने के लिए कोई बस नहीं मिली। इसके चलते परीक्षार्थियों को टेंपो और निजी बसों से अधिक किराया देकर जाना पड़ा। परीक्षार्थियों का कहना था कि परीक्षा को देखते हुए रोडवेज को बसों का संचालन बढ़ाना चाहिए



पडरौना रोडवेज बस स्टैंड पर भटकते गोपालगंज से आए परिक्षार्थी। संवाद

# महिला प्रधान के साथ मारपीट करने वाले पर केस

**समउर बाजार।** पटहेरवा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बगही की महिला प्रधान के साथ मारपीट करने वाले पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। बगही गांव की प्रधान सुनीता देवी पत्नी अमरजीत प्रसाद 25 मई को गांव के बाहर तालाब पर मिट्टी की कार्य करा रही थीं। उसी दौरान गांव के सत्य नरायण यादव वहां पहुंचे तथा पुरानी रंजिश के चलते अपशब्द बोलने लगे। विरोध करने पर हाथ पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। जिससे चोटें आई हैं। पुलिस इस मामले में सत्यनारायण यादव पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# गोलबंद होकर हमला करने वाले 11 को जेल भेजी पुलिस

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र के पैसिया बाबू निवासी विशाल अग्रहरी पर हमला कर मारपीट कर लहूलुहान करने के आरोप में नौतनवा पुलिस 22 नामजद व एक दर्जन अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज की है। इसमें से 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया। फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। मारपीट में घायल विशाल का कस्बे के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विशाल का आरोप है कि बीते शुक्रवार की रात तस्करी के जरिए नेपाल भेजी जा रही चावल की खेप पुलिस पकड़ थी। चावल पकड़े जाने के बाद शनिवार की सुबह आरोपित एक युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। उसकी सूचना सीओ नौतनवा को दी गई। इसी बात की रंजिश में आरोपित उसके दुकान पर पहुंच आए और हमला कर दिया। कुछ के हाथ में लाठी-डंडा था।

कुछ अवैध असलहा लिए हुए थे। जान से मारने की धमकी दे रहे थे। दो दर्जन से अधिक आरोपितों ने मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया। बेहोश हो जाने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। आरोप है कि इस दौरान दुकान में रखा करीब 21 हजार रुपया भी ले गए और दुकान का सामान भी तोड़फोड़ दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर 22 नामजद एवं एक दर्जन अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपितों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है।

# बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**परतावल।** बकरीद को लेकर रविवार को श्यामदेउरवां थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हमारा देश शांति का प्रतीक है, जिसने पूरे विश्व को भाईचारे, प्रेम, सौहार्द एवं एकता का संदेश दिया है। इस अवसर पर सतीश मद्धेशिया, विनय सिंह, प्रधान मनोज, जनार्दन यादव, अनिल कुमार, हेसामुद्दीन, श्याम पांडेय, विजय मिश्रा, लालजी चौधरी, रामदयाल सिंह, अली मोहम्मद, दीनानाथ आदि मौजूद रहे।

# वर्ष भर पूर्व किया था प्रेम विवाह

जासं, परसामलिक : मर्यादपुर टोला सेवतरा में विवाहिता गुंजा का शव घर के कमरे में मिला। घटना के बाद से हत्यारोपी पति फरार है। मृतका की मां रमावती ने बताया कि रवि का अपने मामा महेंद्र के घर पहले से आना-जाना था। तभी उसकी जान पहचान पुत्री गुंजा से हो गई।

प्रेम परवान चढ़ा तो दोनों ने गांव के मंदिर में शादी कर ली, लेकिन ससुराल जाने के कुछ माह बाद ही पति व सास का व्यवहार गुंजा के प्रति बदल गया और वे दहेज की मांग करते हुए उसे तरह तरह से प्रताड़ित करने लगे।

# पुलिस को मिला बैडमिंटन कोर्ट पार्क में खेलेंगे घरैया लाइन के बच्चे

जागरण संवाददाता, महराजगंजः पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों और रंगरूटों को बैडमिंटन के लिए अब जिला स्पोर्ट स्टेडियम नहीं आना पड़ेगा। पुलिसकर्मियों को अपना स्वयं का बैडमिंटन कोर्ट मिल गया है। इसके नवीनीकरण के साथ ही पुलिसकर्मियों के परिवार और बच्चों व बुजुर्गों के लिए घरैया लाइन में पार्क का भी निर्माण शुरू करा दिया गया है। सुबह-शाम बच्चे और बुजुर्गों के साथ अन्य लोग भी आनंद ले सकेंगे।



पुलिस लाइन में बनकर तैयार बैडमिंटन कोर्ट● जागरण

पुलिस लाइन में बैडमिंटन कोर्ट नहीं होने के कारण पुलिस की अंतरजनपदीय प्रतियोगिता के लिए पुलिस विभाग को जिला स्पोर्ट स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में आना पड़ता था। इसके साथ ही पुलिस लाइन में कैंटिन की हालत भी जर्जर हालत में थी। वहीं आदेश कक्ष में भी सुविधाओं का अभाव था। इसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के फंड से ही इन कार्यों को कराने का निर्देश दिया था।

जिसके क्रम में पुलिस लाइन में बैडमिंटन कोर्ट समेत आदेश कक्ष व कैंटिन के जीर्णोद्धार किया गया। साथ ही अब घरैया लाइन के लिए विशेष पार्क का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिसमें लाइट व फव्वारा भी लगाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि पुलिसकर्मी समाज की सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। उनके परिवार पुलिस लाइन में रहते हैं, उनकी सुविधाओं के लिए पुलिस लाइन में विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

# बसंतपुर व नौतनवा हुई चोरी का नहीं हो सका पर्दाफाश

- सिंदुरिया के बसंतपुर खुर्द व नौतनवा कस्बे के महेंद्रनगर वार्ड में हुई थी चोरी की घटना
- बसंतपुर में चोरी का विरोध करने पर चोरों ने कर दिया था चाकू से हमला

जागरण संवाददाता, महराजगंजः पिछले गुरुवार को एक ही रात नौतनवा के महेंद्रनगर वार्ड के गाडसन कालोनी और सिंदुरिया थाना के बसंतपुर खुर्द गांव में हुई चोरी के मामले में अभी आरोपितों का सुराग नहीं लग सका है। नौतनवा में चोरों ने जहां करीब सात लाख रुपये के जेवर पार कर दिए थे, वहीं बसंतपुर खुर्द में नकब काटकर चोरी के दौरान पड़ोसी के विरोध करने पर चाकू भी मार दिया था। थाना पुलिस के साथ इसमें एसओजी व अन्य टीमें भी लगाई गई हैं।

पहली घटना नौतनवा नगर के महेंद्र नगर वार्ड में स्थित गाडसन कालोनी में शशिकला साहनी के घर हुई। घटना के दौरान स्वजन घर से बाहर अपने किसी रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। इसका फायदा उठाकर घर में घुसे चोरों ने बक्से में रखा सोने का एक हार, तीन लाकेट, तीन चेन, कान का चार जोड़ी झुमका, बाला व झाला, एक जोड़ी टप्स, तीन मंगलसूत्र, एक ब्रेसलेट, एक पीस मांगटीका समेत करीब सात लाख रुपयों का जेवर लेकर चंपत हो गए। दूसरी घटना बसंतपुर गांव में हुई, जहां रात में करीब एक बजे के आसपास मुन्ना के घर में नकब काटकर आरोपित चोरी कर ही रहे थे, कि तभी पड़ोसी संतोष की नींद खुल गई। जिसके बाद आरोपितों ने उसपर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल करते हुए उसके घर से भी सामान लेकर फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि दोनों घटनाओं में जांच जारी है। जल्द ही दोनों घटनाओं का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# महिला के साथ अभद्रता करने के मामले में एक के विरुद्ध मुकदमा

- निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना
- महिला का पति बाहर कमाने गया है अकेले बेटी के साथ रहती है पीड़िता

जासं, निचलौलः थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपित के द्वारा घर में घुसकर महिला का साड़ी खींचने व उसके साथ मारपीट के मामले में पुलिस में एक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी को दिए गए तहरीर में पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति बाहर कमाने गए हुए हैं। वह अपनी बेटी के साथ अकेले घर पर रहती है। 23 मई को वह अपनी बेटी के साथ कमरे में सो रही थी, तभी गांव का ही एक युवक घर में घुसकर उसकी साड़ी खींचने लगा। विरोध करने पर उसने महिला को मारा मारा पीटा। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर मेडिकल कराकर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# दुष्कर्म पीड़िता मूकबधिर बालिका की तबीयत बिगड़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

## जिला अस्पताल में चल रहा उपचार, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**खुटहां बाजार।** पनियरा थाना क्षेत्र के दुष्कर्म पीड़ित मूकबधिर बालिका की हालत नाजुक बनी हुई है। शुक्रवार शाम करीब आठ बजे चौदह वर्षीय मूकबधिर बालिका पानी लेने के लिए नहर के किनारे हैंडपंप पर गई थी, तभी गांव का युवक उसे बहला-फुसलाकर भट्ठे की तरफ लेकर चला गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

उसके चेहरे पर कई जगह काटने के निशान भी हैं। बालिका के देर से घर पहुंचने पर मां ने पूछताछ की तो वह आरोपी के घर ले गई और उसकी करतूत इशारों में बताई। शनिवार शाम से पीड़िता की तबीयत खराब हो गई। रविवार सुबह उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा में भर्ती कराया गया।

बालिका की हालत को गंभीर देखकर डॉक्टरों ने रविवार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता की हालत के बारे में जानकारी ली जा रही है।

# मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे थे, ग्रामीणों ने बांधा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसवा अमहवा में रविवार सुबह भोर में हैंडपंप पर पानी भर महिला का दो बाइक सवार युवक मंगलसूत्र छीनकर भागने लगे।

शोर सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़ाकर दोनों युवकों को पकड़ लिया। रस्सी से बांधकर उनकी पिटाई कर दी। गांव के किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर घटनास्थल पहुंची और युवकों को छुड़ाकर कोतवाली ले गई। पुलिस के अनुसार, सिसवा अमहवा गांव की महिला कमलावती रविवार को सुबह अपने घर में लगे हैंडपंप पर पानी भर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे और पानी पीने लगे।

महिला को अकेला देखकर उसके गले से मंगलसूत्र छीनकर भागने लगे। महिला ने शार मचा दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को दौड़ाकर पकड़ लिया। दोनों को रस्सी से बांधकर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक राहुल शुक्ला ने बताया कि घटना संज्ञान में है।

दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। महिला ने पुलिस को पत्र लिखकर दी है कि वह दोनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहती है।



अमहवा में आरोपियों को ग्रामीणों ने बांधा। स्रोत-सोशल मीडिया

## गांव के किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

# प्रधान से मारपीट, 12 पर केस दर्ज

मिठौरा। सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सभा मुंडेरा खुर्द के ग्राम प्रधान राम सूरत पटेल ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। राम पटेल पटेल की तहरीर के अनुसार शनिवार को गांव के पूरब टोला पर इंटरलाकिंग हो रहा था। ग्राम सभा निवासी एक व्यक्ति से कहा रास्ते में तीन पेड़ आप निकाल लिजिए। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिए। थाना प्रभारी सिंदुरिया अजित प्रताप सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों से 12 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। संवाद

# एनडीपीएस एक्ट में वांछित वारंटी को भेजा जेल

नौतनवा। कस्बे के वार्ड नंबर 8 मधुबन नगर निवासी एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि नौतनवा कस्बा के वार्ड नंबर 8 मधुबन नगर निवासी पेंटर उर्फ असरफ एनडीपीएस एक्ट में वांछित था। रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# केस दर्ज नहीं होने से महिलाएं परेशान

सिंदुरिया। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भेड़िया निवासी समूह की महिलाओं ने एकजुट होकर थाने में तहरीर दी, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ है। समूह का रकम जमा नहीं हो रहा है। अगर कार्रवाई नहीं आन्दोलन किया जाएगा। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप

**सिसवा बाजार।** कोठीभार थाना अंतर्गत एक गांव की महिला ने घुघली निवासी एक युवक पर बेटी के साथ विद्यालय से आते-जाते समय छेड़छाड़ और अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने कहा कि उसकी बेटी घुघली के एक इंटर कॉलेज की छात्रा है। जब वह पढ़ने के लिए विद्यालय जाती है तो घुघली का ही रहने वाला एक युवक छेड़छाड़ करता है। अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# बिना अनुमति पेड़ कटवाने का आरोप

**घुघली।** ग्राम सभा में चकरोड के किनारे लगे पेड़ को ग्राम प्रधान ने कटवा दिया। इससे ग्रामवासियों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सभा के पेड़ को कटवाने ने लिए ग्रामीणों के बीच एक खुली बैठक कर उसमें अनुमति लेनी चाहिए। ग्रामीण आशुतोष तिवारी, उमेश यादव, शिव साहनी, गोलू, बबलू यादव आदि ने ग्राम प्रधान पति पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की माग संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है। प्रधान पति रविंद्र चौधरी ने कहा कि रास्ते में पेड़ गिरने से लोगों को परेशानी हो रही थी, जिससे पेड़ बिना किसी से पूछे ही कटवा दिया। संवाद

# चोरी के मामले में पुलिस ने छह को उठाया

**सिंदुरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बसंतपुर खुर्द में शुक्रवार को रात दो घरों में सेंध काटकर चोरी हुई थी। विरोध करने पर चोरों ने गृह स्वामी को चाकू मारकर घायल कर दिया था। रविवार को मामले में पुलिस ने पांच-छह लोगों को उठाकर पूछताछ की। स्वाट टीम और सर्विलांस टीम के साथ सीओ सदर ने मौके का निरीक्षण किया। सीओ आभा सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों और पीड़ितों से जानकारी ली। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों से भी जानकारी ली गई। संवाद

# बिना परमिशन के काटे आम के पांच पेड़

**महराजगंज।** परतावल क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरिया में बिना परमिशन के वन माफिया ने पांच फलदार आम के पेड़ काट दिए। ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। काटने वाले व पेड़ मालिक को पुलिस के सहयोग से पकड़कर ले गई।

श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के पिपरिया में प्राथमिक विद्यालय के सामने बागीचे में लगे आम के फलदार वृक्ष को मालिक ने बेच दिया। वृक्ष खरीदने वाले ठिकेदार ने आनन- फानन वृक्ष को कटवाना शुरू कर दिया। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारी को दी, लेकिन वन विभाग के अधिकारी द्वारा गंभीरता न दिखाने पर ग्रामीण ने सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। कुछ ही देर बाद परतावल क्षेत्र के रेंजर ओम प्रकाश सिंह परतावल पुलिस चौकी पर पहुंचे, पुलिस बल लेकर घटना स्थल पर पहुंच वृक्ष कटवा रहे ठेकेदार व वृक्ष मालिक को पकड़ कर पुलिस चौकी ले गए।

रेंजर ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि बिना परमिशन के पांच फलदार आम के पेड़ काटे हुए मिले हैं। पेड़ काटने वाले ठेकेदार व बेचने वालों के विरूद्ध वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# युवक को पीटने वाले 22 नामजद, 12 अज्ञात पर केस

## पुलिस को जानकारी देने पर शनिवार को तस्करों ने की थी पिटाई, 11 का चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवा।** पुलिस को सूचना देने से नाराज तस्करों ने थाना क्षेत्र के गांव पैसिया बाबू निवासी एक युवक को पीटकर घायल कर दिया था।

रविवार को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 22 नामजद, 12 अज्ञात के खिलाफ गोलबंद होकर मारपीट, जानलेवा हमला करने, लूट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

नौतनवा थाना क्षेत्र के गांव पैसिया बाबू टोला बैरिहवा निवासी विशाल अग्रहरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात गांव में नेपाल तस्करी के लिए ले जाया जा रहा चावल पुलिस ने पकड़ लिया था। सुबह गांव के ही एक युवक को कुछ तस्कर पीट रहे थे। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा को दी।

पैसिया बाबू चौराहे के पास स्थित अपनी दुकान पर बैठा था। तभी दर्जन भर से अधिक तस्कर आए और दुकान में घुसकर लाठी-डंडे और लोहे की राड से पिटाई कर दी, जिससे वह घायल होकर अचेत गया। उसके बाद दुकान में तोड़फोड़ कर कैश काउंटर में रखा करीब 21 हजार रुपये और सामान लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी कलामुद्दीन खान, आशिक अली खान, मैनुद्दीन खान, लल्लू खान उर्फ असबुद्दीन खान, शब्बीर खान, कैफ खान, नियाज अहमद समेत 22 नामजद, 10-12 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जंगल से भुटकी की तस्करी करने वाले तीन पकड़े

**निचलौल।** सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के मधवलिया वन रेंज के जंगलों से भुटकी की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को वन कर्मियों की टीम ने गश्त के दौरान पकड़ लिया। इस दौरान टीम ने तीनों आरोपियों के पास से दो बाइक पर बोरी में लदी 15 किलो भुटकी भी बरामद कर ली। टीम पकड़े गए तीनों आरोपियों को बरामद भुटकी के साथ रेंज परिसर लाकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वही वनकर्मियों की जंगल में सख्ती बढ़ते देख अवैध कारोबार करने वाले में हड़कंप मच गया। मधवलिया वन क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार ने कहा की वह टीम के साथ वन संपदा और वन्य जीवों को सुरक्षित रखने के लिए जंगल में गश्त कर रहे थे। अभी वह मधवलिया वन रेंज के मधवलिया बीट के जंगल में पहुंचे थे। इसी बीच दो बाइक से कुछ लोग बोरी में सामान लेकर जंगल से बाहर निकल रहे थे। एक बाइक मानवाधिकारी लिखा हुआ था, लेकिन संदिग्ध होने पर दोनों बाइक सवार लोगो को रोकने का प्रयास किया गया। वह पहले भागने की कोशिश की। लेकिन टीम की सतर्कता के वजह से वह लोग भाग नहीं सके। फिर उन्हें पकड़ कर बाइक पर बोरी में रखी सामान की जांच की गई तो उसमे से जंगल से खोदे गए 15 किलो भुटकी बरामद हुई। पकड़े गए तीनों आरोपियों ने टीम के पूछताछ में अपना नाम दुर्गेश गुप्ता, भोला रौनियार और मुकेश निवासी निवासी देवघट्टी बताया है। पकड़े गए तीनों को रेंज परिसर लाकर पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**आरोपी पहले जंगल में आग लगाते हैं :** मधवलिया वन क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार ने बताया की भुटकी की तस्करी करने वाले आरोपी पहले जंगल में आग लगाते हैं। ताकि जंगलों में गिरी पत्तियों के साथ झाड़ियां जल जाए। फिर दो से तीन बारिश होने के बाद जंगल में भुटकी निकलने लगती है। ऐसे में आग से पत्तियां और झाड़ियां जलने की वजह से जमीन पर भुटकी साफ तौर से दिखाई देती है, फिर तस्कर उसे आसानी से खोद बाजारों में बेचते हैं। संवाद

# नेपाल भेजी जा रही खाद बरामद

## खाद छोड़कर आरोपी फरार, खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों की टूटी नींद

अमर उजाला इंपैक्ट

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्र के भरवलिया गांव में की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। धान की रोपाई शुरू होते ही तस्करों ने भारत-नेपाल सरहद पर भारतीय खाद की तस्करी शुरू कर दी है। अमर उजाला अखबार ने आठ मई को अपने अंक में ''भारतीय किसान परेशान, यूरिया जा रही नेपाल'' शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। उसके बाद भारत नेपाल सरहद पर सुरक्षा एजेंसियों सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर नेपाल भेजी जा रही भारतीय खाद की खेप बरामद कर ली। आरोपी मौके से भाग गए।

कोतवाली ठूठीबारी थाना प्रभारी नीरज राय ने बताया की पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली की सीमावर्ती क्षेत्र के भरवलिया गांव से कुछ लोग यूरिया खाद की तस्करी कर नेपाल ले जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम भारत नेपाल सरहद से सटे झरही नदी पुल के पास पगडंडी रास्ते का घेराबंदी कर लिया। इसी बीच कुछ लोग भारत से नेपाल की ओर यूरिया खाद ले जाते दिखे। उन्हें टीम ने घेरने का प्रयास किया तो वह खाद छोड़कर मौके से भाग निकले।

टीम ने मौके से चार बोरी यूरिया खाद बरामद कर निचलौल कस्टम के सुपुर्द कर दिया है। वहीं निचलौल कस्टम अधीक्षक रविंद्र तिवारी ने कहा की खाद की तस्करी करने वालों पर निगरानी की जा रही है। मामले में बरामद यूरिया खाद को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे आरोपितों को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर पीटा

जागरण संवाददाता, महराजगंज: सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिसवा अमहवा गांव में रविवार की सुबह महिला का मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे दो आरोपितों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों को बंधक बनाकर पिटाई शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

ग्रामवासी महिला कलावती देवी गांव में ही सरकारी हैंडपंप पर रविवार की सुबह पानी भरने गई थी। इसी दौरान बाइक से दोनों युवक भी हैंडपंप पर आ गए और महिला का सहयोग करने के नाम पर एक युवक स्वयं हैंडपंप चलाने लगा। महिला जैसे ही पानी भरने के लिए झुकी उसी दौरान दूसरे युवक ने महिला के गले का मंगलसूत्र खींच लिया और दोनों मौके से बाइक से भागने लगे। इधर महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिसके बाद से सुबह टहलने निकले कुछ युवाओं ने भाग रहे दोनों आरोपितों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद आक्रोशित लोगों ने दोनों को गांव में ही बंधक बना दिया। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए वीडियो में कुछ लोग दोनों युवकों की पिटाई करते हुए भी दिख रहे हैं। सदर सीओ आभा सिंह ने बताया कि दोनों युवक सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के सरडीहा के रहने वाले हैं, पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कारंवाई की जाएगी।

# दुकान में घुसकर लूट व गैर इरादातन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज, 11 आरोपित गए जेल

- दुकान पर चढ़कर जानलेवा हमला संग रुपयों की लूट का है आरोप
- एक बाल अपचारी समेत 11 लोगों को हिरासत में लेकर भेजा जेल

जागरण संवाददाता, नौतनवा: थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बाबू पैसिया चौराहा स्थित एक दुकान पर चढ़कर युवक पर जानलेवा हमला कर उसे लहूलुहान करने के मामले में पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक बाल अपचारी समेत 11 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर न्यायालय चालान कर दिया।

विशाल अग्रहरि निवासी बैरिया बाजार ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि शनिवार की सुबह आरोपितों ने दुकान में घुसकर उन्हें मारा-पीटा और असलहे के बल पर 1.20 लाख रुपये नकद लूट लिए एवं दुकान में तोड़फोड़ की थी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर कलामुद्दीन खान, आशिक अली, मैनुद्दीन, लल्लू खान, शब्बीर, कैफ खान, नियाज, रहमतुल्लाह, एजाज खान, रिजवान, नफीसा, अजहरुद्दीन, जियाउद्दीन, शहजाद, अमजद खान, अब्दुल करीम, अब्दुल बारी, अनिल जायसवाल, अर्जुन जायसवाल, अभिराज जायसवाल, अब्दुल कलाम, नजरुद्दीन निवासी बैरिया बाजार एवं बारह अज्ञात के विरुद्ध बलवा, गैर इरादतन हत्या, मारपीट, लूट व तोड़फोड़ की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर 11 अभियुक्तों को न्यायालय चालान किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## भूमि वंधक को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, निचलौल: थाना क्षेत्र के जमुई पंडित गांव में भूमि बंधक को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी को दिए गए तहरीर में शैलेश वर्मा ने बताया कि वह 40 हजार रुपये में अंबरीश पटेल को अपनी भूमि बंधक रख दिया था। जिस पर अमरीश पटेल के भाई रंजिश को लेकर 23 मई को मेरे घर जाकर अपशब्द कहने लगे और स्वजन को मारने पीटने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रणजीत पटेल, पुनीता, प्रिया, वंदना निवासी जमुई पंडित के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है।

थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत का जांच की जा रही है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में 17 पर केस

बस्ती, निसं। जिले में सात अलग-अलग स्थानों पर आपसी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटनाओ में पुलिस ने 17 लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की है। कोतवाली थानाक्षेत्र के तुरकहिया निवासी शहनाज खातून को हैंडपंप के चकवाल निकाल लेने की बात को लेकर मोहल्ले के ही आरिज फारुखी, आसिफ, नौसी, हुमा, ताहिरा व मंटू ने मारपीट कर घायल कर दिया।

पिकौरा शिवगुलाम की गरिमा के बेटे को मामूली कहासुनी के दौरान मारपीट कर घायल कर दिया। कप्तानंगज के बेलवाजोर में दुर्गाप्रसाद को रामचन्द्र, सीतापति, कन्हैया लाल, किरन ने मिल कर पिटाई कर दी। करचोलिया में संतोष कुमार को गांव के ही राज, आजाद, छोटू व दिलीप ने मिल कर पिटाई कर दी। छावनी के तालागांव में बाउन्ड्रीवाल के निर्माण की बात को लेकर संतराम को गांव के ही बब्लू उर्फ सुरेश व लवकुश ने धमकी देते हुए पिटाई कर दी। उनकी दीवार को भी क्षतिग्रस्त की।

## चुनावी रंजिश में चार पर मारपीट का केस

बस्ती। दुबौलिया के विशेषरगंज बाजार में चुनाव की रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना सामने आई है।

साईनाथपुर निवासी अंकुल सिंह की तहरीर पर रानीपुरलाद गांव निवासी विकाश सिंह, शिप्रान्शु सिंह, करणजीत सिंह व योगेश के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

लूटी गई पिकअप, नकदी व असलहा बरामद, सभी आरोपी गोंडा के निवासी

# हाईवे पर लूट करने वाले गैंग का खुलासा, सात पकड़े गए

## कार्रवाई

बस्ती, निज संवाददाता। पुलिस, स्वाट, सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त टीम ने छावनी थानाक्षेत्र के जमौलिया कट के पास छापा मारकर सात अंतर्जनपदीय हाईवे लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस के अलावा लूट में प्रयुक्त स्कार्पियों, बोलेरो गाड़ी बरामद की है। पूछताछ में पकड़े गए लुटेरों ने लूट की कई वारदात स्वीकार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर लूटी गई दो पिकप और 40 हजार कैश भी बरामद किए है।



पकड़े गए लुटेरे, बरामद गाड़ी व असलहे के बारे में जानकारी देते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी।

पुलिस लाइन के सभाकक्ष में रविवार को पत्रकारों के सामने पकड़े गए लुटेरों को पेश करते हुए एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि चार व सात जून को लक्जरी वाहन सवार लुटेरों ने जिले के छावनी थानाक्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से मुर्गी लदे पिकअप के लूट की घटना की थी। छावनी पुलिस ने शेखू खान निवासी जलालपुर तिवारी थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व दुर्गा प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम धरौली पूरे अयोध्या दूबे का पूरवा थाना खण्डासा जनपद अयोध्या की अलग-अलग तहरीर पर 19-19 क्विंटल जिंदा मुर्गा लूट लेने का केस दर्ज कराया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस लुटेरों की तलाश में थी। पुलिस के अलावा मामले का खुलासा करने के लिए स्वाट, सर्विलांस व एसओजी की टीम को लगाया गया था। रविवार को मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लुटेरे गाड़ी के साथ लूट करने के उद्देश्य से जमौलिया कट के पास मौजूद हैं। इसी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी, स्वाट प्रभारी उमाशंकर तिवारी, एसओजी इंचार्ज जनार्दन प्रसाद, सर्विलांस प्रभारी शशिकांत की टीम ने मुखबिर के बताए गए स्थान की घेराबंदी की।

पुलिस की भनक लगने पर लुटेरों ने भागने का भी प्रयास किया लेकिन टीम ने सभी लुटेरों को धर दबोचा। तलाशी में पुलिस को उनके पास से एक तमंचा, दो कारतूस व 40 हजार रुपये नगद बरामद हुए। उनके पास से एक स्कार्पियो व बोलेरो भी बरामद हुई। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे हाईवे पर लूट की कई वरदात को अंजाम दिया था।

पूछताछ में पकड़े गए लुटेरों ने अपने को बबलू अहमद निवासी पाण्डेय पुरवा थाना कोतवाली देहात गोंडा, बिजेन्द्र तिवारी निवासी शुक्लनपुरवा थाना कोतवाली देहात गोंडा, रिजवान उर्फ राजू निवासी पाण्डेय पुरवा रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात, हैदर अली निवासी चौक बाजार बड़ा इमामबाड़ा कोतवाली नगर जनपद गोंडा, मोहम्मद अफसर निवासी पाण्डेय पुरवा रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात, संतोष कुमार निवासी ग्राम हिलालपुर थाना तरबगंज, गोंडा व इस्लाम अहमद निवासी इमामबाड़ा कांशीराम कालोनी थाना कोतवाली नगर गोंडा बताया।

# पुलिस ने चुनाव बाद बढ़ाई निगरानी

बस्ती। मतदान के बाद बढ़ रहे झगड़े गांवों में तनाव बढ़ा रहे हैं। वोट की बात को लेकर मारपीट की घटनाएं सामने आने लगी हैं। पुलिस की सख्ती के कारण मतदान व मतगणना केंद्र पर छिटपुट झड़प को छोड़कर कोई बड़ी घटना नहीं हुई, लेकिन अब गांवों में झगड़े बढ़ने लगे हैं। यह घटनाएं सुरक्षा के लिहाज से चुनौती भी हैं। मतगणना के बाद गांवों में जीत-हार को लेकर बहस छिड़ी है और यह बहस इतनी बड़ी हो जाती है कि मारपीट तक की नौबत आ जाती है।

ऐसा ही कप्तानगंज, लालगंज, छावनी व परसरामपुर आदि थाना क्षेत्रों में देखने को मिला है। कुछ घटनाएं ऐसी भी हुई हैं जिनकी सूचना या तो पुलिस तक नहीं पहुंची या फिर दर्ज नहीं की गई। मतगणना पांच दिन बाद भी गांवों में चौपालें सजी हैं और हर ओर परिणाम को लेकर चर्चा है। गांव-गांव में लोग खेमों में बंटे हैं। खूफिया एजेंसी सूचनाएं जुटाने में लगी हुई है। गांवों में घटनाएं रोकने के लिए पुलिस ने थानावार निगरानी तंत्र बढ़ा दिया है।

# छह लोगों के विरुद्ध एससी एसटी व मारपीट का केस

हरैंया। हरैंया थानाक्षेत्र गोभिया गांव निवासी शिवबरन पुत्र रामलैस ने शनिवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है शुक्रवार की शाम आठ बजे भदावल चौराहे पर सब्जी लेने गया था।

इसी दौरान थाना क्षेत्र समौढ़ा गांव निवासी सर्वेश यादव व दुर्गेश यादव, आलोक यादव व संतोष यादव, अभिषेक यादव व राजन यादव ने उन्हें देखकर अनुसूचित जाति का शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया। इसके बाद सभी ने मिलकर लातघूसों से जमकर मारा पीटा। जान माल की धमकी भी दिया। आरोपी युवक आलोक यादव के कहने पर सपा पार्टी के पक्ष में मतदान नहीं करने के चलते गांव में नहीं रहने देने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर छह लोगों के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व जान माल की धमकी देने का केस दर्ज किया। प्रभारी थाना अध्यक्ष कमलेश यादव ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर छह लोगों के विरोध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# मुर्गा लदे पिकअप लूटने वाले अंतर जनपदीय लुटेरे धराए

## चार व आठ जून को छावनी थाना क्षेत्र में हुई थी घटना



पुलिस प्रेक्षागृह में गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी • जागरण

जासं, बस्ती: छावनी पुलिस, एसओजी, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त की टीम को बड़ी सफलता मिली हैं। पिकअप से मुर्गा लूट करने वाले सात अंतर जनपदीय लुटेरों को पकड़ा है। आरोपितों की गिरफ्तारी जमौलिया के पास से हुई है। उनके पास से दो पिकअप, स्कार्पियो, बोलेरो, तमंचा व दो कारतूस सहित 40 हजार नकदी बरामद हुआ है।

यह जानकारी एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने दी। रविवार को वह पुलिस लाइन में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। बताया कि चार जून व आठ जून को छावनी थानाक्षेत्र में मुर्गा लदे पिकअप को बदमाशों ने लूट लिया था। एक पिकअप से मुर्गा लूटने के बाद पिकअप को अयोध्या के पास हाईवे के किनारे छोड़ दिया था। पुलिस ने दोनों घटना में मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई। घटना के पर्दाफाश के लिए एसओजी, स्वाट व सर्विलांस की टीमें भी लगाई गई थी। इसी बीच एक सूचना के आधार पर आरोपितों को जमौलिया कट के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपितों ने दोनों घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

आरोपितों की पहचान बबलू अहमद निवासी पांडेय पुरवा पथरी बाजार थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा, विजेन्द्र तिवारी शुक्लन पुरवा माझा तरहर थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा, रिजवान उर्फ राजू निवासी पांडेय पुरवा रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात, हैदर अली निवासी चौक बाजार बड़ा इमामबाड़ा थाना कोतवाली नगर, मोहम्मद अफसर निवासी पांडेय पुरवा रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात, संतोष कुमार निवासी हिलालपुर थाना तरबगंज व इस्लाम अहमद निवासी इमामबाडा काशी राम कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि चार जून को विक्रमजोत व छावनी के बीच स्थित एचपी पेट्रोल पंप से पहले मुर्गा लदे हुए पिकअप को लूट कर उसके चालाक व खलासी को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। उसके बाद उनसे रुपये व मोबाइल को छीन लिए। कुछ दूर जाने के बाद उन्हें उतार दिया। उन दोनों के फोन को कूंचकर सरयू नदी में फेंक दिया। पिकअप से मुर्गा चुराकर सूर्या पैलेस अयोध्या से थोड़ी दूर जाकर पिकअप को वहीं खड़ी कर दी। लूटे हुए मुर्गों को खाने वाले अलग-अलग जगह पर बेच कर उससे मिले रुपये आने-जाने, तेल पानी व खाने-पीने में खर्च कर दिए हैं। उनके पास केवल 40 हजार बचे थे। सात जून को भी वह लोग मुर्गा लदे हुए एक पिकअप को लूटा था। मुर्गों को बेचने के लिए गए थे लेकिन सही दाम न मिल पाने के कारण वापस आकर वह सभी मुर्गों को बेचने के लिए जनपद सिद्धार्थनगर जा रहे थे कि पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

### अपने खर्च के साथ परिवार का भी उठाते थे खर्चा

पकड़े गए आरोपित मुर्गा लदा पिकअप को लूट कर अपना खर्च चलाने के साथ परिवार का भी खर्च उठाते थे। आरोपित को जब लूट करनी होती थी तब वह अपने साथ 2-3 गाड़ी लेकर चलते थे। जिस गाड़ी को लूटना होता था उसके आगे-पीछे लेकर चलते थे। प्रत्येक गाड़ी में 1-2 आरोपित रहे थे। सूनसान जगह पर गाड़ी ओवर टेक करके चालक व खलासी को किसी एक गाड़ी में बैठा लेते थे। चालक व खलासी के पास रखे पैसे छीनने के बाद उन्हें बीच रास्ते में उतार देते थे।

यह है घटनाक्रम: आठ जून को अयोध्या जनपद के खंडासा थाना के घरौली पुरे निवासी दुर्गा प्रसाद शुक्ला ने छावनी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि तीन जून की रात 11 बजे वह अमेठी के जगदीशपुर से पिकअप में 1324 मुर्गे लादकर देवरिया जा रहे थे। तभी यह घटना हुई थी।वहीं दूसरी तरफ आठ जून को अमेठी जनपद के थाना जगदीशपुर के जलालपुर तिवारी निवासी शेखुबान ने छावनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पोल्ट्री ट्रेडिंग का काम करते हैं। सात जून को अमेठी जनपद के थाना जामो के बाजगढ़ निवासी मोहम्मद असलम उनकी पिकअप में 19 क्विंटल मुर्गा लाद कर जगदीशपुर से नौतनवा जनपद महराजगंज सप्लाई करने जा रहे थे। उनके साथ में खलासी मोहम्मद तौकीर भी था। आठ जून को दिन में 01.50 बजे हाईवे पर छावनी थानाक्षेत्र के राम जानकी तिराहे से कुछ दूर पहले तीन से चार लोग सफ़ेद रंग की बोलेरो से असलहा लहराते हुए पिकअप के सामने आ गए। उन्हें रोक लिया। चालक के साथ खलासी को बोलेरो में बैठा लिए। कुछ बदमाश उनकी पिकअप को छीनकर भाग निकले। चालक व खलासी को कुछ दूर ले जाने के बाद छोड़ दिया। चालक ने उन्हें घटना की जानकारी दी। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक छावनी राजेश कुमार तिवारी, एसओजी प्रभारी जनार्दन प्रसाद, स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शशिकांत, विक्रमजोत चौकी प्रभारी रितेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक हरि राय, मुख्य आरक्षी राघवेंद्र दूबे आदि रहे।

# मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर सभासद को पीटा

जागरण संवाददाता, बस्तीः मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दबाव बनाते हुए कुछ लोगों ने एक सभासद के कार्यालय पर चढ़कर मारपीट की। सभासद ने जानमाल की धमकी देने और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित 10 से 12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नगर पालिका के 25 नंबर वार्ड पिकौरा बक्स निवासी सभासद रमेश गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ जून की शाम पांच बजे वार्ड के कुछ लोग उनके कार्यालय पहुंचे। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जबरिया दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर अपशब्द कहने लगे। उसके बाद उन्हें मारने पीटने लगे। कार्यालय में रखे सामान को तोड़ फोड़ दिए। उन्हें बचाने के लिए आए एक युवक को भी पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वार्ड के रामचीत यादव व अजय यादव सहित 10- 12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़कों पर अतिक्रमण होने से राह चलना मुश्किल

## हर्रैया में सुबह-शाम लगता है जाम, अतिक्रमण नहीं हटवा पा रहा प्रशासन, जगह निर्धारित फिर भी नहीं जा रहे दुकानदार

जागरण संवाददाता, हर्रैयाः हर्रैया तहसील को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद करीब पैंतीस वर्ष बीत चुके हैं। इसके बावजूद यहां की मुख्य सड़क पर अतिक्रमण की वजह से जाम की समस्या आम हो चुकी है। सब्जी व मछली मंडी की जगह आवंटित होने के बाद आज तक यह दुकानें निर्धारित स्थल के बजाय मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर लग रही हैं। जिससे राह चलना मुश्किल हो गया है।

कस्बे के पुरानी तहसील के पास सड़क की पटरी पर अतिक्रमण कर लगने वाली सब्जी व फल की दुकानें जाम का कारण बन रही हैं। दुकानों के सामने अस्थाई रूप से किए गए अतिक्रमण की वजह से आए दिन लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते बाजार क्रास करने में लोग घंटों जाम से जूझ रहे हैं। यही नहीं लगातार बजते हार्न व स्टार्ट वाहनों के धुएं से प्रदूषण फैल रहा है।

फल व सब्जी विक्रेता अपनी दुकानें सड़क के दोनों तरफ पटरी पर ही लगाते हैं। सौ शैय्या महिला अस्पताल के सामने से लेकर मनोरमा पुल तक सड़क की पटरियों पर इनका कब्जा रहता है। इसके साथ ही जगह-जगह ठेले खोमचे वालों ने भी तिरछे-आड़े ठेला खड़ा कर समस्या को और गंभीर बना दिया है।



हर्रैया में सड़क घेर लगा ठेला • जागरण



हर्रैया के पुरानी तहसील मार्ग पर अतिक्रमण • जागरण



सड़क की पटरियों पर दुकान लगाने से अतिक्रमण से हर दिन जाम से जूझना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से लोग निराश हैं।

**विनय कुमार सिंह**, वार्ड नंबर तीन, अंबेडकरनगर



नगर पंचायत में अतिक्रमण की समस्या लाइलाज बन चुकी है। हर दिन लोगों को जाम के झाम में जूझना पड़ रहा है, लेकिन नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा।

**अजीत सिंह**, निवासी रेकठा बाबू



अतिक्रमण के कारण नगर के मुख्य बाजार की सड़कें लगातार संकरी होती जा रही है। इससे व्यापारियों के साथ-साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**दयाराम चौधरी**, वार्ड नंबर 12 गांधीनगर



तहसील प्रशासन साल में दो-तीन बार सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाता है, लेकिन दुकानदार फिर से अपनी दुकान में सजा लेते हैं। उन्हें कोई डर नहीं है।

**परशुराम चौधरी**, वार्ड नंबर 10

अंजहिया गली में भी अतिक्रमण का मकड़जाल फैला है। जिससे राहगीरों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। तहसील प्रशासन द्वारा कस्बों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान न चलाए जाने की वजह से कस्बे की सड़कें सिकुड़ गई हैं। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हर्रैया उपनगर की हर गली अतिक्रमण की चपेट में हैं। मुख्य मार्ग पर व्यवसायियों ने पटरी तक दुकानें सजा रखी हैं।

नगर पंचायत हर्रैया के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार राव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चलते नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान नहीं चल पाया था। जल्दी सड़कों से अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

हर्रैया तहसील के एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि हर्रैया कस्बे में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पंचायत कर्मियों के साथ जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों को किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं जाएगा। उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# छह लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी, मारपीट का मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, हर्रैया : हर्रैया थाना क्षेत्र भदावल चौराहे पर सब्जी खरीदने गए एक युवक को कुछ मनबढ़ों ने राड से जमकर मारा-पीटा। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते व जान-माल की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर के आधार पर छह लोगों के विरुद्ध मारपीट, अपशब्द कहने व जान-माल धमकी तथा एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

हर्रैया थाना क्षेत्र गोभिया गांव निवासी शिवसरन पुत्र रामलैश ने शनिवार को पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शुक्रवार की शाम आठ बजे भदावल चौराहे पर सब्जी लेने गया था। इसी दौरान थाना क्षेत्र समौड़ा कला गांव निवासी सर्वेश यादव व दुर्गेश यादव पुत्र अमरनाथ यादव, आलोक यादव व संतोष यादव पुत्र द्वारका प्रसाद यादव, अभिषेक यादव पुत्र इंद्रबहादुर यादव व राजन यादव पुत्र चंद्र पाल यादव ने उन्हें देखकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया। इसके बाद सभी ने मिलकर लात घूसों व राड से जमकर मारा -पीटा व जान से मारने की धमकी भी दिया। बताया की आरोपित युवक आलोक यादव सपा के पक्ष में मतदान न करने पर गांव में न रहने देने की धमकी दी थी। इस इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष कमलेश यादव ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर छह लोगों के विरोध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## छह लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

वस्ती : कोतवाली पुलिस ने मारने पीटने, अपशब्द कहने व जानमाल की धमकी देने मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के तुरकहिया जामा मस्जिद निवासी शहनाज खातून ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके स्वजन घर से भगाने के लिए आये दिन मारपीट करते है। आठ जून को नल से चकवाल निकाल लिए। जब वह इसका विरोध की तो वह अपशब्द कहते हुए मारने पीटने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरिज फारुखी, आशीफ, नौसी, हुमा,ताहिर व मांटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## स्कूटी के साथ एक गिरफ्तार

मखौड़ाधाम : परशुरामपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के मड़रिया तिराहे से रविवार की दोपहर करीब बारह बजे चोरी की स्कूटी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ उसने अपना नाम अरविंद शुक्ला पुत्र कल्लू प्रसाद निवासी ग्राम सोनरई थाना इकौना श्रावस्ती बताया है। (जासं)

# क्रिकेट खेलने की बात को लेकर मारा, मुकदमा

जागरण संवाददाता, बस्ती: कोतवाली पुलिस ने क्रिकेट खेलने की बात को लेकर मारने पीटने व जानमाल की धमकी देने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के पिकौरा शिव गुलाम निवासी गरिमा शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ जून को गांधीनगर के पास अज्ञात लोगों ने क्रिकेट खेलने की बात को लेकर उसके बेटे शिवांश शुक्ला को अपशब्द कहते हुए मारापीटा।

आस पास के लोगों बीच बचाव करने पहुंचे तो वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

**यह और अन्य खबरें देंखे-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला करने पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, बस्ती: दुबौलिया पुलिस ने चुनावी रंजिश को लेकर लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थानाक्षेत्र के साईनाथपुर निवासी अंकुल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ जून को विशेषरगंज बाजार के पास विपक्षी चुनावी रंजिश को लेकर लाठी डंडा व धारदार हथियार उसके ऊपर हमला कर दिया। वह अपनी गाड़ी का गेट खोलकर अपनी माता को लेकर सुरक्षित स्थान की तरफ भागे। आरोप लगाया कि विपक्षी ने उनकी माता को अपशब्द कहते हुए मारने पीटने।

# दीवार गिराने व मारने पीटने के मामले में चार पर मुकदमा

जासं, बस्ती: कप्तानगंज पुलिस ने दीवार गिराने व मारने पीटने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के बेलवाजोर निवासी दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ जून को विपक्षी उनका दीवार गिरा दिए। मना करने पर अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सीतापति, राम चंद्र, कन्हैया लाल व किरन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# स्कूटी चोरी का मुकदमा दर्ज

जासं, बस्ती: परशुरामपुर पुलिस ने स्कूटी चोरी के मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के कंजा तिवारी की ऊषा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने एक पुरानी स्कूटी खरीदी थी। वह अपने नाम से ट्रांसफर नहीं करा पाई थी। स्कूटी उसकी बेटी घर खड़ी थी। बरामदे से शनिवार को किसी ने चोरी कर लिया।

# फेंका मिला पांच माह का भ्रूण, अज्ञात पर मुकदमा

जासं, बस्तीः पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के करही गांव में एक खंडहर मकान में पांच माह का भ्रूण फेंका मिला है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम प्रहरी लक्ष्मी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ जून को गांव के भीम के खंडहर पड़े मकान में किसी ने पांच माह के भ्रूण फेंक दिया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट की घटना में सीओ सदर मुख्यालय अटैच

## वाराणसी से भेजे गए कुंवर प्रभात सिंह लेंगे सीओ विनय का चार्ज

## जयपुर की महिला ने सीओ संग स्वजन पर दर्ज कराया है मुकदमा

जासं, बस्ती: पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर विनय चौहान की पत्नी-बेटी का सीओ की महिला मित्र डाक्टर के साथ मारपीट की घटना के बाद सीओ डीजीपी कार्यालय में संबद्ध कर दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सीओ के स्थानांतरण की संस्तुति की थी। विनय चौहान की रिक्त जगह पर मुख्यालय से रेलवे वाराणसी में कार्यरत कुंवर प्रभात सिंह को यहां की जिम्मेदारी दी है। महिला मित्र के साथ 26-27 मई की रात में सीओ आवास पर उनकी पत्नी और बेटी ने मारपीट की थी। महिला डाक्टर ने जयपुर में 28 मई को सीओ और उनके परिवार पर मारपीट और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। यहां महिला थाना में मुकदमा स्थानांतरित होने के बाद इसकी विवेचना सिद्धार्थनगर की एसपी प्राची सिंह कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सीओ विनय चौहान को मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है।

# सीओ विनय सिंह डीजीपी दफ्तर से अटैच

बस्ती, निसं। राजस्थान की महिला चिकित्सक संग मारपीट के मामले में आरोपी सीओ सिटी विनय सिंह चौहान को बस्ती से डीजीपी दफ्तर लखनऊ अटैच कर दिया गया है। उनके स्थान पर वाराणसी रेलवे में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर तैनात कुंवर प्रभात सिंह को बस्ती भेजा गया है। मालूम हो कि एक दिन पहले ही शनिवार को एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने सीओ सिटी के पद से हटाकर पुलिस ऑफिस बस्ती में अटैच कर दिया था। पुलिस कप्तान ने सीओ के खिलाफ डीओ लेटर लिखकर उनका अन्यत्र तबादला किए जाने का अनुरोध पुलिस उच्चाधिकारियों से किया था।

डीजीपी मुख्यालय के एडीजी प्रशासन/ जीएसओ एन. रविन्दर के आदेश पर रविवार को सीओ विनय सिंह चौहान को लखनऊ डीजीपी मुख्यालय में संबद्ध कर दिया गया है। फिलहाल इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। जांच के साथ सीओ सिटी पर केस की विवेचना भी आईजी रेंज आरके भारद्वाज के आदेश पर पहले ही सिद्धार्थनगर पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। गौरतलब है कि सीओ विनय के खिलाफ राजस्थान में तैनात महिला चिकित्सक ने तहरीर देकर महिला थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। तहरीर में सीओ, उनकी पत्नी व बेटी ने मिलकर सरकारी बंगले में बंद कर गंभीर रूप से पिटाई कर घायल करने आरोप लगाया है।

# हाईवे पर मुर्गे लूटने वाले गिरोह के सात गुर्गे गिरफ्तार

## एसओजी व स्वाट को मिली कामयाबी, चार दिन में हाईवे पर कर चुके थे दो वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** हाईवे पर पोल्ट्री वैन लेकर मुर्गे लूटने वाले गिरोह के सात गुर्गों को पुलिस ने शनिवार रात घेराबंदी कर दबोच लिया। उनके कब्जे से लूट में प्रयुक्त दो पिकअप, एक बोलेरो व स्कॉर्पियो बरामद किया है। गिरोह का सरगना गोंडा में पोल्ट्रीफार्म चलाता है। उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

चार जून को लूटे गए मुर्गों को बेचकर मिले 40 हजार रुपये भी पुलिस ने बरामद किया। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस लाइंस सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान खुलासा किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया है। आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि चार जून की रात करीब डेढ़ बजे विक्रमजोत और छावनी के बीच स्थित पेट्रोल पंप से मुर्गे लदे हुए एक पिकअप को बदमाशों ने लूट लिया था। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि 7 जून की रात भी वैसी ही एक और घटना छावनी राम जानकी तिराहे के पास घटित हुई।

एसपी ने बताया कि दोनों घटनाओं में केस दर्ज कर एसओजी, स्वाट और छावनी थाने की टीम को लगाया गया। टीम ने शनिवार रात लूटे गए मुर्गों को सिद्धार्थनगर बेचने ले जाते समय हाईवे पर छावनी के पास आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों में हैदर अली, विजेंद्र तिवारी व इस्लाम उर्फ सोनू का पहले का आपराधिक इतिहास है। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी ओपी सिंह, सीओ हरैया अशोक मिश्र आदि मौजूद रहे।

### इस तरह करते थे लूट

पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह सभी मिलजुल कर मुर्गों की लूट करके अपना व अपने परिवार का खर्च चलाते हैं। सभी अपने साथ 2 से 3 गाड़ी आगे-पीछे लेकर चलते हैं। प्रत्येक गाड़ी में 1से 2 साथी रहते हैं। सभी साथी जिस गाड़ी को लूटना चाहते हैं, उस गाड़ी को अपने साथ लेकर चल रहे गाड़ियों से घेरकर रोकते हैं। चालक व खलासी को अपनी गाड़ी में बैठा लेते हैं और गाड़ियों में बैठे अन्य साथी लूटे हुए पिकअप को कुछ दूर ले जाकर उसमें लदे मुर्गे अपनी गाड़ी में शिफ्ट करके पिकअप छोड़कर भाग जाते थे।

**इन दोनों घटनाओं का हुआ खुलासा :** तीन जून की रात हुए लूट के संबंध में दुर्गा प्रसाद शुक्ला निवासी धरौली पुरे अयोध्या, दूबे पुरवा थाना खंडासा जनपद अयोध्या ने शनिवार को तहरीर दी।

बताया कि खलासी रिजवान निवासी कमरौली जनपद अमेठी के साथ बोलेरो में 1324 मुर्गे लादकर जगदीशपुर जनपद अमेठी से दीनानाथ साहनी के यहां जनपद देवरिया ले जा रहा था। छावनी से पहले बिना नंबर प्लेट की काली स्कॉर्पियो से पिकअप को ओवरटेक कर दो लोग दोनों को जबरदस्ती खींचकर स्कॉर्पियो में बैठा लिए। मोबाइल फोनकर छीनकर रुपये व मुर्गे को लूट कर फरार हो गए थे।

वहीं दूसरी घटना के बारे में शेखुबान निवासी जलालपूर तिवारी थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी ने तहरीर दी थी।

### सभी आरोपी गोंडा के रहने वाले

**गोंडा** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के पांडेय पुरवा पथरी बाजार निवासी बबलू अहमद, शुक्लन पुरवा माझा तरहर निवासी विजेन्द्र तिवारी, रिजवान उर्फ राजू, कोतवाली नगर थाने के चौक बाजार बड़ा इमामबाड़ा निवासी हैदर अली, रामनगर तरहर पुरवा निवासी मोहम्मद अफसर, तरबगंज थाने के हिलालपुर निवासी संतोष कुमार और इस्लाम अहमद निवासी इमामबाड़ा काशी राम कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा शामिल हैं।

## विवाहिता से मारपीट में तीन ससुरालियों पर केस

**बस्ती।** रुधौली थाने के धंसा गांव में दहेज के लिए विवाहिता को मारने-पीटने के मामले में पुलिस ने तीन ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। सोनी पत्नी इरशाद ने तहरीर दिया कि उसके पति व अन्य परिजन दहेज के लिए मारते-पीटने हैं। पुलिस ने इरसाद अहमद, सहालम व अख्तर जहां पत्नी जमील पर केस दर्ज किया है। संवाद

## अपशब्द कहने पर मारपीट, चार पर केस

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने डफाली टोला में अपशब्द कहने के मामले में हुई मारपीट में तहरीर के आधार पर चार लोगों पर केस दर्ज किया है। डेलई दिए तहरीर में बताया कि मनीष, अनीश, गणेश व जैकी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। संवाद

## चहारदीवारी गिराने के मामले में चार पर केस

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने बेलवाजोर गांव में चहारदीवारी गिराने के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज किया है। बेलवाजोर गांव निवासी दुर्गा प्रसाद ने तहरीर मं बताया कि शुक्रवार की रात 12 बजे सीतापति, रामचंद्र, कन्हैया लाल व किरन ने मिलकर उनकी चहारदीवारी गिरा दी। मना करने पर गाली देते हुए मारने-पीटने लगे। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## स्कूटी चोरी होने के मामले में केस

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने कंजा गांव से स्कूटी चोरी होने के मामले में केस दर्ज किया है। कंजा गांव निवासी ऊषा तिवारी ने तहरीर में बताया कि उसने स्कूटी खरीदी थीं, जिसका पंजीकरण ट्रांसफर नहीं करा पाई थीं। 24 मई को रात में घर के बरामदे से स्कूटी चोरी हो गई। संवाद

## खंडहर में मिला पांच माह का भ्रूण

**बस्ती।** पुरानी बस्ती क्षेत्र के करही गांव के खंडहर में करीब पांच माह का भ्रूण मिला है। ग्राम प्रहरी लक्ष्मी देवी ने तहरीर दिया कि करही गांव के भीम के खंडहर पड़े मकान में किसी व्यक्ति ने करीब 5 माह के भ्रूण का शव फेंका है। पुलिस ने भ्रूण का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संवाद

## चोरी के तीन सीसीटीवी कैमरे संग आरोपी गिरफ्तार

**दुबौलिया।** पुलिस ने चोरी के तीन सीसीटीवी कैमरे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने अजीत शर्मा निवासी खुशहालगंज थाना दुबौलिया को रविवार को दोपहर मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। संवाद

# सभासद के साथ की मारपीट, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** मृत्यु प्रमाण पत्र न बनाने पर कुछ लोगो ने वार्ड सभासद को गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पिकौरा बक्स मोहल्ला के सभा सद रमेश कुमार गुप्ता के कार्यालय में रामचेत व अजय अपने अन्य कई साथियों के साथ आये और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का दबाव बनाने लगे। प्रमाण पत्र जारी करने से जब मना किया गया तो अभियुक्तो ने उन्हें गालियां देते हुए मारापीटा तथा कार्यालय के सामनों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पीड़ित रमेश कुमार गुप्ता पुत्र ओरीलाल वर्तमान सभासद वार्ड संख्या 25 निवासी पिकौरा बक्स गांधीनगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामचीत पुत्र शिवप्रसाद, अजय पुत्र रामचीत निवासीगण वार्ड संख्या 25 यादव टोला थाना कोतवाली तथा 10-12 अज्ञात के विरुद्ध धारा 147, 452, 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बाजार से वापस घर को जा रहा एक बाइक सवार व्यक्ति तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया, जिससे उसकी गम्भीर रूप से घायल हो जाने के कारण मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के बहनोई की शिकायत पर पुलिस ने पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानाक्षेत्र के बरगदवा निवासी सुक्खू पुत्र बल्ली ने पुलिस को बताया कि उसका साला लक्ष्मण पुत्र बूधन लालगंज थानाक्षेत्र के दतुआखोर से सामान खरीदने के लिए मुगरहा बाजार आये थे। जहां से सामान खरीदने के बाद वह वापस घर को जा रहे थे कि मैनी गांव के थोड़ा पच्छिम जाने पर अचालक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे गम्भीर रूप से जख्मी हो जाने के कारण लक्ष्मण की मौत हो गयी। मामले में रूधौली थाने की पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली के अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी व 184 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सास ससुर ने की महिला की पिटाई, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला को उसके सास ससुर व अन्य ससुरालियों ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर तुरकहिया मोहल्ला की रहने वाली सहनाज खातून पत्नी सम्स फारूखी ने बताया कि उसे घर से भगाने के लिए सास, ससुर व परिवार के अन्य लोगो द्वारा आये दिन मारापीटा जाता था। बीते दिन उसके नल का चकवाल भी निकाल लिया गया, जिसका सहनाज खातून ने विरोध किया तो उसे गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी आरिज फारुखी पुत्र सनीउल्लाह, आशीफ, नौसी, हुमा, सास ताहिरा कातून, नन्दोई मान्टू निवासीगण तुरकहिया थाना कोतवाली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मामूली विवाद में मारपीट, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** मामूली विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक युवक व लड़की को गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के डफाली टोला स्थित डेलई के बेटे व भतीजी को विपक्षी मनीष, अनीस, गणेश व जैकी ने मिलकर मामूली बात को लेकर गालियां दे रहे थे। जिन्हें ऐसा करने के लिए मना किया गया तो लोगो ने मिलकर दोनो को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित डेलई पुत्र रामदेव निवासी विचली मोहल्ला डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मनीष पुत्र दिनेश, अनीस पुत्र राकेश, गणेश पुत्र रोशन, जैकी पुत्र कैलाश निवासीगण बिचली मोहल्ला थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न में तीन पर एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उसके पति तथा अन्य ससुरालियों ने गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़िता सोनी पत्नी इरशाद अहमद निवासिनी धन्सा ने बताया कि उसके पति तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा कम दहेज का नाता देकर आये दिन तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता है। जब अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नही हुई तो उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में रूधौली थाने की पुलिस ने आरोपी पति इरसाद अहमद पुत्र जमील, देवर सहालम पुत्र जमील सास अख्तर जहाँ पत्नी जमील निवासीगण धन्सा थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 498ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में व्यक्ति की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार कार की चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया जिससे उसकी मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के रूद्रपुर चौराहे पर तेज रफ्तार कार संख्या यूपी 51 बीएन 2330 के चालक ने लापरवाही पूर्वक आकर बसडीला निवासी चन्द्रलेश को जोरदार ठोकर मार दिया। जिसे चन्द्रलेश को गम्भीर एवं प्राणघातक चोट आने से उनकी मौत हो गयी। मामले में मृतक की पत्नी भानमती निवासिनी बसडीला थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वाहनों से मुर्गा लूटने वाले सात गिरफ्तार

छावनी(एसएनबी)। हाइवे पर मुर्गी लादकर जा रही वाहनों को निशाना बनाने वाले सात लुटेरों को एसओजी, स्वॉट तथा पुलिस टीम द्वारा रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। तलासी के दौरान पास से चार वाहन, एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस तथा ₹40000 बरामद हुआ। गौरतलब है कि विगत चार जून को जगदीशपुर अमेठी से देवरिया मुर्गी लादकर जा रहे पिकप के चालक और खलासी को बन्दी बनाकर स्कार्पियों सवार बदमाशों द्वारा मुर्गी लुट लिया गया। पुलिस मामले में मुकदमा भी नही दर्ज कर पायी थी कि सात जून को फिर लुटेरों ने एक मुर्गी लदे वाहन को निशाना बनाया। दोनों घटनाओं को अंजाम देने का तरीका एक ही था।



गिरफ्तार आरोपी अवधेश कुमार सिंह।

मामले में पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन में जुटी है। रविवार को थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी, एसओजी प्रभारी जनार्दन प्रसाद, स्वॉट टीम प्रभारी उमा शंकर त्रिपाठी, विक्रमजोत चौकी इंचार्ज रितेश कुमार सिंह, सर्विलांस सेल प्रभारी शशिकांत, थाने के उप निरीक्षक हरि राय, हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र दूबे, ओम वीर यादव, कांस्टेबल ऋतिक कुमार, मुकेश यादव, अरविन्द पटेल, शिवकेश सिंह, लवकुश सिंह, वीरेन्द्र यादव, स्वॉट टीम के हेड़ कांस्टेबल रमेश कुमार, अवनीश सिंह, पवन तिवारी, कांस्टेबल शुभेन्द्र तिवारी, किशन सिंह, अभिलाष प्रताप सिंह, एसओजी टीम के हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार, कांस्टेबल चन्दन भारती, शिवम यादव तथा सर्विलांस टीम के हेड कांस्टेबल देवेश यादव, सत्येन्द्र सिंह एवं कांस्टेबल संतोष यादव द्वारा रविवार को मुखविर की सूचना पर जमौलिया गांव के सामने हाइवे से बब्लू अहमद व मोहम्मद अफसर पुत्रगण मोहम्मद अनीश, रिजवान उर्फ राजू पुत्र गजल मोहम्मद निवासी पाण्डेय पुरवा राम नगर तरहर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा, विजेन्द्र तिवारी पुत्र श्रीकांत निवासी शुक्लनपुरवा माझा तरहर थाना कोतवाली देहात गोण्डा, हैदर अली पुत्र अकबर अली व इस्लाम अहमद पुत्र रशिद अहमद निवासी इमामबाड़ा काशी राम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर गोण्डा तथा संतोष कुमार पुत्र कन्हई लाल निवासी हिलालपुर थाना तरफगंज गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशान देही पर दो पिकप, एक बोलेरो एवं बिना नम्बर प्लेट का काली स्कार्पियों, बारह बोर का एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस तथा ₹40000 बरामद हुआ।

गिरफ्तार लोगों ने बताया कि लुटे गये मुर्गे को वे लोग अलग-अलग स्थानों पर बेच कर अपना खर्चा चलाते है। विगत सात जून को लुटे गये मुर्गो का सही दाम न मिलने के चलते सिद्धार्थ नगर बेचने ले जा रहे थे उसी दौरान पुलिस ने घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

## लुटेरों का आपराधिक इतिहास

छावनी (एसएनबी)। मुर्गा चोरी में गिरफ्तार विजेन्द्र तिवारी पुत्र श्रीकांत के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात गोण्डा में अपराध संख्या 100/2020 धारा 147, 148, 149, 323, 384, 504 आईपीसी, अपराध संख्या 301/2023 धारा 323, 325, 452, 504, 506 आईपीसी, इस्लाम उर्फ सोनू पुत्र रशिद के विरूद्ध कोतवाली नगर में 759/2023 धारा 379, 411 आईपीसी तथा हैदर अली पुत्र अकबर अली के विरूद्ध कोतवाली नगर गोण्डा में 60/2024 धारा 380, 411 आईपीस, अपराध संख्या 61/2024 धारा 401 आईपीसी, अपराध संख्या 509/2022 धारा 147, 323, 427, 504, 506 आईपीसी तथा धानेपुर थाने में अपराध संख्या 24/2024 धारा 380, 411, 457 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत है।

# ईद-उल-जुहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते एसओ पुरानी बस्ती।

बस्ती (एसएनबी)। आगामी त्यौहार ईद-उल- जुहा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुरानी बस्ती थाने पर थानाध्यक्ष महेश सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गयी। बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरूओं तथा संभ्रान्ति त लोगो से आपसी सौहार्द को बनाये रखते हुए त्यौहार को मनाये जाने की अपील किया साथ ही थानाध्यक्ष ने सख्त हिदायत दिया कि अराजकतत्वो द्वारा क्षेत्र की शान्ति एवं कानून व्यवस्था में दखल पहुचाने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक गोपाल ष्ण चौधरी के आदेश के क्रम मे आगामी त्यौहार ईद-उल- जुहा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महेश सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर नियुक्त पुलिस बल की मौजूी में पीस कमेटी के पदाधिकारियों , संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरूओ की गोश्ठी की गई। सभी लोगो द्वारा त्योहार को मिल जुल कर कानून एवं व्यवस्था बनाये रखते हुए सौहार्द पूर्वक मनाने की बात कही गयी। त्योहार के दृष्टिगत कोई समस्या किसी द्वारा नही बताई गई।

# पकड़े गए लुटेरे खुद को अधिकारी बता रोक लेते थे माल लदी गाड़ियां

बस्ती। पकड़े गए लुटेरों ने बताया कि गैंग का सरगना बबलू अहमद कभी आरटीओ तो कभी अन्य अधिकारी बन कर माल लदी गाड़ियों को रुकवा लेता था। चालकों से कागज मांगने के बाद स्कार्पियों मे सवार लुटेरे चालक व हेल्पर को अपने कब्जे में लेकर उसे अपनी गाड़ी में डाल लेते थे। लुटेरे मालवाहक गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर लूट-पाट करते हैं। बाद में उसे बेंच देते थे। खाली गाड़ी को किसी स्थान पर छोड़कर भाग जाते थे। पुलिस ने लूट में प्रयुक्त बोलेरो व स्कार्पियों को सीज कर दिया है

# टीम को 15 हजार इनाम का ऐलान

बस्ती। एसपी ने कहा कि लुटेरों को पकड़ने वाली टीम को 15 हजार रुपये का इनाम व प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे। इस मौके पर एएसपी ओपी सिंह व सीओ हर्रैया अशोक मिश्र भी मौजूद रहे।

## पहली पॉली में 374 तो दूसरी में 371 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

# छह केंद्रों पर 2485 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

### बीएड प्रवेश परीक्षा

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के छह केन्द्रों पर रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के नोडल प्रभारी एपीएनपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अभय प्रताप सिंह ने बताया कि कुल पंजीकृत 2886 परीक्षार्थियों में से पहली पॉली में 2482 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 374 गैरहाजिर रहे। दूसरी पॉली में 2485 अभ्यर्थियों ने पेपर दिया और 371 अनुपस्थित रहे। परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई। किसी केन्द्र से किसी तरह की समस्या नहीं हुई।

जिले में कुल 2886 अभ्यर्थियों का सेंटर बनाया गया था। प्रत्येक केन्द्र पर लगभग 500 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था। परीक्षा दो पॉलियों में हुई। पहली पॉली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक चली। दूसरी पॉली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे चली। जिले में परीक्षा का नोडल केन्द्र एपीएनपीजी कॉलेज बस्ती को बनाया गया था। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों का प्रवेश निर्धारित समय से एक घंटे पूर्व शुरू कर दिया गया। प्रवेश पत्र को स्कैन करने के साथ ही परीक्षा कक्ष में बायोमैट्रिक भी सभी अभ्यर्थियों की हुई। बीच-बीच में बिजली कटने से कुछ केन्द्रों पर परेशानी जरूर हुई।



पहली पॉली में बीएड प्रवेश परीक्षा देकर एपीएनपीजी कॉलेज से निकलते अभ्यर्थी।


जिले में कुल छह परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। शहर में एपीएनपीजी कॉलेज, शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज, खैर इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज पर परीक्षा हुई। छह परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 150 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। नोडल प्रभारी ने बताया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई गई। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर दो-दो आब्जर्वर तैनात किए गए थे। इसके अलावा शासन स्तर से प्रत्येक केन्द्र पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। साथ ही जिले में तीन केन्द्र प्रतिनिधियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# सावधान !पुलिस के तीसरी आंख से नहीं बच पायेगा अपराधी

**सिद्धार्थ नगर (एसएनबी)**। अगर कोई भी व्यक्ति अपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की नजरों से बचना चाहता है, तो वह उसकी सबसे बड़ी भूल होगी ,



अपराधी चाहे जितना भी बड़ा शातिर क्यो न हो, वह पुलिस के तीसरी आखों से बच नहीं जा पायेगा,वह जहां कहीं भी रहेगा पुलिस तीसरी आँख के माध्यम से उसे ढूढ़ निकालेगी।

सिद्धार्थ नगर पुलिस ने जिले के प्रवेश द्वार से लेकर हर कस्बा, मोड़, गांव, व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपना सबसे बड़ा मुखबिर बैठा रखा है, जो बोलेगा तो नही लेकिन आपकी हर गतिविधियों पर उसकी पैनी नजर बनी रहेगी। सिद्धार्थ नगर पुलिस जिले के प्रमुख स्थानों पर अब तक जनसहयोग से सैंकड़ों स्थलों हाई ।लिटी के नाइट विजन कैमरे लगाए जा चुके है, शेष स्थान पर भी

**सभी पर है, पुलिस के तीसरी आँख की पैनी नजर**

सीसीटीवी लगवाने की प्रक्रिया जारी है, इसके अलावा जिले भर के हर चौराहों पर पुलिस विभाग - द्वारा व्यापारियों व संभ्रांत नागरिको के सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगातार लगवाया जा रहा है। शहर व गाँव में आने जाने वाले हर व्यक्ति पर अब पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी, शहर में प्रवेश करने वाले हर मार्ग पर पुलिस ने आधुनिक सुविधाओं से लैस सीसीटीवी लगा दिया गया है, इस सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस के 10 अधिकारी अपने मोबाइल से भी कनेक्ट कर शहर के हर गतिविधियों को कही से भी बैठ कर देख सकते है। बताया कि सीसीटीवी के माध्यम से आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने व घटनाओं का त्वरित खुलासा करने में काफी मदद मिलेगी। प्रत्येक लोकेशन पर चार-चार सीसीटीवी-कैमरा लगवाया जा रहा है। इसके अलावा जनपद के सभी ग्राम पंचायतों के गांव में प्रवेश करने वाले रास्ते पर भी सीसीटीवी लगवाने का पहल किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्रों में सभी पेट्रोल पंपो, सभी शराब की दुकानो, कोटेदारों के यहाँ, सभी शस्त्र लाइसेंस धारको, शपिंग मल व स्वर्ण व्यवसायी, सभ्रांत नागरिको सहित शहर में आने जाने वाले हर इंट्रेस व सार्वजिनक स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जाएगा। यह प्रयास है कि जनपद का हर गांव, शहर कस्बा पूरी तरह से तीसरी आँख की जद में हो। इस कैमरे में 45 दिन तक के हर प्रकार की गितिविधिया सुरक्षित रहेगी। उन्होंने लोगों से घरों में भी सीसीटीवी लगाने की अपील की है।

# बकरीद त्योहार को लेकर हुई बैठक

**डिड़ई (एसएनबी)** । आगामी बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शिवनगर डिडई थाने पर बुलाई गई धर्मगुरुओं की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्राम प्रहरी, प्रधान, बीडीसी, धर्मगुरुओं, मौलानाओं सहित संभ्रांत व्यक्तियों ने भी सहभागिता की प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में उपस्थित लोगों को प्रभारी निरीक्षक ने अधिकारियों के आदेश व निर्देशों की जानकारी दिया। त्यौहार से संबंधित संभावित विवादों के संबंध में भी चर्चा हुई। लोगों ने जानकारी दिया कि परंपरा गत तरीके से वर्षो से मनाए जा रहे बकरीद त्यौहार में कभी कोई समस्या आड़े नहीं आई है। सभी ने हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण तरीके से आगामी त्योहार मनाने के लिए प्रशासन को आश्वस्त किया। बैठक में कई अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी के अलावा प्रधान तसव्वर शाह, प्रेमचंद मौर्य, रामचन्द्र, संजय सिंह, राधेश्याम , रामसुभग, मोहमद हुसैन , रमजान, सत्यदेव, मोहम्मद अली, विनोद, राम बृक्ष , अब्दुल गनी, नितेश, जगमोहन, जुबेर, सुखदेव आदि सहित बडी संख्या में अन्य संभ्रांत लोग भी उपस्थित रहे।

# ईद-उल-जुहा पर्व पर पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

बानगंगा(एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्राची सिंह के आदेश के क्रम में एवं



अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ के कुशल निर्देशन में शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के ष्टिगत शांति व्यवस्था बनाने के लिए थाना क्षेत्र में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्चध्पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। इस दौरान शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय, श्याम मोहन त्रिपाठी सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण माहौल में जनपद के दो परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षा, 102 परीक्षार्थी अनुपस्थित

# कड़ी सुरक्षा में 564 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्ष



बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज सिद्धार्थनगर में परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी



बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज के सामने परीक्षा की वजह से जाम की स्थिति बन गई

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। रविवार को जिले में भी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण, सकुशल और नकल विहीन संपन्न हो गई। अलग-अलग पालियों में हुई दो परीक्षा केंद्रों पर 666 परीक्षार्थी शामिल होने थे। कड़ाई के चलते 102 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 564 रही।

रविवार को हुई बीएस संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 666 परीक्षार्थी को शामिलहोना था। इसके लिए जिले में परीक्षा केंद्र के रूप में शिवपति पीजी कॉलेज शोहरतगढ़ में 316 व बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज सिद्धार्थनगर में 350 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने थे। बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज में नामांकित 350 के सापेक्ष दोनों पालियों में 303-303 ने परीक्षा दी। जबकि 47 अनुपस्थित थे। शिवपति पीजी कॉलेज में 316 के सापेक्ष प्रथम पाली में 269 ने परीक्षा दी, जबकि 57 अनुपस्थित थे। द्वितीय पाली में 261 ने परीक्षा दी, जबकि 55 अनुपस्थित थे। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के जनपदीय प्रभारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान के मुताबिक

- रविवार को जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर 666 परीक्षार्थियों को होना था शामिल
- बुद्ध विद्यापीट पीजी कॉलेज व शिवपति पीजी कॉलेज बनाए गए थे केंद्र

इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा की निगरानी हुई। साथ ही परीक्षा को नकल विहीन व पारदर्शिता से कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर दो-दो ऑब्जर्वर की तैनाती भी की गई थी। प्रत्येक दो परीक्षा केंद्र पर एक प्रतिनिधि भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखे रहे। प्रत्येक सेंटर पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद थे।

**जाम की स्थिति बनी रही:** शहर स्थित बुद्ध विद्यपीठ पीजी कॉलेज में परीक्षा समाप्ति के बाद दोनों पालियों में परीक्षा देने के बाद निकले परीक्षार्थियों के कारण मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि बाद में आवागमन सामान्य स्थिति में बहाल हो गई।

# बीएड प्रवेश परीक्षा 316 में 112 ने छोड़ी परीक्षा

बानगंगा(एसएनबी)। शोहरतगढ़ कस्बे में स्थित शिवपति पीजी कलेज शोहरतगढ़ में रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से हुई संपन्न। शिवपति पीजी कालेज शोहरतगढ़ में रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा में कुल



पंजीत परीक्षार्थियों की संख्या 316 में से 112 परीक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ी। शिवपति पीजी कालेज शोहरतगढ़ में सुबह सें ही परीक्षार्थियों का जमावड़ा लगा रहा। परीक्षार्थियों के प्रवेश के लिए विद्यालय प्रशासन ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र देखकर दाखिला कराया। इस दौरान डाक्टर धर्मेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, अनुपम सिंह, अरुण कुमार त्रिपाठी, पर्यवेक्षक नवीन सोनी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट संतोष कुमार शुक्ला आदि ने परीक्षा में मौजूद रहे।

**साइबर अपराध** | ठगों की कहानियों को जो समझ जा रहा है वह ठगी से बच जा रहा है, न समझ पाने वाले हो जा रहे हैं जालसाजों का शिकार

# पुलिस अफसर बनकर वसूली को लगा रहे झूठा आरोप

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। यह तीन मामले महज बानगी है। डुमरियागंज क्षेत्र में कई लोगों के मोबाइल पर साइबर अपराधी लगातार फोन करके ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं। साइबर ठग ह्वाट्सएप पर वाइस काल करके खुद को पुलिस अफसर बता रहे हैं। इस दौरान वह परिवार के सदस्यों द्वारा अपराध करने का झूठा आरोप लगाकर मामले को सलटाने के लिए मोटी रकम की डिमांड कर रहे हैं। ठगों के इन कहानी को अगर कोई समझ जा रहा है तो वह ठगी से बच जा रहा है, लेकिन न समझ पाने वाले ठगी का शिकार हो जा रहे हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट पर ठगों का खेल इस कदर चल रहा है कि वह धौंस जमाने के लिए वर्दीधारी डीपी लगाकार लोगों को ह्वाट्सएप समेत अन्य एप पर वाइस काल कर ठगने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा लगाए जा रहे आरोप से लोग सहम भी जा रहे हैं।

**केस 1**

डुमरियागंज कस्बा निवासी आफताब आलम 25 मई को चुनाव ड्यूटी पर थे। ड्यूटी के बीच ही उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आप को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि तुम्हारे भाई ने अपराध किया है। इतना सुनते ही आफताब डर गये और तत्काल फोन काट कर घर पर परिजनों के पास काल किए। मामला झूठा निकला। फिर से मोबाइल पर काल आया और उसने मैनेज करने के नाम पर पैसे की मांग की। हालांकि ठगी के मामले को समझते हुए आफताब ने फोन काट दिया।

**2** डुमरियागंज क्षेत्र के बहेरिया गांव निवासी राजेश पांडेय के मोबाइल पर दो जून को दोपहर लगभग एक बजे के करीब एक फ्राड काल आया। काल करने वाले ने अपने मोबाइल पर पुलिस अधिकारी का डीपी लगा रखा था और ह्वाट्सएप काल किया था। काल करने वाले ने अपने को आईपीएस अधिकारी विजय कुमार बताते हुए पूछा कि तुम्हारे कितने पुत्र हैं। इधर से जवाब दिया कि दो पुत्र हैं। इसके बाद उसने अपने एक पुत्र द्वारा गंभीर अपराध किए जाने की बात कही। यह सुनते ही राजेश चौंक उठे। कुछ देर बाद फ्राड काल समझ कर फोन काट दिये।

**2** डुमरियागंज क्षेत्र के धनुवाडीह गांव निवासी मिथलेश पांडेय के मोबाइल पर पांच जून को वाइस काल आया था। फोन करने वाले ने अपने को लखनऊ क्राइम ब्रांच का सब इंस्पेक्टर बताया। उसने पूछा कि मिथलेश पांडेय बोल रहे हो। इधर से बोले जी। इंस्पेक्टर ने कहा कि तुम्हारे नंबर से आपराधित कार्य किए जा रहे हैं। इतना सुनकर मिथलेश सहम गए। इसके बाद इंस्पेक्टर ने कहा कि एक घंटे के भीतर घर पर पुलिस पहुंच रही है। अंत में मामले का पटाक्षेप करने के लिए पैसे की डिमांड की गई। यह सुनते ही इन्होंने फोन काट दिया।



- डुमरियागंज क्षेत्र में कई लोगों के मोबाइल पर आ रहे साइबर अपराधियों के फोन
- ह्वाट्सएप पर वाइस काल कर परिवार के सदस्यों द्वारा अपराध करने का दे रहे हवाला

> वर्तमान समय में पुलिस अधिकारी बन कर लोगों को भ्रामक फोन कर ठगी किया जा रहा है। इस तरह की लगातार शिकायत मिल रही है। ऐसे में लोग फ्राड काल को लेकर सतर्क रहें। जालसाजी के जाल में फंसने से बचें। संभव हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। **–रमेश यादव**, अपराध निरीक्षक, डुमरियागंज

# दुष्कर्म के दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना की पुलिस ने रविवार को दो दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था।

गिरफ्तार करने वाले अपराध इंस्पेक्टर सुभाष यादव ने बताया कि मोहम्मद याकूब पुत्र मोहम्मद इस्लाम व शहिदुन्निशा उर्फ आसिया पत्नी मोहम्मद इस्लाम निवासी महमुदवा ग्रांट थाना शोहरतगढ़ के खिलाफ धारा 376(3)/120बी/342/506 व 16/17 पोक्सो एक्ट का केस दर्ज था। दोनों को महमुदवा ग्रांट से गिरफ्तार किया गया है।

# महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर लगे अंकुश

जासं, सिद्धार्थनगर: पुलिस लाइन सभागार में रविवार की देर शाम क्राइम मीटिंग हुई। एसपी प्राची सिंह ने थानेवार अपराधों पर अंकुश लगाए जाने के लिए किये गए उपायों की जानकारी ली। उन्होंने थाना प्रभारियों से कहा कि हर हाल में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर हर हाल में अंकुश लगाया जाए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं को गुणदोष के आधार पर निस्तारण के भी निर्देश दिये। एसपी ने पूर्व सैनिकों से उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण का आश्वासन दिया। एसपी ने थाना प्रभारियों से कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध रोकने समेत अन्य बिंदुओं पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। सीओ सदर सुजीत कुमार राय, अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ यादव, अनूप कुमार मिश्रा, एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग में उपस्थित पुलिसकर्मी • पुलिस मीडिया सेल

# श्मशान घाट खोदाई प्रकरण में दो पर मुकदमा दर्ज

**भवानीगंज के भड़रिया में बीते दो जून को हुई थी घटना, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज का आरोप**

जागरण संवाददाता, भवानीगंज : थाना क्षेत्र के भड़रिया गांव में बीते दो जून रविवार को श्मशान घाट की भूमि से मिट्टी खनन प्रकरण में पुलिस ने दो खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

उक्त गांव के पश्चिम स्थित श्मशान घाट पर ग्राम पंचायत से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जा रहा है। अंत्येष्टि स्थल को बराबर करने के लिए मिट्टी की आवश्यकता थी। ग्राम प्रधान ने बीते दो जून रात में श्मशान घाट की जमीन से ही जेसीबी से मिट्टी खोदाई करवा दी। जिससे दफनाए गए शव के कंकाल बाहर निकल आए। दूसरे दिन सुबह जब ग्रामीणों ने इसे देखा तो भड़क गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सबको समझा बुझाकर उस समय मामला शांत करा दिया था। लेकिन इसी प्रकरण में गांव निवासी संतोष पासवान ने थाने पर तहरीर देकर प्रधान पति नामदार पुत्र करीमुल्लाह व दलरू पुत्र रफीक पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि रविवार को तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# गोली चलने की सूचना पर परेशान रही पुलिस

जासं, सिद्धार्थनगर: भवानीगंज थाना क्षेत्र बयारा स्थित एक होटल पर शनिवार की देर कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान किसी ने पुलिस को होटल में गोली चलने की सूचना फोन करके दे दिया। थाना प्रभारी रामदेव सूचना पाते ही सक्रिय हुए और अपने हमराहियों के साथ बताए गए होटल में पहुंच गए। मौके पर मौजूद लोगों ने गोली चलने की घटना से इन्कार कर दिया। पुलिस ने अपनी संतुष्टि के लिए होटल में लगे सीसी कैमरे की फुटेज को चेक किया। गोली चलने की घटना गलत मिलने पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने रातभर गश्त जारी रखा। रात मे आवाजाही करने वालों से पूछताछ करती रही। पुलिस के अनुसार होटल पर आने के बाद पता चला कि बगल के बिथरिया गांव में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। वहीं, पर कुछ लड़के क्रिकेट खेलने जा रहे थे। जो होटल पर जलपान करने रुके थे। उन्हें लोगों में कुछ कहासुनी हुई थी। पुलिस ने बिथरिया गांव जाकर भी जानकारी ली।

मगर कुछ पता नहीं चला। इस संबंध एसओ भवानीगंज रामदेव ने बताया कि सूचना पर पुलिस गई थी। गोली चलने की घटना जांच में गलत मिली है। सीसी कैमरे की फुटेज में भी गोली चलने की बात गलत मिली है।

# शांति व्यवस्था के बीच मनाएं त्योहार



त्रिलोकपुर थाने पर बकरीद को लेकर आयोजित होती पीस कमेटी की बैठक • जागरण

जागरण टीम, सिद्धार्थनगर : ईद-उल-अजहा बकरीद को लेकर रविवार को मोहाना और त्रिलोकपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से शांति व्यवस्था में सहयोग मांगा गया। पुलिस ने कहा कि सौहार्दपूर्वक सभी लोग त्योहार मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।

मोहाना थाना प्रभारी जीवन त्रिपाठी ने कहा बकरीद का त्योहार नजदीक है। सभी लोग आपसी सौहार्द कायम करते हुए त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को किसी को हाथ में लेने की अनुमति नहीं होगी। यदि किसी ने अराजकता फैलाई तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे। इटवा प्रतिनिधि के अनुसार त्रिलोकपुर थाने में आयोजित बैठक तहसीलदार रवि कुमार यादव ने कहा कि कहीं पर कोई समस्या आती है तो इसकी तुरंत जानकारी दें, जिससे समय से उसका समाधान कराया जा सके। कहीं पर भी छोटे-छोटे विवाद की स्थिति बनती है तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें, क्योंकि यही विवाद बाद में बड़े विवाद का कारण बन जाता है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट कदापि न किया जाए। इस अवसर पर उप निरीक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी, नृपेंद्र सिंह, मोना पाण्डेय, शाहिद, नुरुल्लाह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अवैध खनन रोकने गई टीम पर हमला

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन रोकने गई खनन टीम पर माफियाओं ने हमला कर दिया। गनीमत रही कि इसमें कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ, लेकिन सरकारी वाहन का शीशा टूट गया है। खान अधिकारी के चालक ने खनन में प्रयुक्त हो रही जेसीबी की चाबी छीनकर गार्ड को दे दी थी। हमलावरों ने उनसे चाबी छीन ली है और जेसीबी लेकर वहां से भाग निकले। खान अधिकारी ने इस मामले में कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र में दो नामजद सहित सात-आठ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध तहरीर दी है। कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस का कहना है कि इस प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जाएगी।

जिला खान अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा को सूचना मिली कि पिपरसन स्थित अमृत सरोवर से जेसीबी की मदद से मिट्टी खोदकर बाहर भेजी जा रही है। सूचना मिलने के बाद



पिपरसन में अवैध खनन में लगी जेसीबी व अन्य वाहन ● सौ. इंटरनेट मीडिया

खान अधिकारी ने कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामभारी के देवसिंह, जितेन्द्र सिंह सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। मामला सत्य पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

राजेश कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु

खनन अधिकारी ने रात में मौके पर दबिश दिया। पिपरसन में अवैध खनन कर रहे लोगों को इसकी खबर लगी तो वह वहां से भाग निकले। रविवार की दोपहर वह अपने साथ छह-सात होमगार्डों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्हें एक जेसीबी जाते दिखी। इनके चालक ने जेसीबी को ओवरटेक कर उसे रोकने की कोशिश की तो मनबढ़ जेसीबी को सरकारी गाड़ी पर ही चढ़ाने लगे। इससे सरकारी वाहन का शीशा टूट गया। हालांकि बाद में खनन टीम ने किसी तरह से जेसीबी को रोका और उनके चालक ने जेसीबी की चाबी निकालकर होमगार्डों को दे दी। वहां मनबढ़ों के कई साथी पहुंच गए और उन्होंने होमगार्ड से जेसीबी की चाबी छीन ली।

**पहले भी आरोपित कर चुके हैं बवाल :** खान अधिकारी ने जिन आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी है, उनके खिलाफ पूर्व में भी अवैध खनन का आरोप लग चुका है। एक अधिकारी के जांच के दौरान विवाद भी हुआ था। राजनीतिक दबाव के चलते मामले रफा-दफा कर दिया गया था। मुकेश कुमार मिश्रा,जिला खान अधिकारी ने बताया कि बिना अनुमति के खनन होने की जानकारी पर मिलने मौके पर पहुंचा था।

# 666 परीक्षार्थियों में से 102 ने छोड़ी परीक्षा

## जिले के दो केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा में 564 परीक्षार्थी हुए शामिल, आसान था प्रश्नपत्र



बुद्ध विद्यापीठ पीजी कालेज में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची उड़नदस्ता टीम • जागरण



शिवपति पीजी कालेज से बीएड की प्रवेश परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी • जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जनपद के दो केंद्रों पर रविवार को बीएड की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। बुद्ध विद्यापीठ पीजी कालेज व शिवपति पीजी कालेज शोहरतगढ़ में दो पालियों में परीक्षा कराई गई। दोनों परीक्षा केंद्रों पर 666 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इनमें 564 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 102 ने परीक्षा छोड़ दी। प्रशासन ने परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया। बुद्ध विद्यापीठ पीजी कालेज में कंट्रोल रूम बनाया गया। बुद्ध विद्यापीठ पीजी कालेज में 350 छात्र व छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। पहली और दूसरी पाली में 303 ने परीक्षा दी। 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शिवपति पीजी कालेज में 316 परीक्षार्थी का पंजीकरण रहा। पहली पाली में 259 ने परीक्षा दिया। 57 परीक्षा देने के लिए नहीं आए। दूसरी पाली में 261 ने परीक्षा दी और 55 ने छोड़ी। परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी ने कराया। विश्वविद्यालय ने परीक्षा कराने के लिए समन्वयक के रूप में डा. यतींद्र मिश्रा को नियुक्त किया है। बुद्ध विद्यापीठ पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। कहीं से किसी प्रकार की सूचना नहीं मिली है। महेंद्र कुमार ने बताया कि प्रश्न पत्र आसान आया था। अधिकांश प्रश्न पढ़े हुए आए थे। प्रश्न को हल करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इस बार मेरिट हाई जाने की संभावना है। अभिषेक ने कहा कि प्रश्न पत्र में कुल 100 प्रश्नों को हल करना था। सभी विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। अधिकतर प्रश्न आसान रहे। परीक्षा की तैयारी की थी। सभी प्रश्न पढ़े हुए आए हैं। अनुराधा ने बताया कि परीक्षा में पूछे गए सभी प्रश्न आसान थे। सभी प्रश्नों को हल किया है। इस बार परीक्षा परिणाम की मेरिट हाई जाने की संभावना है। परीक्षा में सफलता मिलेगी, ऐसी उम्मीद है। कविता ने कहा कि प्रश्नपत्र में आसान प्रश्न आए थे। गर्मी के कारण थोड़ी परेशानी हुई। लेकिन सभी 100 प्रश्नों का उत्तर दिया है। किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने की संभावना है।



अनुराधा



महेंद्र कुमार



अभिषेक



कविता

# सड़क की पटरियों पर कब्जा आवागमन हुआ कठिन

डुमरियागंज : तहसील क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता कब्जा जमाए बैठे हैं। जिसके कारण लोगों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलने वालों को काफी परेशानी हो रही है वहीं बड़े वाहनों के पहिये भी अक्सर जाम हो जाते हैं। सलमान, अनीस, संदीप, विकास चौधरी, मनीष तिवारी, जैशराम, दीपक, मनबहाल आदि लोगों ने ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई कराने की मांग की है। जिससे आवागमन में लोगों को सहूलियत मिल सके।

# शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील

तिलौली। शिवनगर डिहई थाना परिसर में रविवार को बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक हुई। इसमें त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल शुक्ला ने लोगों को अधिकारियों के आदेश व निर्देश की जानकारी दी। सभी ने हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण तरीके से आगामी त्योहार मनाने के लिए प्रशासन को आश्वस्त किया। बैठक में कई अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी के अलावा प्रधान तसव्वर शाह, प्रेमचंद मौर्य, रामचन्द्र, संजय सिंह, राधेश्याम, रामसुभग आदि मौजूद रहे। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी और साजिश करने में महिला को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों का नाम मो. याकूब, सहिदुन्निशा उर्फ आसिया पत्नी मो. इस्लाम निवासी महमुदवा ग्रांट थाना शोहरतगढ़ है। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

# श्मशान घाट खुदाई प्रकरण में दो पर केस दर्ज

**भवानीगंज।** थाना क्षेत्र के भड़रिया गांव में दो जून रविवार को श्मशान घाट की भूमि से मिट्टी खनन मामले में पुलिस ने दो खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में गांव के ही एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस प्रधान पति समेत दो पर केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। मामला यह है कि भड़रिया गांव के पश्चिम स्थित श्मशान घाट पर ग्राम पंचायत से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जा रहा है। अंत्येष्टि स्थल को बराबर करने के लिए मिट्टी की आवश्यकता थी। ग्राम प्रधान ने बीते 2 जून रात में श्मशान घाट की जमीन से ही जेसीबी से मिट्टी खुदाई करवा दी। जिससे दफनाए गए शव के कंकाल बाहर निकल आए। दूसरे दिन सुबह जब ग्रामीणों ने इसे देखा तो भड़क गए। पुलिस ने सबको समझा बुझाकर उस समय मामला शांत करा दिया था। संवाद

# गोली चलने की फर्जी सूचना पर रात भर दौड़ी पुलिस

## भवानीगंज थाना क्षेत्र के बयारा स्थित एक होटल का है मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

भारतभारी। भवानीगंज थाना क्षेत्र बयारा स्थित एक होटल पर शनिवार की देर रात किसी से कहासुनी हो गई। जिस पर किसी ने पुलिस को सूचना दी कि एक होटल में गोली चली है। तब भवानीगंज पुलिस हरकत में आई एसओ रामदेव अपनी टीम के साथ होटल पर जानकारी लेने पहुंच गए।

वहां मौजूद लोगों से जानकारी की गई। जिस पर कोई सही जानकारी नहीं मिली। तब पुलिस से सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया। मगर कहीं से गोली चलने का कोई सबूत नहीं मिल सका। इस पर पुलिस रातभर संभावित स्थानों पर दौड़ती रही। जब पता चला कि सूचना गलत है तो राहत की सांस ली।

भवानीगंज पुलिस को का कॉल और फोन करने वाले ने बयारा के एक होटल पर विवाद में गोली चलने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और दौड़ लगाने लगी। होटल पर आने के बाद पता चला कि बगल के बिथरिया गांव में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। वहीं, पर कुछ लड़के क्रिकेट खेलने जा रहे थे। जो होटल पर जलपान करने रुके थे।

### सीसीटीवी कैमरे में फुटेज भी देखा गया, मगर नहीं मिला कोई सुराग

उन्हें लोगों में कुछ कहा सुनी सिर्फ हुई थी। एसओ बिथरिया गांव जाकर भी जानकारी ली। मगर कुछ पता नहीं चला। पुलिस रात भर टीम के साथ हलकान होती रही। मगर कुछ हाथ नहीं लगा।

इस संबंध एसओ भवानीगंज रामदेव ने बताया कि गोली चलने की फर्जी सूचना किसी ने पुलिस को दिया था, जो पूरी तरह फर्जी है। सीसीटीवी कैमरे में फुटेज भी देखा गया, मगर कोई सुराग नहीं मिला। मामला फर्जी निकला है।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# हत्या आरोपी के घर पुलिस का पहरा, गांव में दहशत




खाली पड़े हत्यारोपी के घर पुलिस का पहरा तथा मृतक के घर पर लगी भीड़ तथा पीएम हाउस पर मृतक के परिजनों से बात करते नायब तहसीलदार तथा सीओ सिटी।

## धर्मेन्द्र यादव हत्याकांड

## तमंचा व तलवार के साथ दो हत्यारोपी गिरफ्तार



[illegible]



अपने दोनों बच्चों के साथ मृतक धर्मेन्द्र यादव की पत्नी सुमन यादव।

[illegible]

### हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पीएम हाउस पर डटे रहे परिजन

[illegible]

### मृतक की पत्नी की तहरीर पर केस के खिलाफ हत्या का केस

[illegible]

### आरोपियों की गिरफ्तारी को एसओजी समेत पांच टीमें लगीं

[illegible]

## सनकी बेटे ने बुजुर्ग पिता की गला दबाकर की हत्या



घटना स्थल की जांच करते अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह।

[illegible]

# पुलिस को दिया प्रशिक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस लाइन सभागार कक्ष भारतीय न्याय संहिता, भारतीय



नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम का प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रीडर, सभी क्षेत्राधिकारी कार्यालय, सभी थानों के हे.मु., मु. आरक्षी/आरक्षी को दिया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में दिया गया। एएसपी शशि शेखर सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात केशव नाथ ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक कार्यालय रीडर, सभी क्षेत्राधिकारी कार्यालय, सभी थानों के हे.मु., मु.आरक्षी, आरक्षी को भारतीय न्यायसंहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में अवगत कराते हुए इसका प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में ज़ानकारी दी गयी। इस दौरान ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह, अभियोजन अधिकारी विनय कुमार पाण्डेय, संदीप चौबे, विशाल श्रीवास्तव, हरिकेश तिवारी, विवेक प्रताप सिंह, अशीष प्रसाद पाण्डेय, अनिल कुमार कुशवाहा, रीडर एसपी. कृष्ण देव सिंह, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : थानाध्यक्ष

मेंहदावल (एसएनबी)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें थानाध्यक्ष राम कृष्ण मिश्र ने सभी से त्योहार मिल जुलकर मनाने की अपील की। उन्होंने सभी को चेताया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष रामष्ण मिश्र ने कहा कि जाति धर्म मजहब से ऊपर उठ कर सामाजिक समरसता हमारे जीवन व विकास का मूल मंत्र है जो हमारे तरक्की का मार्ग प्रशस्त करता है तथा देश की एकता-अखंडता को मजबूत बनाता है। त्यौहार हमे भाई चारे के सूत्र मे पिरोते है इनसे अलग व्यवहार करने वाला व्यक्ति सामाजिक परिहास का कारण बनता है। इस लिए प्रेम सौहार्द भाई चारे व संद्भावना के साथ पर्व मनाए तथा प्रशासन का सहयोग करे। जिससे शांति व्यवस्था कायम किया जा सके।



मेंहदावल थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में शामिल हुए लोग।

# बकरीद को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

मेंहदावल। मेंहदावल थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक में विभिन्न समुदाय के लोग एकत्रित हुए। बकरीद त्योहार को देखते हुए पुलिस ने अपनी बात रखी वहीं सभी ने पुलिस, प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की अपील करते हुए अपनी-अपनी बात रखी।

प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बैठक में कहा कि बकरीद का त्योहार मुस्लिम भाइयों का एक बड़ा त्योहार है। इसे हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा को कायम रखते हुए मनाया जाए तो त्योहार का आनन्द बढ़ जाता है। सभी समुदाय के लोग एक दूसरे की भावनाओं का कद्र करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय की भावनाओं को आहत करने जैसा कोई कार्य न करें। हमें कस्बे व आस-पास के क्षेत्र में भय मुक्त माहौल पैदा करना है, जिससे कि सभी लोग अपने अपने त्योहारों को खुशी से मना सकें और कस्बे में शान्ति का माहौल भी बना रहे। माहौल बिगाड़ने वाले किसी भी अराजक तत्व के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# प्रधान संघ अध्यक्ष से मारपीट के मामले में तीन पर केस दर्ज

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** मेंहदावल ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष दीप नरायन शर्मा के साथ मारपीट की घटना होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज के साथ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस को दिए गए तहरीर में थरौली गांव निवासी प्रधान संघ अध्यक्ष ने लिखा है कि बीते 8 जून को वह गांव में एक जमीनी विवाद के पंचायत में गए थे। इसी दौरान गांव निवासी लालचंद व नीरज तथा रिश्तेदारी में आए पुरन्दरपुर जिला महराजगंज निवासी गोलू द्वारा विवाद शुरू कर दिया। जिसका विरोध पर गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस बारे में बात करने पर प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने कहा कि प्रधान संघ के अध्यक्ष की तहरीर तीनों आरोपितों पर मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## हत्या के बाद पुलिस छावनी में तब्दील हुआ महुई गांव

जासं, संतकबीर नगर : धर्मेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर देने के बाद महुई गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। गांव में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक व पुलिस विभाग सतर्क है। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। इस घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि इस घटना में शामिल शेष चार आरोपित फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि इन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव में पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य रोने-बिलखने लगे। इस घटना से दहशत का माहौल है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

जासं, संतकबीर नगरः धनघटा पुलिस ने कुछ दिन पूर्व नाबालिग लड़की को भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के आरोपित रामपुर दक्षिणी गांव (टोला-मदरहिया) निवासी प्रदीप यादव को रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति ने थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया था कि उनकी नाबालिग बेटी को प्रदीप बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया।

इस मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म, जान-माल की धमकी, पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि वह रविवार को आरक्षी अजय कुमार के साथ दबिश दिए। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# शांतिपूर्ण परंपरागत ढंग से मनाएं बकरीद

जासं, मेंहदावल : मेंहदावल के थानाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्र ने कहा कि बकरीद को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन के लोग सक्रिय हैं। लगातार निगरानी की जा रही है। शांतिपूर्ण वातावरण में परंपरागत ढंग से त्योहार मनाएं। शांति व्यवस्था में व्यवधान व उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष रविवार को थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक में दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का उपद्रव फैलाने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इंटरनेट मीडिया पर बेवजह पोस्ट शेयर करने से बचने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। इस मौके पर जहीरूद्दीन अंसारी, आशीष सिंह श्रीनेत सहित अन्य मौजूद रहे।



मेंहदावल थाने पर शांति कमेटी की बैठक करते प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र • जागरण

# छह आरोपितों पर मुकदमा, दो को भेजा जेल

## महुई गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई थी हत्या, चार की गिरफ्तारी को लेकर पांच टीमें गठित

**महुई गोलीकांड**

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद के महुई में शनिवार की रात हुए गोली कांड और तलवारबाजी में युवक की हत्या और चार के गंभीर रूप से घायल मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर छह आरोपितों के खिलाफ हत्या समेत अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज किया है। दो आरोपितों को पुलिस ने जेल भेजा है।- शेष चार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीम लगी हैं। आरोपितों के घर से पुलिस ने छह से अधिक धारदार हथियार, 12 से अधिक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक इस मामले में नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपित बचेंगे नहीं। सभी को कठोर सजा दिलाई जाएगी।

तहरीर में महुई गांव की सुमन यादव ने उल्लेख किया है कि उनके पति धर्मेंद्र यादव गांव में कक्षा एक से आठ तक निजी विद्यालय चलाते थे। उनके गांव के बोधनाथ यादव के परिवार से भूमि रंजिश चली आ रही है। इसको लेकर नौ जून को रात के करीब आठ बजे बोधनाथ यादव, उनके भाई इंद्रजीत यादव, गोरखनाथ यादव व शेषनाथ यादव तथा महुली थाना के बेलाडीह गांव के इनके जीजा पन्नेलाल यादव उनके घर के पास पहुंचे। उनके पति धर्मेंद्र यादव की हत्या करने के इरादे से उन्हें घर के बाहर बुलाने लगे।

जैसे ही उनके पति घर से बाहर आए, इसी दौरान बोधनाथ यादव व उनके भाई इंद्रजीत यादव ने उनको गोली मार दी। इससे वह भूमि पर गिर गए। उन्हें बचाने के लिए परिवार के सदस्य योगेंद्र यादव, धर्मदेव यादव, सुशील यादव उर्फ रिंकू व बजरंगी यादव पहुंचे। इस पर गोरखनाथ यादव, उनके भाई शेषनाथ यादव व उनके जीजा पन्नेलाल यादव तलवार से उन लोगों पर हमला कर दिए।



हत्याकांड के आरोपित के घर के बाहर तैनात पुलिसकर्मी • जागरण

इससे ये चारों लोग घायल हो गए। इसी दौरान बोधनाथ यादव की पत्नी भी ललकारते हुए हत्या कर देने की धमकी देने लगी। यह देखकर उनके परिवार के अन्य सदस्य संजय यादव, शशांक यादव, सोना देवी व श्याम नरायन यादव बीच बचाव करने पहुंचे।

ग्रामीणों को आता देखकर मनबढ़ जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोपितों के घर से पुलिस ने छह से अधिक धारदार हथियार, 12 से अधिक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि छह आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसमें से गोरखनाथ यादव व उनके भाई शेषनाथ यादव को जेल भेजा गया है। शेष चार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीम लगी हैं। कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गयी है।

# प्रधान संघ अध्यक्ष से मारपीट, तीन पर मुकदमा दर्ज

जासं, मेंहदावल : मेंहदावल ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष दीप नरायनं शर्मा के साथ मारपीट की घटना होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज के साथ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

तहरीर में थरौली गांव निवासी प्रधानं संघ अध्यक्ष ने लिखा है कि आठ जून को वह गांव में एक भूमि विवाद के पंचायत में गए थे। इसी दौरान गांव निवासी लालचंद व नीरज तथा रिश्तेदारी में आए महराजगंज जनपद के पुरंदरपुर निवासी गोलू द्वारा विवाद शुरू कर दिया गया। जिसका विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए मुझे मारपीट कर घायल कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर तीनों नामजद आरोपितों पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शांतिभंग की आशंका में पुलिस ने चार लोगों को दबोचा

संतकबीर नगर : बेलहरकला पुलिस ने शांति भंग की आशंका में रविवार को चार लोगों को दबोचा। उन्हें थाने पर लेकर आई। उनसे विवाद के बारे में पूछताछ की। ये लोग पुरानी रंजिश को लेकर विवाद कर रहे थे।

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया।

थाना बेलहरकला पुलिस ने वांछित आरोपी जुनैद अहमद निवासी निघुरी को धोबहा चौराहा स्थित ढाबा के पास से पकड़ा। पुलिस के अनुसार छह जून को क्षेत्र की लड़की से दुष्कर्म किया था। संवाद

# 59 वाहनों से वसूले 83 हजार रुपये समन शुल्क

संतकबीर नगर : पुलिस ने रविवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इसमें यातायात पुलिस कर्मियों ने भी सहयोग किया। बिना हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस के बाइक चलाने पर, एक बाइक पर तीन-चार लोगों के बैठाने पर रोका। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 59 वाहनों से 83 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की गयी।

# भारतीय न्याय संहिता का दिया प्रशिक्षण

**संतकबीरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को एएसपी शशि शेखर सिंह व सीओ यातायात संतकबीरनगर केशवनाथ के अगुवाई में सभागार कक्ष में भारतीय न्यायसंहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें एसपी रीडर, सभी सीओ कार्यालय, सभी थानो के हेड मोहर्रिर, मुख्य आरक्षी व आरक्षी को नए आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह, अभियोजन अधिकारी विनय कुमार पांडेय, संदीप चौबे, विशाल श्रीवास्तव, हरिकेश त्रिवारी, विवेक प्रताप सिंह, आशीष प्रसाद पांडेय, अनिल कुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे। संवाद

# कुर्बानी को लेकर मुसहरा गांव में प्रशासन हुआ सतर्क

धर्मसिंहवा। संवेदनशील गांव मुसहरा में बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक निपट सके, इसको लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस ने अब तक 32 लोगों को पाबंद किया है, साथ गांव पर नजर रखा हुआ है।

वर्ष 2007 में परंपरा न होने के बावजूद एक पक्ष की ओर से कुर्बानी करने से दूसरे पक्ष ने बवाल काटा गया था। गांव में आगजनी और लूटपाट की घटनाएं हुई थीं। पुलिसकर्मियों सहित अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई थी। तत्कालीन समय में धर्मसिंहवा थाना जनपद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत आता था। एक पक्ष के अनुसार गांव में बकरीद पर कुर्बानी

## वर्ष 2007 में गांव में हुआ था सांप्रदायिक विवाद

की परंपरा नहीं थी पर कुछ लोगों के बहकावे में आकर दूसरे पक्ष के लोगों ने जबरिया कर लिया था। इस पर दूसरे समुदाय के उग्र हो जाने से बवाल हो गया था। तब से प्रदेश स्तर के उच्च अधिकारी इस पर्व पर मुसहरा का जायजा लेते हैं। इस वर्ष 17 जून को बकरीद है। इस दिन कुर्बानी होती है।

एसओ धर्मसिंहवा इंद्र भूषण सिंह ने बताया कि मुसहरा गांव में शांति व्यवस्था को लेकर 32 लोगों को भारी मुचलके में शांतिभंग में प्राबंद कर दिया गया है। संवाद

b

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# बीएड प्रवेश परीक्षा से 302 अभ्यर्थी गैरहाजिर

- पहली पाली में 150 और दूसरी पाली में 152 ने छोड़ी परीक्षा
- परीक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अफसर रहे मुस्तैद



शहर के एलबीएस पीजी कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी।

गोंडा, संवाददाता। जिले में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को तीन केंद्रों पर संपन्न हुई। सुबह नौ से बारह और दोपहर दो से पांच बजे की दो पाली में तीन केंद्रों पर 150 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है।

शहर के एलबीएस पीजी कॉलेज में 500 विद्यार्थियों में से पहली और दूसरी पाली में 56-56, जीजीआईसी में 400 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से पहली पाली में 35 और दूसरी पाली में 38 ने परीक्षा छोड़ दी है। वहीं स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में 430 में से पहली पाली में 59 और दूसरी पाली में 58 विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रहे हैं। तीनों परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ केंद्र प्रतिनिधि लगाए गए। परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश के दौरान सघन तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। स्टैटिक मजिस्ट्रेट में जिला समाज कल्याण अधिकारी और क्षेत्रीय विपणन अधिकारी और केंद्र प्रतिनिधि मे एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी को एलबीएस व जीजीआईसी, एसडीएम करनैलगंज भारत को स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज का केंद्र प्रतिनिधि बनाया गया। केंद्र प्रतिनिधि परीक्षा से पहले गोपनीय प्रपत्रों को केंद्र तक पहुंचाने और परीक्षा संपन्न होने के बाद कोषागार में जमा करने की जिम्मेदारी रही है।

**केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती :** बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए तीनों परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र प्रतिनिधि तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गइ है। तीनों परीक्षा केंद्रों पर दो-दे पर्यवेक्षक तैनात कर दिए गए हैं। परीक्ष केंद्रों पर एक उपनिरीक्षक के साथ महिला और पुरूष के जवान लगाए गए। एडीएम चंद्र शेखर ने बताया कि आवागमन की व्यवस्था के लिए सीअे सिटी विनय कुमार सिंह और नगर कोतवाल राजेश सिंह की निगरानी मे फोर्स लगाई गई थी।

# भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोग परेशान

बिजली संकट



परसपुर क्षेत्र में ग्राम पंचायत प्यौली में जला ट्रांसफार्मर।

गोण्डा, संवाददाता। हफ्ते भर पहले आई आंधी और बारिश के बाद बिजली कटौती से जिला कराह रहा है। जब तक ट्रिपिंग व ब्रेकडाउन होने के चलते ढंग से उपकेन्द्रों का संचालन नहीं हो पा रहा है। रात हो या दिन, बिजली की आवाजाही होती रहती है। भीषण गर्मी और तल्ख धूप के बीच कटौतियां होने से लोग परेशान हैं। लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। रविवार सुबह से विभिन्न फीडरों पर ट्रिपिंग और दुश्वारियों के चलते कई कई घंटे आपूर्ति बाधित रही।

शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से ओवरलोड कम किए जाने के दावे किए जा रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दुश्वारियां बढ़ी है।

धानेपुर, कटरा, परसपुर, मसकनवा आदि क्षेत्रों में इसके चलते उपकेन्द्रों का संचालन नहीं हो पा रहा है। सौ से अधिक गांवों के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वहीं नवाबगंज, तरबगंज वजीरगंज, इटियाथोक में भी दुश्वारियों से बिजली की आने जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। कार्पोरेशन के एसई आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि शहरी क्षेत्र से ओवरलोड कम कर दिये गए हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों को गैंगमैनों को लगाया गया है। जल्द ही दुश्वारियों को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

## मसकनवां में 33केवी लाइन में आई खराबी

जिले के मसकनवा कस्बे में 33 केवी की लाईन मे खराबी आने से यहां लोग दस घंटे से अधिक परेशान है। लोग बिजली व पानी के लिए तरस रहे हैं। छपिया संवाद के अनुसार 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन होने से मसकनवा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे दस घंटे से अधिक समय से बिजली ठप है। जिससे उपभोक्ताओ को भीषण उमस भरी गर्मी मे हैरान परेशान होना पड़ रहा है। रविवार की सुबह से ही आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही । जेई अमित कुमार पटेल ने बताया कि मसकनवा कस्बे के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली सप्लाई बहाल कर दी गयी।

## धू-धू कर जला दस केवीए का ट्रांसफार्मर

परसपुर। विकासखंड के ग्राम पंचायत प्यौली के पूरे बिलन्द में लगा 10 केवीए का ट्रांसफॉर्मर धू-धू कर जल गया। ग्रामीण कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह लगभग 5 बजे बंदरो के कूदने की वजह से से गांव के बाहर लगा 10 केवी का ट्रांसफॉर्मर तेज आवाज के साथ धू धू कर जलने लगा हालांकि किसी बंदर को कोई नुकसान नही हुआ।

ग्रामीणों ने बिजली कर्मी को फोन करके फीडर बंद कराया। चिंगारी से ट्रांसफॉर्मर के अगल बगल लगी घास में भी आग लग गयी। ग्रामीणों ने किसी तरह धूल मिट्टी डालकर आग को बुझाया। परसपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता करुणेश मिश्रा ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर के जलने की सूचना मिली है। शीघ्र नया ट्रांसफॉर्मर लगवाया जाएगा।

# आज हीटवेव का अलर्ट पड़ेगी भीषण गर्मी



गोण्डा में रविवार को भीषण गर्मी से बचकर जाते लोग।

## मौसम

गोण्डा, संवाददाता। देश के अलग अलग हिस्सों में राहत के उलट जिले में हीटवेव कहर बरपा रही है। रविवार को भीषण गर्मी के बाद सोमवार को अतिभीषण गर्मी का प्रकोप होने की संभावनाएं जताते हुए भारत मौसम विभाग ने हीटवेव्स चलने का येला एलर्ट जारी किया है।

अगले सप्ताह से राहत मिलने के आसारः मानसून अभी इस सप्ताह भी पूर्वोत्तर के राज्यों में ही ठहरा रह सकता है। लेकिन मानसून का पश्चिमी सिरा तेजी से आगे बढ रहा है। ऐसे में मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह अरब सागर की ओर से नम हवाएं दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्री-मानसून की गतिविधियां दे सकती हैं, जिसके साथ ही अगले सप्ताह मानसून के बिहार में प्रवेश करेगा।

# भूमि फर्जीवाड़े में चार पर गंभीर धाराओं में केस

करनैलगंज, संवाददाता। फर्जी तरीके से वरासत दर्ज करा कर जमीन का बैनामा करने के मामले में मंडलायुक्त के निर्देश पर चार के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है।

मंडलायुक्त के निर्देश पर करनैलगंज पुलिस ने ग्राम वीरपुर कटरा थाना कटरा बाजार निवासी पार्वती देवी उर्फ सोना की तहरीर पर राबिया बानो, हबीबुल्ला, मोबीन अहमद निवासी बीरपुर कटरा बाजार, संजू देवी निवासी हीरापुर कमियार करनैलगंज के विरुद्ध कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसमें वादी पार्वती ने कहा है कि उसके पुत्र श्रवण कुमार व पुत्रवधू फूला देवी की मृत्यु हो चुकी है। मात्र एक लड़का संतोष कुमार है। नाबालिक पौत्र संतोष कुमार की जमीन हड़पने की नीयत से गांव की रहने वाली राबिया बानो व हबीबुल्ला ने जालसाजी सेहेरा फेरी करके दर्ज कर लिया।

# अमरनाथ बने रीडर

गोंडा : एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी ने राजस्व लिपिक अमरनाथ को रीडर एसडीएम न्यायालय पर तैनात किया है। यहां तैनात रहे रीडर को आयुक्त देवीपाटन मंडल के कार्यालय में संबद्ध कर लिया गया था। (संसू)

# राशन वितरण में अनियमितता

नवाबगंज : लिदेहना ग्रंट में कोटेदार के मनमानी की शिकायत मिलने पर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि कमलेश पांडेय गांव स्थित साधन सहकारी समिति पर पंहुचे। उन्होंने कहा कि जल्द ही नए कोटेदार का चयन कराया जाएगा। (संसू)

# आरआइ को प्रतिकूल प्रविष्टि

गोंडा : बिना जांच किए नामांतरण आदेश पारित करने के मामले में एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी ने राजस्व निरीक्षक (आरआइ) पूरेतिवारी राजदेव पांडेय को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। डीएम नेहा शर्मा ने एसडीएम को संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे। (संसू)

# प्रशिक्षण में युवाओं को गो-पालन से स्वावलंबी बनने के गुर बताए

संसू, जागरण● गोंडा : अंबेडकर चौराहे के निकट गायत्री शक्ति पीठ में प्रशिक्षण शिविर लगा, जिसमें युवाओं को स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया गया।

ग्राम प्रबंधन व स्वावलंबन प्रशिक्षण शिविर में शांतिकुंज से आए डा. चंद्र मणि शुक्ल व श्री कृष्ण कुमार पांडेय युवाओं को गोपालन से कृषि, धनार्जन, स्वास्थ्य रक्षा के गुण बताए। संचालन गायत्री परिवार के जिला समन्वयक ठाकुर प्रसाद तिवारी ने किया। रामतेज मिश्र, महेंद्र नाथ त्रिपाठी, उमानाथ त्रिपाठी, रूपनारायण सिंह, माखन सिंह, जगदीश प्रसाद ओझा,अनूप श्रीवास्तव, शुभम सोनकर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक सिंह मौजूद रहे।



अंबेडकर चौराहा स्थित गायत्री मंदिर में प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते डा. चंद्रमणि शुक्ल ● जागरण

## व्यापारी नेता के जन्म दिवस पर बांटी मिठाई, पिलाया शर्बत

संसू, जागरण● गोंडा : व्यापारी नेता के जन्म दिवस पर व्यापारियों ने भरत मिलाप तिराहे पर मिठाई बांटकर खुशियां मनाईं।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री जगदीश रायतानी की अगुवाई में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के जन्म दिवस पर उनके दीर्घायु की कामना करते हुए पूजन अर्चन किया गया,फिर मिष्ठान व शरबत वितरण हुआ। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र आर्य,शिवकुमार सोनी, प्रिंस चौरसिया,अतीक अहमद,दिलीप अग्रवाल, कैलाश लखवानी, अमरनाथ गुप्ता, ऋषभ, वरदान उपस्थित रहे।



भरत मिलाप चौराहे पर शरबत व पानी पिलाते भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी ● जागरण

# कैसरगंज में भी सपा को मिला अल्पसंख्यकों का दुलार

कन्हैयालाल इंटर कालेज कर्नलगंज के बूथ नंबर 17 पर भाजपा को सिर्फ 40 वोट मिले। जबकि, सपा को 320 व बसपा को दो वोट मिले। बूथ नंबर 15 पर सपा को 347, भाजपा 83 व बसपा को सात वोट मिले। कन्या प्राथमिक विद्यालय के बूथ नंबर 25 पर भाजपा को सिर्फ 17 वोट मिले। सपा को 532 व बसपा को छह वोट मिले। कैसरगंज लोकसभा सीट भाजपा को किसी भी बूथ पर दस से कम वोट नहीं मिले। कर्नलगंज के सिर्फ एक बूथ पर उसे सबसे कम 17 वोट मिले।

# महाराणा प्रताप के रक्त में भरी थी देशभक्ति

संसू, जागरण• गोंडा : वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह ने घास की रोटी खाकर विदेश से आए मुगलों का मुकाबला किया था।

देशभक्ति व स्वाभिमान उनके रक्त में भरा था। महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती पर ग्राम पंचायत खरगूपुर के अवरता में आयोजित गोष्ठी में राम धन सिंह राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी,लेकिन गुलामी स्वीकार नहीं की। उनके जीवन की यह घटना हमें आजादी से जीने की सीख देती है। अध्यक्षता कर रहे राघवराम सिंह राणा ने उन्हें प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे याद रखकर नई पीढी में देशभक्ति की अलख जगानी होगी। गोष्ठी में राणा परिवार के पारसनाथ सिह,सुरेंद्र सिंह, भारत सिंह, चंद्र बलि सिह, राम कृपाल सिह, श्री चंद सिह,तिलक राज सिंह , अजय सिह , महेश सिह, वीरेंद्र सिंह ने महाराणा प्रताप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए राह पर चलने का संकल्प लिया।

# पुलिस टीमों ने अधिकारों की दी जानकारी, वांटे पंफ्लेट

संसू, जागरण• गोंडा : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर थानावार पर गठित एंटीरोमियो टीम व बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों का भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है।

नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के साथ ही अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के बारे में पंपलेट वितरित किया गया। आत्मरक्षा की जानकारी दी गई। किसी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108, 102, 1930 पर काल करने की सलाह दी गई।

# विवाहिता को पीटकर घर से भगाया, मुकदमा दर्ज

संसू जागरण● वजीरगंज (गोंडा) : टिकरी लोहाराडांढ निवासी कीर्ति सिंह ने कहा कि पति समेत अन्य ससुरालीजन दो लाख रुपये नकद, बाइक, जेवरात की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे।

एक जून 2024 की सुबह पति अमरेंद्र प्रताप सिंह, देवर अवनीश कुमार सिंह, देवरानी पूजा सिंह, ससुर श्रवण सिंह, सास प्रभावती सिंह, ननद ममता व मोना सिंह ने दहेज की मांग को मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

# चाचा के खाली घर में सड़ता रहा लापता भतीजी का शव, हत्या की जताई शंका

## छत के कुंडे से रस्सी के फंदे के सहारे लटकी थी युवती की लाश

संसू, जागरण • धानेपुर/मेहनौन : ग्राम पंचायत पूरे महा के लोनियनपुरवा में ईशा चौहान का शव चाचा के खाली पड़े मकान में मिला है। युवती शुक्रवार की रात से लापता थी। घर से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने सूचना दी। पुलिस ने घर का दरवाजा खोला तो ईशा का शव छत की हुक से रस्सी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। युवती की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही है।

पूरे महा में लोनियनपुरवा में दुखहरण के एक-एक कमरे के पांच मकान हैं। उनके पांच भाईयों को एक-एक मकान मिला है। मृतका की मां साबरमती ने बताया कि शुक्रवार की रात में उनकी बेटी भोजन करने के बाद सो गई थी। सुबह बिस्तर पर नहीं दिखी। खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चला। रविवार को उनके देवर घनश्याम चौहान के मकान से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा खोला तो ईशा का शव छत के कुंडे से रस्सी के फंदे के सहारे लटक रहा था। घनश्याम चौहान का परिवार शंकर चौराहा पर रहता है। ऐसे में स्वजन ने उनके घर में नहीं देखा। मृतका तीन बहन व एक भाई में सबसे छोटी थी। उसने इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वह घर पर गांव की बालिकाओं को सिलाई सिखाती थी। सवाल उठ रहा है कि घर के बगल कमरे में युवती का शव था और स्वजन को जानकारी क्यों नहीं हुई? युवती के गायब होने के बाद पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी गई है। गांव में तरह-तरह की चर्चा है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।



धानेपुर के लोनियनपुरवा गांव में घटना की जानकारी लेती पुलिस • जागरण



मृतका ईशा चौहान • फाइल फोटो

# झमलिया न काटौ, काटौ न महुआ कय डाल हो...



वेलसर के एमडीवी सिंह इंटर कालेज में संस्कार गीत कार्यशाला के समापन पर प्रमाण पत्र के साथ छात्राएं व अतिथि ● जागरण

संसू, जागरण ● वेलसर : एमडीवी सिंह इंटर कालेज में अमवा न काटौ, इमलिया न काटौ, काटौ न महुआ कय डाल हो, निमिया न काटौ निमिया पर देवी सवार हो, मेंहदीया न काटेव, मेंहदीया पर हमरो श्रृंगार हो... की मधुर गूंज के बीच छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अवसर था ग्रीष्मकालीन संस्कार गीत कार्यशाला के समापन का।

छात्राओं को जन्म संस्कार, अन्नप्राशन, मुंडन संस्कार, विवाह संस्कार, ऋतु गीतों के गायन का प्रशिक्षण लेने के बाद ब्लाक प्रमुख तरबगंज मनोज पांडेय ने उन्हें प्रमाणपत्र दिया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व कार्यशाला संयोजक अजीत सिंह ने प्रशिक्षक अवधी कवि शिवपूजन शुक्ल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अशोक, सूरज सिंह, विजय बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

# बीएड प्रवेश परीक्षा में 302 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

संसू, जागरण ● गोंडा : जिले में तीन परीक्षा केंद्रों पर रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। दो पालियों में हुई परीक्षा में 302 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कालेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज व श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज में सुबह नौ से 12 बजे व दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा कराई गई।

प्रथम पाली में तीनों केंद्रों पर 1330 अभ्यर्थियों को परीक्षा देना था, जिसमें 1180 उपस्थित हुए। 150 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में एक हजार 178 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 152 अनुपस्थित रहे। डीएम नेहा शर्मा ने शांतिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों को सौंपी थी।



एलबीएस डिग्री कालेज से बीएड प्रवेश परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी ● जागरण

एलबीएस कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई।

# बाइक चालक पर लापरवाही का केस

नवाबगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र नवाबगंज के नगवा पंडित पुरवा गांव निवासी राम बुझारत ने थाने में एक बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

19 मई की शाम वह अपनी रिश्तेदारी में नवाबगंज गिर्द के घूसे तिवारी पुरवा गया था। वहां से घर के लिए निकलते ही तेज गति से लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए ज्ञानदास पुरवा नगवा निवासी बेंचू यादव ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसका दाहिना पैर टूट गया। उसे अयोध्या के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# बारिश में ट्रैकमैन बढ़ाएंगे पेट्रोलिंग

## मानसून से पहले रेलवे सतर्क, ऑटोमेटिक डिवाइस से होगी जलस्तर की निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। बारिश के दौरान ट्रेनों के संचालन पर असर न पड़े, इसके लिए रेलवे महकमा सतर्क हो गया है। इस बार ऑटोमेटिक डिवाइस से जलस्तर की निगरानी की जाएगी। नदियों के समीप ऑटोमेटिक वाटर लेवल मेजरिंग डिवाइस लगाई जाएगी। इंजीनियरिंग विभाग को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। ट्रैकमैन भी बारिश के मौसम में पेट्रोलिंग बढ़ाएंगे।

रेलवे ट्रैक के समीप तटबंधों के उन स्थलों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है जहां विगत वर्षों में कटान की समस्या आई थी। बाढ़ के कुप्रभाव को रोकने के लिए रेल पथ एवं पुलों से संबंधित सभी अंतरिम या स्थायी कार्यों को आवश्यक रूप से समय से पूरा कर लिया जाएगा। महत्वपूर्ण पुलों के रखरखाव के लिए नदियों के जलस्तर की निगरानी की जा रही है। चिह्नित संवेदनशील स्थानों की निगरानी पेट्रोल चार्ट के अनुसार की जाएगी।

### पुल व नदियों के समीप रेलवे ट्रैक पर बरती जाएगी विशेष सतर्कता

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ डिवीजन के डीआरएम आदित्य कुमार ने बारिश के पहले ही ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को लेकर रोडमैप तैयार किया है। इसके अलावा उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देशित कर दिया है। इसके लिए ट्रैकमैनों की टीम गठित करके ट्रैक पर पेट्रोलिंग कराई जाएगी।

### उपयोगी वस्तुओं का किया गया है पर्याप्त भंडारण

बारिश की अवधि 15 जून से 15 अक्टूबर तक विशेष सतर्कता बरतने की तैयारी की गई है। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विशेष कार्ययोजना के अंतर्गत कार्यवाही शुरू कर दी गई है। वर्षा काल में क्षतिग्रस्त लाइनों और पुलों में उपयोगी वस्तुओं जैसे- बोल्डर, क्वेरी डस्ट, मोटा बालू, सिंडर, सीमेंट के खाली बैग, सर्विस गर्डर, वुडेन स्लीपर, सीसी क्रिब, जीआई वायर, जेनरेटर, टार्च, पेट्रोमैक्स, टेंट आदि का पिछले मानसून के अनुभव के आधार पर पर्याप्त भंडारण ऐसे स्थान पर किया गया है जिससे आवश्यकतानुसार इनका लदान सुविधानुसार हो सके। डीआरएम के अनुसार वर्षा एवं बाढ़ से बचाव की तैयारियों के अंतर्गत गोंडा स्टेशन पर 20 वैगन बोल्डर एवं 12 वैगन क्वेरी डस्ट, मोटा बालू व सिंडर स्टोर किया गया है। इसके अलावा मंडल के 10 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग की जाएगी।

# 302 अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड प्रवेश परीक्षा

## एलबीएस, जीजीआईसी और स्वामी विवेकानंद कॉलेज में सुचारू रुप से हुई प्रवेश परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले के एलबीएस, जीजीआईसी और स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में रविवार को दो पालियों में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराई गई। पहली पाली में 1180 और दूसरी पाली में 1178 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं पहली पाली में 150 और दूसरी पाली में 152 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। दोनों पालियों में सुचारू रूप से परीक्षा हुई।

परीक्षा नोडल व एलबीएस पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रो. आरके पांडेय ने बताया कि जिले में 1330 अभ्यर्थियों के लिए एलबीएस, जीजीआईसी और स्वामी विवेकानंद कॉलेज में परीक्षा कराई गई। सुबह नौ से 12 और दो से पांच बजे के बीच परीक्षा हुई है।

बताया कि पहली पाली में 1180 और दूसरी पाली में 1178 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी



गोंडा के एलबीएस पीजी कॉलेज में बीएड की प्रवेश परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। -संवाद

जबकि पहली पाली में 150 और दूसरी पाली में 152 अभ्यर्थियों ने बीएड प्रवेश परीक्षा छोड़ दी। इस दौरान स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा दो ऑब्जर्वर समेत अन्य अधिकारी लगाए गए थे। प्राचार्य ने बताया कि मजिस्ट्रेट व ऑब्जर्वर की निगरानी में तीनों केंद्रों पर सुचारू रूप से परीक्षा कराई गई।

कहीं कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। परीक्षा देकर लौटे अभ्यर्थी सौम्या, सुरजीत,



सौम्या



सुरजीत



विनोद



आकांक्षा तिवारी

विनोद, आकांक्षा तिवारी और आरती तिवारी ने बताया कि दोनों पालियों में कुल 400 अंकों के 200 प्रश्न पूछे गए थे। अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र सामान्य स्तर का बताया।

## विवाहिता की मौत के मामले में दर्ज न हुई रिपोर्ट

**विश्नोहरपुर (गोंडा)।** नवाबगंज के साकीपुर गांव की रहने वाली महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने अब तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। गांव निवासी धनंजय सिंह की पत्नी गुड़िया सिंह (32) का शव शनिवार दोपहर घर की पहली मंजिल पर बने टिनशेड के पाइप में फंदे से लटका मिला था। गुड़िया के भाई विकास सिंह ने बताया कि उन्होंने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी मगर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। रिपोर्ट मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। (संवाद)

## पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न का केस

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के टिकरी लोहाराडांड़ निवासी कीर्ति सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि 29 अप्रैल 2018 को उनका विवाह इंदरपुर थाना नवाबगंज निवासी अमरेंद्र प्रताप सिंह से हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद से ही पति समेत ससुरालीजन दो लाख रुपये नकद, बाइक व सोने की चेन की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। गत एक जून की सुबह पति अमरेंद्र, देवर अवनीश, देवरानी पूजा, ससुर श्रवण, सास प्रभावती, ननद ममता व मोना ने दहेज की मांग को लेकर पिटाई करके घर से निकाल दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पति समेत सात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# युवती से छेड़खानी पर मुकदमा

**इटियाथोक।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती के भाई ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी बहन शनिवार देर शाम घर के बाहर बर्तन साफ कर रही थी। तभी विनीत कुमार पाठक ने उसके साथ छेड़खानी की। बहन के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी विनीत कुमार पाठक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# पैतृक जमीन में हिस्सा मांगने पर पीटा

खोड़ारे (गोंडा)। क्षेत्र के ग्राम सीतारामपुर ग्रांट लालगंज निवासी इब्राहिम ने बताया कि पैतृक जमीन में हिस्सा मांगने पर विपक्षी अब्दुल कुद्दूस ने अभद्रता की। उसके हिस्से की जमीन अपने बेटी-दामाद को देने की बात कही। मना करने पर विपक्षी के साथ सबाहत अली व सकीना खातून निवासी ग्राम गोल्हईपुर व रफीकुन निवासी ग्राम चंद्रदीपघाट मिलकर पीटने लगे। चीखपुकार पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

परसपुर (गोंडा)। मारपीट के दो मामलों में चार पर केस दर्ज किया गया है। आंटा भइया पुरवा निवासी लक्ष्मी ने अपने ससुर देवी प्रसाद, देवर शंकर व देवरानी सुमन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, विजयगंज बहुवनमदार मांझा निवासी सर्वेश यादव ने बताया कि शुक्रवार शाम एक व्यक्ति ने उसके घर आकर मारपीट की। सर्वेश की तहरीर पर ग्राम बांसगांव टिकैतनगर, बाराबंकी निवासी कौशल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# 76 में लैब व 82 स्कूलों की कक्षाएं बनेंगी स्मार्ट

## व्यवस्थाएं दुरुस्त कर 20 जून तक परियोजना कार्यालय को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले के परिषदीय उच्च प्राथमिक, कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी समेत 82 विद्यालयों के बच्चों को तकनीक व आधुनिकता से जोड़ा जाएगा। इसके लिए विद्यालयों की कक्षाएं स्मार्ट बनाई जाएंगी। पहली बार जिले के विद्यालयों में सूचना संचार तकनीकी के लिए आईसीटी लैब की स्थापना होगी।

सत्र 2022-23 में जिले के 357 विद्यालयों की कक्षाएं स्मार्ट बनाने की कवायद शुरू हुई थी। इसमें अत्याधुनिक प्रोजेक्टर वाई-फाई, समेत अन्य जरूरी सुविधाएं दुरूस्त की गई हैं। जिला समन्वय (प्रशिक्षण) हरिगोविंद यादव ने बताया कि सत्र 2023-24 और 2024-25 में एक साथ 76 विद्यालयों में आईसीटी (सूचना-संचार तकनीकी) लैब और 82 विद्यालयों की कक्षाएं स्मार्ट बनाने की स्वीकृति मिली।

राज्य परियोजना कार्यालय स्तर से चयनित विद्यालयों का फिर से सत्यापन कर रिपोर्ट तलब की गई है। कुल 556 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब की मांग की गई। मगर विद्यालय स्तर पर त्रुटिपूर्ण जानकारी देने के चलते महज 158 विद्यालयों का ही चयन हो सका।

### चयनित विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश जारी

बीएसए स्तर से खंड शिक्षाधिकारियों को 20 जून तक स्मार्ट कक्षाएं व आईसीटी लैब के लिए कक्षा-कक्ष का चिह्नांकन, विद्युतीकरण व सुरक्षा संबंधी उपायों को दुरुस्त कराने के जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। 20 जून तक ही रिपोर्ट भी सौंपी जाएगी। वहीं परियोजना स्तर से जल्द फर्म चयन के बाद जरूरी प्रक्रिया शुरू होगी। माना जा रहा है कि इससे जिले के परिषदीय विद्यालयों की शैक्षणिक माहौल में बदलाव आएगा। अधिकारियों का कहना है कि विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब से बच्चों को आधुनिकता के साथ ही तकनीक से जोड़ा जा सकेगा। इससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।

### तकनीकी से जुड़ेंगे बच्चे, हासिल कर सकेंगे दक्षता

"158 नए विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास स्थापित की जाएगी। सभी खंड शिक्षाधिकारियों से कक्षा-कक्ष और बिजली कनेक्शन समेत अन्य जरूरी रिपोर्ट तलब की गई है। तकनीक से बच्चे जुड़ेंगे और दक्षता हासिल कर सकेंगे। – प्रेमचंद यादव, बीएसए

### इन ब्लॉकों के 158 विद्यालयों का चयन

| ब्लॉक | स्वीकृत |
|---|---|
| बभनजोत | 07 |
| बेलसर | 04 |
| छपिया | 04 |
| करनैलगंज | 12 |
| हलधरमऊ | 06 |
| इटियाथोक | 16 |
| झंझरी | 09 |
| कटराबाजार | 14 |
| मनकापुर | 15 |
| मुजेहना | 05 |
| नवाबगंज | 09 |
| पंड़रीकृपाल | 08 |
| परसपुर | 08 |
| रुपईडीह | 21 |
| तरबगंज | 10 |
| वजीरगंज | 08 |
| नगर क्षेत्र | 02 |

(स्रोत विभाग)

# पांच के खिलाफ मारपीट का केस

इटियाथोक। क्षेत्र के परसिया बहोरीपुर गांव निवासी राजू ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह हरदैंया गांव में लल्ला गोस्वामी के यहां लकड़ी का बकाया पैसा मांगने गए थे। जहां लल्ला गोस्वामी, उसके पुत्र प्रदीप व कुलदीप ने पिटाई कर दी। उधर, सिसई बहलोलपुर के बच्चा राम गौतम ने अपने गांव के ही शिवकुमार गौतम व रीना देवी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। (संवाद)

# लुटेरों की तलाश में तीन ठिकानों पर दबिश

## परसपुर में चरसड़ी के पास सराफ पिता-पुत्र से 1.80 लाख के सोने की लूट का मामला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

परसपुर (गोंडा)। सराफ पिता-पुत्र से शुक्रवार रात चरसड़ी के पास हुई 1.8 लाख की लूट की वारदात के खुलासे के लिए थाने की पुलिस के साथ ही एसओजी को भी जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस ने लुटेरों की तलाश में परसपुर इलाके के तीन ठिकानों पर दबिश दी मगर सफलता नहीं मिली।

अमर उजाला फॉलोअप

कस्वा परसपुर के राजपुर वार्ड नंबर तीन निवासी राजन कुमार सोनी अपने पिता मदनलाल सोनी के साथ चरसड़ी स्थित सराफा की दुकान से शुक्रवार रात बाइक से घर लौट रहे थे। तभी बिना नंबर की सफेद अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोका और तमंचे के बल पर 1.8 लाख रुपये का सोना लूटकर भाग गए थे।

पुलिस ने चरसड़ी के आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो सफेद अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों की फुटेज मिल गई थी। इसके आधार पर पुलिस ने पड़ताल की तो नरायनपुर जयसिंह के रहने वाले जसवेंद्र प्रताप सिंह के घर भी बिना नंबर की सफेद अपाचे बाइक से तीन लोगों के आने की जानकारी मिली। पुलिस ने जसवेंद्र से भी पूछताछ की थी। इससे यह तो साफ हो गया कि बाइक सवार बदमाश कौन थे और कहां से आए थे।

हालांकि, जसवेंद्र की मां प्रेमा सिंह ने पुलिस पर बेटे व बेटियों की पिटाई का आरोप भी लगाया था। पुलिस टीम ने देर रात बदमाशों के तीन संभावित ठिकानों पर दबिश दी मगर सफलता नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि बहुत जल्द लुटेरे गिरफ्त में होंगे।

# भट्ठा मालिक पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड

**जिला उपभोक्ता आयोग ने सात प्रतिशत ब्याज के साथ जमा धन लौटाने का दिया आदेश**

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

गोंडा। तीन साल बाद भी पैसा वापस न करने पर उपभोक्ता आयोग ने भट्ठा मालिक पर 15 हजार रुपये जुर्माना लगाते हुए सात प्रतिशत ब्याज के साथ 12 हजार ईंट का मूल्य लौटाने का आदेश दिया है।

सदर तहसील के ग्राम सोनी हरलाल निवासी वच्छराज ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद दायर कर कहा कि उन्होंने 14 जनवरी 2021 को बलरामपुर के ग्राम बंजरिया हुसैन स्थित अमित ब्रिक फील्ड के मालिक सुरेश कुमार को 4,800 रुपये प्रति हजार की दर से 12 हजार अव्वल ईंट की आपूर्ति के लिए 57 हजार 600 रुपये दिए थे। सुरेश ने न तो ईंटों की आपूर्ति की और न ही रकम लौटाई। आयोग के नोटिस पर भट्ठा मालिक न तो हाजिर हुए और न ही जवाब दाखिल किया। इस पर फोरम ने एकपक्षीय सुनवाई का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान परिवादी के अधिवक्ता उदयभान मिश्र की बहस व साक्ष्य के आधार पर आयोग के अध्यक्ष रामानंद, सदस्य सुभाष सिंह व मंजू रावत ने फैसला सुनाया। इसमें भट्ठा मालिक को एक माह के अंदर परिवादी को ईंट के 57 हजार छह सौ रुपये सात प्रतिशत ब्याज समेत भुगतान करने का आदेश दिया। आयोग के आदेशानुसार आर्थिक, सामाजिक व मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार व वाद खर्च के लिए पांच हजार रुपये भी भट्ठा मालिक को परिवादी को अदा करने होंगे।

# संदिग्ध हालात में फंदे से लटकी मिलीं दो छात्राएं

## धानेपुर के पूरे महा लोनियन पुरवा की ईशा ने इसी साल पास किया था इंटर

संवाद न्यूज एजेंसी

**मुजेहना/मोतीगंज (गोंडा)।** धानेपुर व मोतीगंज में रविवार सुबह दो छात्राओं के शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटके मिले हैं। परिवार वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

धानेपुर थाना क्षेत्र के पूरे महा लोनियन पुरवा निवासी दुखहरण चौहान की बेटी ईशा चौहान (18) ने इसी साल ममता इंटर कॉलेज सिंघवापुर से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। रविवार सुबह ईशा का शव संदिग्ध हालात में घर में ही खाली पड़े अपने चाचा के कमरे में फंदे से लटका मिला। ईशा की मां साबरमती ने बताया कि शनिवार सुबह से बेटी लापता थी। वह उसकी तलाश कर रही थीं। रविवार सुबह उनके देवर के कमरे से दुर्गंध आने पर वह भीतर गईं तो देखा कि ईशा का शव फंदे से लटका है। साबरमती के मुताबिक उनके पति दुखहरण एक सप्ताह पहले मजदूरी करने के लिए बंगलूरू गए थे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण मुरारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश शुक्ल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।



मोतीगंज के वीरेपुर गांव में छात्रा की मौत के बाद जांच करती पुलिस। - संवाद

### मोतीगंज के बीरेपुर गांव में मृत मिली हाईस्कूल की छात्रा रेनू, माता-पिता गए थे मथुरा

दूसरी घटना में मोतीगंज थाना क्षेत्र के बीरेपुर गांव निवासी चंद्रप्रकाश जायसवाल की बेटी रेनू (16) का शव रविवार सुबह संदिग्ध हालात में उसके घर के कमरे में छत के हुक में साड़ी से बंधे फंदे से लटका मिला। थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बताया कि रेनू के माता-पिता मथुरा गए हैं। घर में उसकी तीन बहनें छवि (10), छाया (8), शालिनी (3) ही हैं। बताया कि रेनू क्षेत्र के सूर्य आदर्श ज्ञान पब्लिक स्कूल घोलवा बाबाकुट्टी में 10वीं कक्षा की छात्रा थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में छानबीन की जा रही है।

# खाली पदों पर भर्ती के लिए आज से शुरू होगी प्रक्रिया

**संवाद न्यूज एजेंसी**

गोंडा। जिले में पंचायत सहायक और एकाउंटेंट-कम-डाटा इंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर पंचायतीराज विभाग ने खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेज की है। माना जा रहा है कि जल्द ही जिले में पंचायत सहायक की रिक्तियों के लिए विज्ञापन जारी होगा।

डीपीआरओ लालजी दूबे ने बताया कि जिले के सभी 16 ब्लॉकों से रिक्तियों की सूची तलब की गई है। सोमवार तक जिले में रिक्तियों का आंकड़ा सामने आ सकेगा। सभी एडीओ पंचायत को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मंडल मुख्यालय से रिक्तियों की विज्ञप्ति निकाली जाएगी। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंचायत सहायकों का चयन होगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बैठक के दौरान पंचायत सहायक और एकाउंटेंट-कम-डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद भरने का आदेश दिया था। ऐसे में विभाग की ओर से सभी पंचायतों में खाली पदों की जानकारी जुटाई जा रही है। डीपीआरओ को कहना है कि जिले में 100 से अधिक पद रिक्त हैं। ये पद इस्तीफा देने व नियुक्ति न होने के चलते लंबे समय से खाली पड़े हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद जिला स्तर पर कवायद तेज

## एडीओ (पंचायत) से तलब की गई खाली पदों पर रिक्तियों की सूची

### युवाओं में उत्साह

गोंडा। शहर की आवास विकास विकास कॉलोनी निवासी तुषार, सचिन व गौरव का कहना है कि लंबे समय से तैयारी कर रहे हैं। अब खाली पदों को भरने के प्रदेश सरकार के एलान से राहत मिली है। वहीं, नवाबगंज निवासी बृजेश व सचिन सिंह का कहना है कि सभी विभागों के खाली पद भरने के लिए सरकार को तत्काल भर्ती शुरू करनी चाहिए ताकि युवाओं को नौकरी मिलना सुनिश्चित हो। (संवाद)

जिसके चलते पंचायतों का काम सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद जल्द ही सभी पंचायतों में सहायकों की नियुक्ति हो जाएगी। जिसके बाद पंचायतों का कामकाज सुचारू रूप से हो सकेगा।

निदेशक (पंचायतीराज) अटल कुमार राय ने मंडल स्तर से रिक्तियों का विज्ञापन जारी करने के लिए निर्देश दिए हैं। सोमवार को जिले में रिक्तियों का विज्ञापन जारी होगी।

# मंडे नाले का सीमांकन जल्द हटेगा अतिक्रमण

गोंडा। लापरवाही में शहर का मंडे नाला सिकुड़ता चला गया। डीएम के आदेश पर रविवार को सिंचाई, राजस्व और नगर पालिका की संयुक्त टीम सक्रिय हुई तो गायत्रीपुरम, मौहरिया और परेड सरकार समेत जगह-जगह नाले पर अतिक्रमण मिला। राजस्व विभाग के सदस्यों ने बताया कि भू अभिलेख के अनुसार मंडे नाला 20 मीटर चौड़ा है।

रविवार को लखनऊ रोड से रघुकुल विद्यापीठ होते हुए गायत्रीपुरम समेत परेड सरकार तक नाले की पैमाइश कराई गई। इस दौरान कई जगह पांच, आठ और 14 मीटर ही नाले की चौड़ाई ही मिली।

नायब तहसीलदार अनुराग पांडेय ने बताया कि गायत्रीपुरम, मौहरिया और परेड सरकार में नाले पर अतिक्रमण मिला है। जल्द ही सिंचाई विभाग संबंधित को नोटिस जारी करेगा। तय समय पर खुद अतिक्रमण न हटाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि डीएम नेहा शर्मा ने मानसून आने से पहले ही सिंचाई विभाग को नाले की सफाई के लिए आदेश जारी किया है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# शांतिपूर्वक त्योहार मनाने के निर्देश

## बैठक

बलरामपुर, संवाददाता। थाना कोतवाली नगर में धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में धर्मगुरुओं के विचार सुनने के बाद शांतिपूर्वक त्योहार मनाने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर ने कहा कि बकरीद का त्यौहार नजदीक है। धर्मगुरु त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। सोशल मीडिया का उपयोग केवल अच्छे मैसेज करने के लिए करें। भड़काऊ, उन्माद फैलाने वाले व दंगा भड़काने वाले मैसेज सोशल मीडिया पर बिल्कुल न करें। अगर कोई उन्मादी मैसेज भेजता है तो उसे शेयर न करें। बल्कि तत्काल अधिकारियों के साथ प्रशासन को सूचित करें। क्षेत्राधिकारी सदर बृजनंद राय ने कहा कि पुलिस बराबर सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखती है। अगर किसी ने भड़काऊ उन्मादी दंगा फैलाने वाले मैसेज फॉरवर्ड किया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा जाएगा। अगर किसी व्यक्ति को कोई समस्या होती है तो जिले के आला अधिकारियों को सूचित करें। तुरंत कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति की समस्या का समाधान कराया जाएगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली ने पुलिस प्रशासन के समक्ष कई मुद्दे रखे। जिसका उप जिलाधिकारी ने निस्तारण कराया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक नगर शैलेश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीप सिंह, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, नगर महामंत्री नंदलाल तिवारी, तारिक पठान, शफीक अहमद, प्रधान प्रवीण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



थाना कोतवाली नगर में पीस कमेटी की बैठक करते एसडीम, सीओ व अन्य

# जाति पर टिप्पणी करने पर विधायक के भाई पर केस

- दंगा भड़काने के प्रयास का भी आरोप लगा
- गैसड़ी के नवनिर्वाचित सपा विधायक का भाई है आदर्श

पचपेड़वा। गैसड़ी के नव निर्वाचित सपा विधायक राकेश यादव के छोटे भाई आदर्श यादव पर सोशल मीडिया पर एक जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगा है। आरोप यह भी है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक जाति विशेष के लोगों को उन्होंने गालियां दी हैं। समाज को बांटने व दंगा भड़काने के प्रयास का भी आरोप लगा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया है कि आदर्श यादव के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

मोतीनगर निवासी नन्द कुमार पाण्डेय गैसड़ी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलेश सिंह शैलू के चीफ इलेक्शन एजेंट थे। उनका आरोप है कि मोहल्ला पहलवारा थाना नगर निवासी आदर्श यादव ने अपने पिता पूर्व मंत्री स्व. एसपी यादव के नाम संचालित वाट्सअप ग्रुप से जुड़े हैं। ग्रुप एडमिन श्वेता मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक धर्मराज यादव हैं। शनिवार रात नव निर्वाचित विधायक राकेश यादव के छोटे भाई आदर्श यादव ने एक विशेष जाति पर अभद्र टिप्पणी की। वाट्सअप पर जाति विशेष को गालियां भी दी। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सभी थानों के पुलिस कर्मियों को नए कानून का प्रशिक्षण देते अधिकारी।

# नए कानून का प्रशिक्षण दिया गया

बलरामपुर। संयुक्त निदेशक अभियोजन की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया। संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह यादव व एपीओ जितेन्द्र कुमार भारती की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में सभी थानों के पुलिस कर्मियों को नए कानून की जानकारी दी गई।

# परामर्श केन्द्र पर तीन मामलों का हुआ निस्तारण

बलरामपुर। महिला थाना पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में तीन मामले का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया गया। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि थाना कोतवाली नगर में एक, गैसड़ी एक व देहात के एक मामले में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। परामर्श दाता देवता दीन दुबे, वंदना मिश्रा, तनवीर जहां, महिला कांस्टेबल हेमा, ज्योति व गुलब्शा बानो ने समझा बुझाकर तीनों विवादों का निस्तारण करा दिया।

# चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, जेल भेजा

उतरौला। स्थानीय पुलिस ने चोरी मोटर साइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गुरुवार को पुलिस बूथ के पास एक हास्पिटल के सामने से चोर ने मोटरसाइकिल चुरा लिया था। उतरौला पुलिस ने बजरंग पुत्र राम मिलन निवासी रामपुर ग्रिन्ट ने तहरीर देकर मोटर साइकिल की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि मधपुर के पास चेकिंग के अभियान दौरान अमित तिवारी पुत्र राम निहाल तिवारी निवासी राजाजोत बासूपुर को चोरी मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सीसी फुटेज की मदद से 24 घंटे में बाइक चोर गिरफ्तार

उतरौला (बलरामपुर) : सीसी फुटेज की सहायता से पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बाइक चोर को गिरफ्तार कर लिया। चोर की पहचान गैंड़ासबुजुर्ग के राजाजोतिया गांव निवासी अमित कुमार तिवारी के रूप में हुई है। उसके पास चोरी की बाइक बरामद हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि रामपुर ग्रिंट सादुल्लाहनगर निवासी बजरंग शुक्रवार की देर शाम साजिदा हास्पिटल के पास बाइक खड़ी करके अस्पताल में रिश्तेदार को देखने गए। उसी दौरान अमित कुमार तिवारी नकली चाबी से बाइक स्टार्ट कर वहां से भाग निकला। चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई थी। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

बलरामपुर: देहात कोतवाली की पुलिस ने चोरी के बर्तन बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि गैंजहवा गांव के सोनू को चोरी के बर्तनों के साथ गिरफ्तार किया है। (जासं)

## अलग-अलग जगह से छह वारंटियों को दबोचा

बलरामपुर: पचपेड़वा थाना की पुलिस ने पांच वारंटियों की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि वारंटी हनुमान यादव, बब्लू उर्फ बब्बू निवासीगण कुशमहर, अहमद, जब्बार निवासीगण नई बाजार स्टेशन रोड व जूड़ीकुइंया बरगदवा सैफ निवासी रामू को गिरफ्तार किया गया है। उधर, सादुल्लाहनगर थानाध्यक्ष बृजानंद सिंह ने बताया कि वारंटी रामरुचिपुरवा मुबारकपुर गांव निवासी गया प्रसाद की गिरफ्तारी की गई है। (जासं)

# सपा विधायक के भाई पर केस

**बलरामपुर।** विधानसभा सीट गैसड़ी के उप चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज को अपशब्द कहे जाने पर विधायक राकेश कुमार यादव के छोटे भाई आदर्श यादव के खिलाफ पचपेड़वा थाना में रविवार को मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना थाना में तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर संतोष तिवारी को सौंपी गई है। थाना क्षेत्र पचपेड़वा के मोतीनगर निवासी नंद कुमार पांडेय ने रविवार को थाने में तहरीर दी। तहरीर के जरिये कहा है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पहलवारा निवासी आदर्श यादव के नाम से सोशल मीडिया का एक ग्रुप है जिसके ग्रुप एडमिन धर्मराज यादव हैं। इसी ग्रुप से आदर्श यादव भी जुड़े हैं। बीती रात ग्रुप में उन्होंने जातिगत आधार गलत टिप्पणी की व लोगों को भड़काने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा अवधेश राज सिंह ने बताया कि विधायक के भाई आदर्श के खिलाफ दो संप्रदायों के बीच वैमनस्यता फैलाना व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# सपा विधायक के भाई पर मुकदमा दर्ज

संसू, जागरण • पचपेड़वा (वलरामपुर): गैंसड़ी के नवनिर्वाचित सपा विधायक राकेश यादव के छोटे भाई आदर्श यादव पर इंटरनेट मीडिया पर एक जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी व गाली देने का आरोप लगा है। समाज को बांटने व दंगा भड़काने के प्रयास का भी आरोप है। मोतीपुर गांव के नंदकुमार पांडेय की तहरीर पर सपा विधायक के भाई पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

नंदकुमार पांडेय गैंसड़ी विस उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलेश सिंह शैलू के चीफ इलेक्शन एजेंट थे। उनका आरोप है कि नगर कोतवाली के पहलवारा मुहल्ला के आदर्श यादव अपने पिता पूर्व मंत्री स्व. डा. एसपी यादव के नाम से संचालित वाट्सएप ग्रुप से जुड़े हैं। ग्रुप एडमिन श्वेता मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक धर्मराज यादव हैं। शनिवार रात आदर्श यादव ने एक विशेष जाति पर अभद्र टिप्पणी करते हुए गाली दी है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है

**शांतिभंग में नौ आरोपित गिरफ्तार**

वलरामपुरः देहात पुलिस ने शांतिभंग में नौ लोगों को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि आरोपित बगाही, ककरहवा बालपुर, शेरूपुर बेनीजोत के रहने वाले हैं। ( जासं )

## एक नजर में

### परिवार परामर्श केंद्र में तीन मामलों का निस्तारण

बलरामपुर : पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में तीन मामले आपसी सुलह-समझौते से निपटाए गए। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि नगर कोतवाली की सलमा खान बनाम गौस मोहम्मद, देहात की करमजदा बनाम अब्दुल सज्जाद व गैंसड़ी की सुनीता पाल बनाम दयानंद पाल के मामले निस्तारित किए गए हैं। परामर्शदाता देवतादीन दुबे, वंदना मिश्रा, तनवीर जहां, कांस्टेबल हेमा, ज्योति व गुलअफ्शा मौजूद रहे। (जासं)

### कार्यशाला में विवेचकों को मिला प्रशिक्षण

बलरामपुर : संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह यादव व जितेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विवेचकों को एक जुलाई 2024 से लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में जानकारी दी गई। वाचक प्रेम प्रकाश पांडेय आदि उपस्थित रहे। (जासं)

# चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**उतरौला (बलरामपुर)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपी को दबोच लिया। बृहस्पतिवार को उतरौला नगर के पुलिस बूथ के पास स्थित एक निजी अस्पताल के सामने से बाइक चोरी हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि रामपुर ग्रिंट निवासी बजरंग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मुधपुर के पास चेकिंग के दौरान राजाजोत बासूपुर निवासी अमित तिवारी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# एसडीएम से की अतिक्रमण की शिकायत

**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर क्षेत्र में अतिक्रमण से जाम की समस्या बनी रहती है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा से नगर को जाने वाले मुख्य मार्ग र अतिक्रमण के चलते संकरा हो गया है। सब्जी व फलों के ठेले लगे होने से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास पचपेड़वा जाने वाले वाहनों को जाम से जूझना पड़ता है। बृजेश वर्मा, राजमणि तिवारी, सुमित कुमार व शाहिद खान ने बताया कि इस समस्या का निराकरण कराने के लिए एसडीएम से शिकायत की गई है। एसडीएम अवधेश कुमार ने अतिक्रमण हटवाने के लिए अभियान शुरू करने का आश्वासन दिया है। (संवाद)

# 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**गैंड़ास बुजुर्ग (बलरामपुर)।** थाना सादुल्लाहनगर की पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद करके एक को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम रामरूचिपुरवा निवासी संतराम की पत्नी को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। (संवाद)

# तीन दंपती साथ रहने को राजी

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक की गई। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि कांस्टेबल हेमा, ज्योति व गुलअप्सा ने बैठक में तीन पत्रावलियां प्रस्तुत कीं। परामर्शदाता देवतादीन दुबे, वंदना मिश्रा व तनवीर जहां ने तीन दंपतियों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी कर लिया। बैठक के दौरान केंद्र से पति-पत्नी एक साथ घर चले गए। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

हिन्दुस्

# कस्टम चोरी का तीन लाख का सामान बरामद

रुपईडीहा। भारतीय क्षेत्र से नेपाली कस्टम चोरी का सामान एक नेपाली वाहन से पुलिस ने बरामद किया है।

बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि भारतीय क्षेत्र से नेपाली कस्टम की चोरी कर नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 12 बीपी चौक पर एक नेपाली वाहन से तीन लाख का सामान बरामद किया है। पड़ोसी देश नेपाल के बांके जिले की पुलिस लगातार तस्करों की कमर तोड़ रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नेपाली कस्टम की चोरी का सामान नेपालगंज के विभिन्न स्थानों पर डंप किया गया था।

यह वाहन सामान लादकर नेपाली जिला दांग की ओर जा रहा था। शक होने पर बांके पुलिस ने इसको चेक किया, तो इसमें 2 एसी, 48 पीस कुर्ते सलवार व 30 रोल शर्ट के कपड़े बरामद किए। उन्होंने बताया कि वाहन सहित इन सामानों को मिलाकर 20 लाख 48 हजार का सीजर बनाया गया है।

# जंगल में मिला शव मोतीपुर के अनिल का था

- इंटरनेट मीडिया के सहारे मृतकों के परिवारजन को मिली सूचना

जागरण टीम • बहराइचः जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मिले दो अज्ञात शवों की रविवार को पहचान हो गई है। इंटरनेट मीडिया पर फोटो प्रसारित होने के बाद एक की पहचान गोंडा जिला निवासी के रूप में की गई। परिवारजन शवों को घर ले गए।

दरगाह थाना क्षेत्र में शनिवार की रात अज्ञात बुजुर्ग का शव रेलवे स्टेशन पर पड़ा मिला था। पुलिस ने शव की शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया और पहचान के लिए मृतक का फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया। फोटो को देखकर रविवार को मृतक के परिवारजन बहराइच पहुंचे। मृतक की पहचान गोंडा जिले के कोतवाली नगर के महारानीगंज निवासी मोहम्मद कादिर के रूप में हुई। स्वजन ने बताया कि वह दरगाह मेला देखने आए थे। दूसरी ओर मोतीपुर रेंज के जंगल में भी 25 वर्षीय युवक का शव जामुन के पेड़ पर फंदे से लटका मिला था।

थानाध्यक्ष हृदन सिंह ने बताया कि मृत युवक की फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद उसकी पहचान ग्राम सभा मोतीपुर निवासी अनिल यादव के रूप में की गई।

# जमीन विवाद में मारपीट, दो घायल

**फखरपुर।** थाना क्षेत्र के टेंडवा अल्पी मिश्र निवासी अधिवक्ता अंकुर गौड़ ने आरोप लगाया कि उनका गांव निवासी चन्द्र प्रकाश से जमीनी विवाद है। रविवार को वह जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। सूचना मिलने पर भाई के साथ विरोध करने पहुंचे तो विपक्षी मारपीट करने लगे। हमले में वह और अतुल कुमार घायल हो गए। थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय ने बताया कि घायल की तरफ से मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-06-2024

# पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण कर देखी सुरक्षा

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। रविवार को भी एसपी के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों ने टीम के साथ पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस ने क्षेत्र की सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही व्यापारियों व लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास दिलाया।

# वांछित गैंगस्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। सिरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर थाना सिरसिया में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी मोहम्मद सहीम पुत्र अब्दुल अमीन निवासी जानकीनगर कोतवाली भिनगा को सिरिनिया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

# अवैध कटान की लकड़ी बरामद हुई

श्रावस्ती, संवाददाता। एसएसबी व वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध कटान की लकड़ी पकड़ी। टीम ने मौके से एक बोटा समेत 20 नग चिरान बरामद कर जब्त कर लिया।

सीमा चौकी सोनपथरी के निरीक्षक ओमकार के नेतृत्व में एसएसबी व वन विभाग की संयुक्त टीम शनिवार शाम को गश्त की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सीमा स्तम्भ संख्या 619 के सापेक्ष पूर्वी सोहेलवा जंगल से सटे लालपुर गांव में अवैध कटान की लकड़ी की चिरान हो रही है। सूचना से कमांडेन्ट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी को अवगत कराया गया।

कमांडेन्ट ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद निरीक्षक ने टीम के साथ लालपुर गांव पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जंगल से काट कर लाए गए अवैध रूप से चिरान किए जा रहे शकसाल लकड़ी के नौ नग चिरान, शीशम के 10 नग व एक बोटा शीशम के साथ आरा बरामद कर जब्त कर लिया। साथ ही टीम ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान मनोज के रूप में हुई। कागजी कार्रवाई पूरी कर जब्त की गई लकड़ियों समेत पकड़े गए आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए एसएसबी ने पूर्वी सोहेलवा रेंज के सुपुर्द कर गया।



पकड़ी गई लकड़ी के साथ मौजूद टीम।

# दूसरे दिन भी धरने पर डटे रहे भाकियू के कार्यकर्ता

जमुनहा, संवाददाता। अवैध मिट्टी खनन में पकड़े गए वाहनों को सीज करने पर भाकियू ने धरना प्रदर्शन शुरू किया है। रविवार को दूसरे दिन भी भाकियू के लोग जमुनहा तहसील में धरने पर डटे रहे। वाहनों को छोड़े जाने तक धरना जारी रखने की बात कही।

सोनवा थाना क्षेत्र के चौगोई गांव के पास शुक्रवार की देर शाम को कुछ लोग अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे थे। किसी ने बिना परमिट मिट्टी खनन की सूचना जमुनहा एसडीएम को दे दी।

सूचना मिलते ही एसडीएम संजय कुमार राय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और खनन करते एक लोडर मशीन के साथ ही चार ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया। इसके बाद लोडर मशीन समेत सभी वाहनों को सोनवा थाने लाकर सीज कर दिया। जिसे लेकर भारतीय किसान यूनियन के लोग जमुनहा तहसील पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। दूसरे दिन रविवार को भी सभी धरने पर डटे रहे।

प्रशासन का कहना है कि अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। वहीं धरने पर बैठे लोग इसका विरोध कर रहे हैं और अनिश्चित काल के लिए धरना देने बैठ गए हैं।

# कार्यशाला में बताई नए कानूनों की बारीकियां

- पुलिस लाइन में हुई कार्यशाला
- नवीन कानून एक जुलाई से लागू होगा

श्रावस्ती। पुलिस लाइन सभागार में नवीन कानून संहिता के संबंध में रविवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों समेत विवेचकों को नवीन कानून संहिता की जानकारी दी गई।

भारत सरकार की ओर से तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम पारित किया गया है। नवीन कानून एक जुलाई से लागू किया जाना है। जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की ओर से यह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें अभियोजन अधिकारी पीओ किसलय मिश्रा व अतुल द्विवेदी ने सभी थाना प्रभारियों व थानों में नियुक्त हेड मोहर्रिर, कांस्टेबल मोहर्रिर व अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में नियुक्त कुल 250 पुलिस कर्मचारियों को नवीन कानून की बारीकियों को समझाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान एसपी की ओर से नए अधिनियमों के केंद्र में दण्ड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता, तकनीकि का समावेश तथा नए प्रावधानों को रेखांकित किया गया। इस मौके पर सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार आदि रहे।

# चिरान की लकड़ी, आरा व एक बोटा बरामद

संसू, जागरण • सिरसिया (श्रावस्ती) : एसएसबी व वन विभाग की टीम शनिवार की देर शाम पूर्वी सोहेलवा जंगल में सीमा पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना पर लालपुर गांव में टीम ने दबिश दी। यहां 19 नग चिरान की लकड़ी, एक बोटा व आरा बरामद हुआ। मौके से एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया गया है।

एसएसबी 62वीं वाहिनी भिनगा के कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में ई समवाय सोनपथरी के निरीक्षक ओमकार के नेतृत्व में एसएसबी व वन विभाग की संयुक्त



लालपुर गांव में बरामद लकड़ी के साथ एसएसबी व वन टीम • जागरण

टीम सीमा स्तंभ संख्या- 619 पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना पर पूर्वी सोहेलवा जंगल से सटे लालपुर गांव में टीम ने दबिश दी। यहां जंगल से काटकर लाए गए शक साल की नौ नग चिरान लकड़ी, शीशम का 10 नग, शीशम का एक बोटा व आरा बरामद हुआ। मौके से लालपुर निवासी मनोज सिंह को गिरफ्तार किया।

बरामद लकड़ियों को टीम ने जब्त कर तकिया वन चौकी के सिपुर्द कर दिया है। दबिश के दौरान उप निरीक्षक बलवंत सिंह, मुख्य आरक्षी आसिफ अली, आरक्षी शिव कुमार व रेंजर अनिमेष वर्मा, आरक्षी वन रक्षक अखिलेश कुमार शर्मा शामिल रहे।

# आरोपित गिरफ्तार

श्रावस्ती : सिरसिया पुलिस ने गश्त के दौरान फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट आरोपित भिनगा क्षेत्र के जानकीनगर निवासी मुहम्मद सहीम को सिरिनिया मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा है। (वि.)

# अवैध रूप से काटी शीशम व साखू की लकड़ी बरामद, एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** संरक्षित वन क्षेत्र सोहेलवा में वन माफिया सक्रिय हैं और प्रतिबंधित शाल, शीशम, सागौन व खैर लकड़ी जमकर काटी जा रही है। एसएसबी के जवानों ने रविवार को लालपुर गांव से शीशम व साखू की लकड़ी बरामद की जिसे पूर्वी सोहेलवा वन कार्यालय के सुपुर्द कर दिया गया।

एसएसबी 62 वीं वाहिनी सीमा चौकी सोनपथरी में तैनात निरीक्षक ओमकार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पूर्वी सोहेलवा जंगल से शीशम व साखू (शाल) की लकड़ी काट कर लाई गई है। सूचना पर एसएसबी निरीक्षक ने जवानों व वन विभाग की टीम के साथ संबंधित ठिकाने पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने देखा कि मौके पर लकड़ी चीरी जा रही है। टीम ने नौ नग चिरान का साखू, दस नग चिरान का शीशम व शीशम का एक बोटा बरामद किया। टीम को देख लकड़ी की चिरान कर रहे लोग मौके से फरार हो गए। जवानों ने घेराबंदी कर एक युवक को दबोच लिया। उसकी पहचान सिरसिया थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी मनोज सिंह के रूप में हुई। लकड़ी को जब्त करने के साथ ही विधिक कार्रवाई के लिए लकड़ी सहित आरोपी को वन कार्यालय पूर्वी सोहेलवा के सुपुर्द कर दिया गया है। (संवाद)

# महिलाओं के अधिकार और साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए

**श्रावस्ती।** एंटी रोमियो टीम व शक्ति मोबाइल की ओर से चौपाल का आयोजन कर महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को आरक्षियों ने मल्हीपुर के पटना, मल्हीपुर व मल्हीपुर चौराहा में चौपाल लगाई। पटना गांव में आयोजित चौपाल के दौरान महिला आरक्षी सुषमा सिंह ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। साथ ही लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम व पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के बारे मे जागरूक किया। वहीं महिला आरक्षी अर्जिता यादव ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में बताया। साथ ही छह से आठ वर्ष के बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में बताया। इस दौरान उन्हें पिंक कार्ड भी वितरित किया गया। इस दौरान महिला बीट पुलिस अधिकारियों, शक्ति मोबाइल टीम ने भी घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़ने व अधिकारों के बारे में बताया। (संवाद)

# कार्यशाला में बताए नए अधिनियम

**श्रावस्ती।** भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नए अधिनियमों की जानकारी के लिए रविवार पुलिस लाइन सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। एसपी घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में अभियोजन अधिकारी किसलय मिश्रा व अतुल द्विवेदी ने पुलिस अधिकारियों को नए अधिनियमों के बारे में बताया। इस दौरान सीओ नगर अतुल कुमार चौबे, आरआई अखिलेश कुमार, एसपी रीडर अजय कुमार सहित सभी थाना प्रभारी, प्रधान आरक्षी, कोर्ट मोहरिर तथा एएसपी व सीओ कार्यालयों में तैनात 250 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में 18 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शनिवार रात अलग अलग स्थानों से 18 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के सुपुर्द कर दिया है। (संवाद)

# 19 वाहनों का किया गया चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 32500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)